# 16 दिनों बाद मिली कामयाबी

## 41 मजदूरों को सही सलामत सुरंग से बाहर निकाला गया

दैनिक
यशोभूमि
अपनी भाषा अपनी भूमि
वर्ष 28 . अंक 302 . मुंबई, बुधवार, 29 नवंबर 2023
मुंबई, ठाणे, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित
पृष्ठ 12 . मूल्य 5.00 रुपये








**उत्तरकाशी (एजेंसी), उत्तरकाशी स्थित सिलक्यारा के सुरंग में फंसे मजदूर आखिरकार 17वें दिन बाहर आ ही गए। मंगलवार की दोपहर, उनके लिए जिन्दगी की नई रोशनी ले कर आई। सुरंग से बाहर आते ही मजदूरों को फौरन एंबुलेंस की जरिए अस्पताल ले जाया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता के बाद मजदूरों के परिजनों, रेस्क्यू टीम और प्रशासन ने राहत की सांस ली।**

झारखंड निवासी विजय होरो को सबसे पहले निकाला गया। दूसरे मजदूर गणपति होरो को भी सुरंग से बाहर निकाला गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

इसके साथ ही मनजीत, अनिल, धीरेंद्र नायक, उनाधर नायक, तपन मंडल, राम प्रसाद, चंपा उराव, जय प्रकाश, सुखराम को भी बाहर निकाला गया । टनल से निकाले गए मजदूरों में रंजीत लोहार, महादेव नायक, जयदेव वैरा, सोखिम मन्ना, संजय, राजेंद्र भी शामिल हैं। रामसुंदर, सुबोध कुमार वर्मा, विश्वजीत वर्मा को भी बाहर निकाला गया है। टनल से समीर नायक, रविद्र नायक, राम मिलन को भी बाहर निकाल लिया गया। टनल से निकाले जाने वाले मजदूरों में संतोष कुमार, अंकित कुमार, सतदेव, सोनू शाह, दीपक कुमार, मानिक, अखिलेश , गब्बर सिंह नेगी, अहमद, सुशील शर्मा, विरेंद्र, भगतू, रिंकू को भी बाहर निकाल लिया गया है। इन मजदूरों को मलबा भेदकर ड्रिलिंग मशीन के जरिए सुरंग बनाकर निकाला गया, जिसमें 800 एमएम के पाइप डाले गए। इन पाइपों के जरिए एक-एक कर मजदूरों को बाहर निकाला गया और वो रेंगते हुए बाहर निकाले गए। जो मजदूर कमजोर हैं या किसी वजह से रेंगते हुए बाहर नहीं आ सके उनके लिए एक स्ट्रेचर बनाया गया था, जिसमें पहिए लगे हुए हैं। इन मजदूरों को ⏭ शेष पृष्ठ 7 पर...

## श्रमिकों के बचाव में 'रैट होल' खनिकों की प्रतिभा और अनुभव का किया गया इस्तेमाल

'रैट होल माइनिंग' तकनीक अवैध हो सकती है, लेकिन सिलक्यारा सुरंग का एक हिस्सा ढह जाने से उसमें फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के लिए जारी बचाव अभियान में 'रैट-होल' खनिकों की प्रतिभा और अनुभव का इस्तेमाल किया गया। यह बात राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एक सदस्य ने मंगलवार को कही। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने कहा कि 'रैट-होल' खनिकों ने 24 घंटे से भी कम समय में 10 मीटर की खुदाई करके अभूतपूर्व काम किया है। उन्होंने यहां एक प्रेसवार्ता में कहा कि रैट-होल खनन अवैध हो सकता है, लेकिन 'रैट होल' खनिकों की प्रतिभा, अनुभव और क्षमता का उपयोग किया गया है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने 2014 में मेघालय में 'रैट-होल' खनन तकनीक का उपयोग करके कोयला खनन पर प्रतिबंध लगा दिया था। 'रैट-होल' खनन में श्रमिकों के प्रवेश तथा कोयला निकालने के लिए आमतौर पर 3-4 फुट ऊंची संकीर्ण सुरंगों की खुदाई की जाती है। क्षैतिज सुरंगों को अक्सर चूहे का बिल कहा जाता है, क्योंकि प्रत्येक सुरंग लगभग एक व्यक्ति के लिए उपयुक्त होती है। उत्तरकाशी में सिलक्यारा सुरंग में, मुख्य संरचना के ढह गए हिस्से में क्षैतिज रूप से 'रैट-होल' खनन तकनीक का इस्तेमाल करने के लिए ट्रेंचलेस इंजीनियरिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और नवयुग इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कम से कम 12 विशेषज्ञों को बुलाया गया। वे दिल्ली, झांसी और देश के अन्य हिस्सों से आए हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के सदस्य विशाल चौहान ने बताया कि एनजीटी ⏭ शेष पृष्ठ 7 पर...



## श्रमिकों को सुरंग से सकुशल निकालने के जज्बे को सलाम : मोदी



उत्तराखंड में उत्तरकाशी जिले के सिल्क्यारा में निर्माणाधीन सुरंग में फंसे सभी 41 श्रमिकों को बाहर निकाले जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बचाव अभियान से जुड़े सभी लोगों के जज्बे को सलाम किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने सुरंग में फंसे श्रमिकों के साहस और धैर्य की सराहना की तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सुरंग से सभी श्रमिकों को सकुशल बाहर निकाले जाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर कहा कि मैं इस बचाव अभियान से जुड़े सभी लोगों के जज्बे को भी सलाम करता हूं। उनकी बहादुरी और संकल्प-शक्ति ने हमारे श्रमिक भाइयों को नया जीवन दिया है। इस मिशन में शामिल हर किसी ने मानवता और टीम वर्क की एक अद्भुत मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि टनल (सुरंग) में जो साथी फंसे हुए थे, उनसे मैं कहना चाहता हूं कि आपका साहस और धैर्य हर किसी को प्रेरित कर रहा है। मैं आप सभी की कुशलता और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। मोदी ने कहा कि उत्तरकाशी में हमारे श्रमिक भाइयों के बचाव अभियान की सफलता हर किसी को भावुक कर देने वाली है। उन्होंने लिखा कि यह अत्यंत संतोष की बात है कि लंबे इंतजार के बाद अब हमारे ये साथी अपने प्रियजनों से मिलेंगे। इन सभी के परिजनों ने भी इस चुनौतीपूर्ण समय में जिस संयम और साहस का परिचय दिया है, उसकी जितनी भी सराहना की जाए वो कम है। सिलक्यारा सुरंग में पिछले 17 ⏭ शेष पृष्ठ 7 पर...



## श्रमिकों के परिवारों ने राहत की सांस ली



खीराबेड़ा में, उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग में फंसे तीन श्रमिकों के परिवार के सदस्यों में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई जब मंगलवार शाम को रांची के बाहरी इलाके में स्थित इस गांव में उनके बचाव की खबर पहुंची। लकवाग्रस्त श्रवण बेदिया (55) का इकलौता बेटा राजेंद्र वहां फंसा हुआ था। लंबी निराशा के बाद चेहरे पर कुछ राहत के साथ अपनी झोपड़ी के बाहर उन्हें व्हीलचेयर पर देखा गया। राजेंद्र (22) के अलावा, गांव के दो अन्य लोग-सुखराम और अनिल, जिनकी उम्र लगभग 20 वर्ष के आसपास है, 16 दिन तक सुरंग के अंदर फंसे रहे। उत्तरकाशी में सुरंग के बाहर डेरा डाले हुए अनिल के भाई सुनील ने 'पीटीआई-भाषा को फोन पर रुंधी आवाज में कहा, आखिरकार, भगवान ने हमारी सुन ली। मेरे भाई को बचाया जा सका। मैं अस्पताल ले जाते समय एम्बुलेंस में उसके ⏭ शेष पृष्ठ 7 पर...






## कल्याण में मनपा कर्मचारी के ऊपर धारदार हथियार से हमला

कल्याण (प्रति.), कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका के कर्मचारी के ऊपर धारदार हथियार से हमला किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस हमले में वह बुरी तरह से घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार डोंबिवली पूर्व नांदिवली टेकड़ी के धनश्री प्रथमा सोसाइटी का रहनेवाला विनोद मनोहर लकेश्री के ऊपर सोमवार रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा धार दार हथियार से हमला कर दिया गया। विनोद मनपा में ड्राइवर के पद पर कार्यरत है। सोमवार रात पौने नौ बजे के दरम्यान खोजा जमादखाना गेट के पास से जब वह गुजर रहे थे कि अचानक 30 से 35 वर्षीय युवक उसके पास आया और धार दार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में विनोद बुरी तरह से घायल हो गए, जिसे उपचार के लिये एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। विनोद के अनुसार हमला करने वाले युवक की उम्र 30 से 35 साल की है और वह खाकी कलर का पेंट शर्ट पहना हुआ था। आगे की जांच पुलिस उपनिरीक्षक नलवड़े कर रहे है।

दैनिक यशोभूमि
मुंबई
बुधवार, 29 नवंबर 2023

### संक्षिप्त समाचार

### कर्जत-कसारा यार्ड विस्तार का काम तेज

**मुंबई(यशोडेस्क),** उत्तर भारत से आने-जाने वाली मेल-एक्सप्रेस की गति को बढ़ाने का काम तेजी से चल रहा है। मेल और एक्सप्रेस की गति धीमी होने के कारण लोकल सेवा पर भी इसका असर पड़ता है। इसके समाधान के रूप में मध्य रेलवे कर्जत-पलसदरी चौथी लाइन के साथ-साथ कसारा यार्ड विस्तार और कर्जत यार्ड विस्तार पर काम कर रहा है। कसारा यार्ड विस्तार कार्य 78 प्रतिशत पूरा हो गया है और कर्जत यार्ड तथा नए रास्ते का निर्माण कार्य 60 प्रतिशत पूरा हो गया है। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने कहा कि यार्ड के विस्तार के कारण मेल-एक्सप्रेस की गति बढ़ जाएगी साथ ही कर्जत-कसारा और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के बीच माल गाड़ियों, मेल-एक्सप्रेस की हैंडलिंग तेज हो जाएगी।

### वेश्यावृत्ति से चार महिलाओं को मिली मुक्ति

**भिवंडी (प्रति.),** ठाणे क्राइम ब्रांच ने 4 महिलाओ को वेश्यावृत्ति की दलदल से मुक्त कराया है। जिन्हें पैसे का लालच दिखाकर वेश्यावृत्ति करने के लिए ले जा रही एक दलाल महिला पर उक्त विभाग की पुलिस ने शांतिनगर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार ठाणे क्राइम ब्रांच को गुप्त सूचना मिली थी कि भिवंडी में एक महिला सक्रिय है जो महिलाओ को पैसे का लालच दिखाकर उनसे अपने फायदे के लिए वेश्यावृत्ति करती है और वह चार महिलाओ को उक्त व्यवसाय के लिए ले जाने वाली है। उक्त सूचना के बाद कल्याण रोड पर टेमघर इलाके में स्थित साई बाबा मंदिर के पास पुलिस ने जाल बिछाकर 27 नवंबर को दोपहर में 2.10 बजे मारिया बीबी बशीर शेख (43)नामक महिला के पास से वेश्यावृत्ति के लिए ले जाते समय चार महिलाओं को मुक्त कराया है। साथ ही दलाल महिला पर शांतिनगर पुलिस स्टेशन में पुलिस हवलदार वसंत हरी पांडव की शिकायत पर आईपीसी की धारा सहित अनैतिक व्यापार अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया है।

### यादव संघ का चुनाव 7 जनवरी को

**मुंबई (प्रति.),** सहायक धर्मादाय आयुक्त के आदेश पर चुनाव अधिकारी तथा धर्मादाय कार्यालय के निरीक्षक एवं चुनाव अधिकारी भानगे ने यादव संघ बम्बई के नौ सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव घोषित किया है। वर्ष 1927 में गठित यादव संघ बम्बई शहर की सबसे पुरानी सामाजिक संस्था में से एक है। महत्वपूर्ण है कि 13 नवंबर 2023 से चुनाव कार्यक्रम घोषित हो गया है। धर्मादाय आयुक्त द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 07 जनवरी 2024 को मतदान होगा और उसके अगले दिन आठ जनवरी 2024 को मतगणना होगी। इस संबंध में यादव संघ बम्बई के महासचिव एड. एल. बी. यादव ने बताया कि इस संस्था के प्रबंधन में योगिराज श्रीकृष्ण विद्यालय (साकीनाका) चल रहा है।

# नकली नोट के सौदेबाजी के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

**ठाणे(प्रति.),** चालीस लाख रुपये के बदले एक करोड़ 60 लाख के नकली रुपये देने के बहाने मुरबाड के एक फार्म हाउस में एक व्यवसायी को कुछ लोगों ने बुलाया। इसी दौरान पांच लोग आकर खुद को पुलिस बताते हुए चालीस लाख रुपये लेकर चम्पत हो गए। इस मामले में पुलिस के हफ्ता विरोधी दस्ते ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त शिवराज पाटील ने बताया कि डोंबिवली पूर्व के चोलेगांव निवासी सुरेन्द्र पांडुरंग पाटील को शस्त्र के साथ घूमने की गुप्त सूचना के आधार पर हफ्ता विरोधी दस्ते ने अपने कब्जे में ले लिया। उसकी मर्सिडीज कार से 2 पिस्तौल और 7 कारतूस मिला। पूछताछ में आरोपी पाटील ने बताया कि उसे कुछ लोगों ने



चालीस लाख रुपये के बदले एक करोड़ साठ लाख रुपये का नकली नोट देने का लालच देकर मुरबाड के केपी फार्म हाउस में बुलाया। फार्म हाउस में जाते समय गड़बड़ी की आशंका के चलते पाटील अपने साथ दो पिस्तौल और 7 कारतूस साथ लेकर गया। उसके पहुंचने के बाद पांच लोग आये और दुःख को पुलिस बताते हुए छापा पड़ने जैसा दिखावा कर चालीस लाख रुपये लेकर चम्पत हो गए। इस घटना के दुसरे दिन पाटील की शिकायत पर मानपाडा पुलिस ने स्वाप्निल दशरथ जाधव (26), आदेश मोतीराम भोईर (35) ,अक्षय तुकाराम गायकवाड (30) भिवंडी निवासी व सचिन बबन जाधव (35) वाडा निवासी को 14 लाख 35 हजार रुपये गिरफ्तार कर 14 लाख 35 हजार रुपये बरामद कर लिया। इस मामले में हफ्ता विरोधी दस्ते के पुलिस अधिकारी आगे की जांच कर रहे हैं।

## मुंब्रा में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**ठाणे (प्रति.),** भारतीय संविधान



दिवस पर मुंब्रा में संविधान की प्रतियां वितरित कर 26 / 11 के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व महिलाओं को संविधान की प्रतियां वितरित की गईं। मुंब्रा अमृत नगर दरगाह के प्रवेशद्वार पर समाज सेविका मर्जिया शानू पठान की ओर से संविधान दिवस मनाया गया। जहां 26 / 11 के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और संविधान की प्रतियां वितरित की गयी। साथ ही जो भी नागरिक संविधान की प्रतियां चाहते हैं वह दरगाह रोड पर पूर्व विरोधी पक्षनेता अशरफ शानू पठान के कार्यालय से प्रतियां हासिल करने का आवाहन किया है। इस मौके पर मर्जिया पठान ने कहा कि हर भारतीय नागरिक को संविधान के बारे में जानना जरूरी है। आज हम संविधान बचाएंगे तो संविधान हमें बचाएगा। नागरिकों को अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी होना आवश्यक है। इसलिए संविधान को जानना,समझा,पढ़ना, बचाना जरूरी है। अशरफ फकीह, इस्माइल शेख, नाज़मीन शेख, दीपाली कदम, प्रजा भोईर, मयूर अहीर, सैफ मर्चेंट, आदिल मोदी और एडवोकेट खलील गिरकर को सम्मानित किया गया।

## अकादमी के अधिकारियों पर मामला दर्ज

**पुणे (भाषा),** पुणे के समीप बारामती में स्थित रेडबर्ड विमान प्रशिक्षण अकादमी के विमानों के पिछले महीने दुर्घटनाग्रस्त हो जाने की घटना की जांच में कथित असहयोग को लेकर उसके अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। बारामती तहसील में 19 और 22 अक्टूबर को इस अकादमी के विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गये थे। उन्नीस अक्टूबर को कातफाल गांव के समीप एक प्रशिक्षु विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक पायलट घायल हो गया था। बाईस अक्टूबर को गोजूबावी गांव के समीप एक अन्य प्रशिक्षु विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो व्यक्ति घायल हो गये थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एएआईबी के एक अधिकारी ने प्रशिक्षण अकादमी के कर्मियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है।

# वसई से शातिर वाहन चोर हुआ गिरफ्तार

**वसई (प्रति.),** क्राइम ब्रांच युनिट 2 वसई (मीरा भाईंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय) ने वाहन चोरी मामले में एक 23 वर्षीय शातिर वाहन चोर व मोबाइल को गिरफ्तार किया है और इनकी गिरफ्तार से 4 अपराध का खुलासा भी किया है। यह कार्रवाई क्राइम डीसीपी अविनाश अंबुरे व क्राइम एसीपी मदन बल्लाल के मार्गदर्शन,युनिट 2 वसई पुलिस निरीक्षक शाहूराज रनवरे, एपीआई सुहास कांबले व सागर प्रकाश शिंदे की टीम ने की है। पुलिस ने बताया कि, आचोले पुलिस स्टेशन में शिकायतकर्ता (निखात जावेद शेख) ने होंडा एक्टिवा 4जी कंपनी की स्कूटी क्रमांक एमएच/04/जेसी/6549 उनके आवासीय भवन न्यू मंजिल बिल्डिंग,आचोले रोड नालासोपारा पूर्व) के नीचे पार्किंग में खड़ी थी। जबकि 14 अक्टूबर 2023 को प्रातः 05.00 बजे से 5.30 बजे के मध्य किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। इस मामले में शिकायतकर्ता निखात ने उपरोक्त थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज करवाई थी। पुलिस ने बताया कि मीरा-भाईंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय सीमा में वाहन चोरी की संख्या बढ़ने के कारण वरिष्ठ अधिकारियों ने उक्त वाहन चोरी पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं। तदनुसार, प्रत्येक वाहन चोरी के अपराध स्थल पर जाकर सीसीटीवी फुटेज की जांच करके युनिट -2 वसई द्वारा उक्त वाहन चोरी करने वाले आरोपियों की तलाश कर रही थी, गुप्त मुखबिर के अनुसार आचोले थाना अपराध पंजी क्रमांक 490/2023 धारा 379 में वाहन चोरी के अपराध में आरोपी का नाम खुलासा कर आरोपी महोम्मद गुलाब इब्राहिम मन्सुरी (23) को वसई इलाके में जाल बिछकार हिरासत में लिया गया। और यह पाया गया है कि वह उक्त अपराध में शामिल है,आरोपी से पूछताछ में वाहन चोरी और मोबाइल फोन चोरी की कुल 4 वारदातों का खुलासा हुआ है,आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कैंसर पीड़ित मरीजों को बांटे गए कंबल

**मुंबई (प्रति.),** प्रारंभ संस्था ने टाटा अस्पताल में कैंसर का इलाज



करा रहे सैकड़ों मरीजों और उनके परिजनों को कंबल बांटे। दादर स्थित श्री घाडगे महाराज मिशन धर्मशाला परिसर में कैंसर पीड़ित मरीजों को आरव ग्रुप के चेयरमैन व प्रारंभ संस्था के प्रमुख नितिन तिवारी ने स्वयं मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात की और उन्हें कंबल वितरण किया। इस मौके पर नितिन तिवारी ने कहा कि प्रारंभ संस्था का यह सामाजिक प्रयास है और भविष्य में भी प्रारंभ संस्था गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। इसके पूर्व भी संस्था कैंसर पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए आर्थिक मदद करती आई है। इस अवसर पर आरव ग्रुप की डायरेक्टर रीना तिवारी व संस्था से जुड़े अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## दिव्यांगों को मिलेगी वित्तीय सहायता

**मुंबई (यशोडेस्क),** महापालिका के नियोजन विभाग ने मुंबई के दिव्यांग नागरिकों को स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है। इस योजना के मानदंडों के तहत अर्हता प्राप्त करने वाले दिव्यांग व्यक्तियों को लैपटॉप, प्रिंटर, स्कैनर की खरीद के लिए सीधे वित्तीय सहायता दी जाएगी। अभी तक दिव्यांगों को तीन पहिया स्कूटर दिए जाते थे। हालांकि, इस वर्ष लैपटॉप और कार्यालय सामग्री दी जाएगी। इसके लिए महापालिका ने ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। महापालिका के योजना विभाग की ओर से समाज के गरीब और वंचित वर्ग को विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान की जाती है। यह महिलाओं को मसाला कूटने की मशीन तथा सिलाई मशीन जैसी वस्तुओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

# अज्ञात शव की पहचान के साथ पुलिस ने हत्यारे को पकड़ा

**वसई(प्रति.),** नायगांव पुलिस (मीरा भाईंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय) स्टेशन अंतर्गत मुंबई-अहमदाबाद महामार्ग पर 22 नवंबर 2023 को एक 25 से 30 वर्षीय शख्स की हत्या कर फेंके शव की गुत्थी आखिरकार क्राइम ब्रांच युनिट 2 वसई ने सुलझा ली है। शव की पहचान भी कर ली गयी है। इस हत्या मामले में कुल 3 आरोपी शामिल है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 22 नवंबर को पंकज आसाराम मोरे अपने मित्र विक्रम भंडारी के साथ बापाने ब्रिज के पास खाली खुले मैदान में लघु शंका ले गए थे, तभी लगभग 25 से 30 वर्ष उम्र के क्षत-विक्षत पुरुष का शव देखा गया,उसने तुरंत बापाने पुलिस चौकी को सूचना दी। इस मामले में नायगांव पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ कलम 302,201 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हत्या के उक्त गंभीर अपराध को अंजाम देने के बाद अज्ञात आरोपियों द्वारा शव को पूरी तरह से क्षत-विक्षत कर साक्ष्य मिटाने की नियत से सुनसान जगह पर फेंक दिया गया था। इस बीच गुमशुदा लवेश रमेश माली उम्र 23 वर्ष, नायगांव पुलिस थाना मिसिंग पंजी क्रमांक 72/2023 उक्त व्यक्ति 8 नवंबर 2023 को बीबी पाड़ा, कामण स्टेशन, कामण चौकी के पीछे, पूर्वी नायगांव से लापता होने की सूचना मिली। चूंकि उक्त लापता व्यक्ति के शरीर पर मौजूद कपड़े तथा उसके लापता होने की अवधि मृत शख्स के कपड़ों तथा मृत्यु के समय के समान है, अतः मृत शख्स की पहचान उसके परिजनों द्वारा उक्त मृतक के शरीर पर मौजूद कपड़ों से की गई। चूंकि उक्त मृत व्यक्ति (लवेश ) को नशा करने की आदत थी, इसलिए उसके साथ नशा करने वाले लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। उसी समय गुप्त मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मृतक लवेश रमेश माली की हत्या उसके दोस्तों ने की है जो उसके साथ नशे में धुत थे। पुलिस के अनुसार, उसके अनुसार प्रत्यक्षदर्शी शख्स उम्र 50 वर्ष निवासी- नायगांव पूर्व के बगल में बाफाने चौकी ने उसे विश्वास में लेकर अपराध के बारे में पूछताछ की तो आरोपियों के नाम पता चला,जिसमे आरोपी देवीदास उर्फ पक्या सुरेश सिंह और आनंद रंगनाथ सजने व एक 17 वर्षीय नाबालिग शामिल है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि,आरोपियों के नाम उपरोक्तानुसार ज्ञात कर उक्त आरोपियों की तलाश करने पर एक आरोपी शख्स उम्र 30 वर्ष का पता चला,शांति गोविंद मार्ग आनंद निवास के पास चंद्रपाड़ा,नायगांव को हिरासत में लिया गया।

## गोला फेंक व रनिंग में महिला ने जीता सिल्वर व गोल्ड मेडल

**वसई(प्रति.),** विरार के आगाशी की रहने वाली 52 वर्षीय महिला ने गोल्ड मेडल व रनिंग मिक्स रिले सिल्वर मेडल जीतकर वसई तालुका ही नहीं बल्कि,महाराष्ट्र राज्य का नाम रोशन किया है। महिला को लोगों द्वारा शुभकामनाएं व बधाइयां दी जा रही हैं। वहीं इस उम्र के पड़ाव में गोला फेंक व रनिंग करना बेहद मुश्किल होता है। लेकिन,उपरोक्त महिला ने मुश्किल को दर-किनार कर एक कीर्तिमान हासिल किया है। लोग महिला के जज्बे को सलाम कर रहे हैं। बताया गया है कि कल और आज अमरावती में



आयोजित द्वितीय महाराष्ट्र राज्य खेलो मास्टर्स टूर्नामेंट में 52 वर्षीय सुनीता राजेन्द्र पाटिल ने 100 मीटर रनिंग में गोल्ड मेडल, 200 मीटर रनिंग गोल्ड मेडल, गोला फेक में गोल्ड मेडल, 400 मीटर रनिंग रिले गोल्ड मेडल, 400 मीटर रनिंग मिक्स रिले सिल्वर जीतने की कामयाबी हासिल की है। बता दें कि महिला (सुनीता) के पति राजेन्द्र पाटिल वसई विरार शहर महानगरपालिका प्रभाग 'ब' (वरिष्ठ लिपिक) घरपट्टी विभाग में कार्यरत है।

## हनुमान मंदिर के स्थापना दिवस पर सुंदरकांड पाठ संपन्न

**कल्याण (प्रति.),** कल्याण (पूर्व) के चिंचपाड़ा रोड, गणेश कालोनी में शेषमणि रामअनुग्रह पांडेय द्वारा स्थापित श्री हनुमान मंदिर में स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान आर्यवर्ती समाज अंबरनाथ के अध्यक्ष



अनिल कुमार पांडेय, वरिष्ठ अधिवक्ता नागेंद्रमणि पांडेय व रहिवासी कल्याण संघ के अध्यक्ष राकेशमणि पांडेय, उद्योगपति चंद्रमणि पांडेय उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में परिसर के वरिष्ठ नागरिक शोभनाथ दुबे, वीएन शुक्ला, त्रिलोकीनाथ तिवारी, दशरथ सिंह, बृजेश दुबे, मुकेश दुबे, जयप्रकाश पांडे, अशोक पांडे, इंद्रमणि मिश्र, जगदीश पाल, देवानंद कांबले आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण डोंबिवली जिला कांग्रेस सेवादल महासचिव नंदकिशोर परब का विशेष सहयोग मिला।

# दिन दहाड़े चोरी को अंजाम देने वाले दो चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**कल्याण (प्रति.),** दिनदहाड़े घरों में चोरी करने वाले दो चोरों को कोलसेवाड़ी पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरों के पास से लाखों रुपए के आभूषण व नकदी बरामद किया है। गिरफ्तार चोर उल्हासनगर और कल्याण के बताए जा रहे है और उनके ऊपर पहले से ही पांच मामले दर्ज है। मिली जानकारी के अनुसार कोलसेवाड़ी पुलिस ने दो ऐसे चोरों को गिरफ्तार किया है जिनके ऊपर कोलसेवाड़ी पुलिस थाने में पहले से ही पांच मामले दर्ज है। थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सिरसाठ ने बताया कि पिछले दो महीनों के भीतर पांच घर फोड़ी के मामले दर्ज हुए थे,जिसमें कई घरफोडी दिन में ही किये गए थे। राजेश सिरसाठ अपने वरिष्ठों



के मार्गदर्शन में पुलिस की एक टीम गठित कर पिछले 20 से 22 दिनों से चोरों की तलाश में जगह जगह दबिश दे रही थी। सीसी टीवी और लोकेशन के हिसाब से भोलानाथ जैसवाल और बाबू देवनाथ नामक चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से 5 लाख 13 हजार रूपए का माल जब्त किया है। बता दें कि गिरफ्तार चोरों के ऊपर कोलसेवाड़ी पुलिस थाने में पांच चोरी के मामले दर्ज है। पुलिस चोरों को हिरासत में लेकर यह जानने में जुटी है कि और कितने गुनाहों में यह लोग संलिप्त है।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**भिवंडी (प्रति.),** भिवंडी कल्याण रोड पर पैदल जा रही एक महिला को पीछे से तेजगति से जा रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके कारण घटनास्थल पर ही महिला ने तड़प तड़प कर दम तोड दिया। घटना के बाद कोनगांव पुलिस ने फरार वाहन चालक पर केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार स्थानीय गोवे गांव में रहने वाली निर्मला कृष्णा कांदेकर (55) सोमवार की सुबह कल्याण रोड द्वारा पैदल जा रही थी। जैसे ही वे जय मल्हार ढाबा के सामने पहुंची,पीछे से नियम कानून को ताक पर रखकर तेजगति से चल रहे अज्ञात वाहन ने उन्हे जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया।जिसके कारण महिला को गंभीर चोट लगने के कारण घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोनगांव पुलिस दुर्घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए इंदिरा गांधी उपजिला अस्पताल में भेजने के साथ ही मृतक महिला के लड़के मनोज कांदेकर की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक पर दुर्घटना सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर उसकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दिया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार एस.ए.गोल्हार कर रहे हैं।

## डोंबिवली में खाड़ी किनारे शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप

**कल्याण (प्रति.),** डोंबिवली खाड़ी किनारे से 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। खबर मिलते ही विष्णुनगर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हत्या की गुत्थी सुलझाने में विष्णुनगर पुलिस क्षेत्र में लगे सीसी टीवी खंगालना शुरू कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार डोंबिवली पश्चिम देविचा पाड़ा,श्मशान भूमि के पीछे की खाड़ी के किनारे सोमवार सुबह साढ़े दस बजे के दरम्यान 40 वर्षिय व्यक्ति का शव मिलने की खबर पोलिस पाटिल ने विष्णुनगर पुलिस को दिया। घटना की खबर सुनते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर,शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव के ऊपर धारदार हथियार से कई वार किए हुए थे। प्राथमिक जांच में पता चलता है कि मृतक व्यक्ति का धार दार हथियार से वार कर उसे मौत के घाट उतार कर उसे खाड़ियों में फेंक दिया गया है। फिलहाल विष्णु नगर पुलिस अज्ञात हत्यारे के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जाँच में शुरू कर दी है।

# ठाणे मनपा क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू

**ठाणे (प्रति.),** ठाणे मनपा क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा का



शुभारंभ वागले इस्टेट के शिविर में किया गया। यह यात्रा मनपा क्षेत्र में कुल 74 स्थानों पर आयोजित की जा रही है। जनप्रतिनिधि व मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर ने शिविर को भेंट दी। शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक एड निरंजन डावखरे, पूर्व महापौर नरेश म्हस्के, पूर्व नगर सेवक संजय वाघुले, विकास रेपाले, नम्रता भोसले, सुजय पतकी, मनपा आयुक्त बांगर, अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी, प्रशांत रोडे, सभी उपायुक्त, सहायक आयुक्त उपस्थित थे। उन्होंने शिविर में लगे सभी स्टॉलों का अवलोकन किया और योजनाओं की प्रकृति तथा लाभार्थियों को दी जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही इस यात्रा को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए। सभी ने विकासशील भारत संकल्प यात्रा के रथ का निरीक्षण किया। इससे पहले रथ का उद्घाटन विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से कराया गया। इस अवसर पर मनपा आयुक्त बांगर ने इस यात्रा का उद्देश्य बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना से यात्रा आयोजित की गई है। यह यात्रा ठाणे मनपा क्षेत्र के 74 स्थानों पर जाएगी। इनकी प्रारंभिक तैयारी पिछले 15 दिनों से चल रही थी। फेरीवालों के लिए पीएम स्वनिधि ऋण योजना में ठाणे ने मुंबई महानगरीय क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है। ठाणे शहर को पीएम ई बस योजना के पहले चरण में फरवरी 2024 तक 100 बसें उपलब्ध हो जायेंगी। इस यात्रा का उद्देश्य स्वच्छ भारत अभियान का संदेश देना भी है। स्वच्छता के मामले में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे बेहद दृढ़निश्चयी हैं। उन्हें सड़क पर धूल, कचरा, मलबा से सख्त नफरत है। वह समय-समय पर इसके बारे में निर्देश भी देते रहते हैं। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि इन सभी योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में जन प्रतिनिधि एवं मीडिया सहयोग करें।

## विदेश में नौकरी चाहने वाले लोगों के साथ ठगी

**ठाणे (भाषा),** नवी मुंबई पुलिस ने विदेश में नौकरी करना चाह रहे लोगों से 81.75 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने खारघर इलाके में एक कार्यालय खोला था और इस साल अगस्त और नवंबर के बीच विदेशी में नौकरी का विज्ञापन दिया था। अधिकारी ने बताया, उन्होंने 113 पीड़ितों से 81.75 लाख रुपये लिए और उन्हें नकली हवाई टिकट और अन्य यात्रा दस्तावेज जारी किए। इनमें से किसी को भी नौकरी नहीं मिली। उन्होंने कहा कि अबतक किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। पुलिस को संदेह है कि नौकरी चाहने वाले कई लोग आरोपियों के झांसे में आ गए होंगे।

# 4 हजार वरिष्ठ नागरिकों ने की एनएमएमटी में मुफ्त यात्रा

**नई मुंबई(यशोडेस्क),** महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन महामंडल (एसटी) ने भारतीय स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के अवसर पर 75 वर्ष की आयु पूरी कर चुके वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त बस यात्रा रियायतें दी हैं।

इसी तर्ज पर मनपा आयुक्त राजेश नार्वेकर ने 65 वर्ष की आयु पूरी कर चुके वरिष्ठ नागरिकों के लिए नई मुंबई मनपा परिवहन महामंडल की बसों में मुफ्त यात्रा रियायत की घोषणा की है। एनएमएमटी की इस योजना को शहर के वरिष्ठ नागरिकों से काफी प्रतिक्रिया मिल रही है। 13 से 28 नवंबर तक 4 हजार 33 वरिष्ठ नागरिकों ने इसमें यात्रा की है। शहर के वरिष्ठ नागरिकों और जन प्रतिनिधियों की ओर से वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क पास सेवा उपलब्ध कराने की लगातार मांग की जा रही थी। इस पर सकारात्मक विचार करते हुए मनपा आयुक्त राजेश नार्वेकर ने घोषणा की थी कि दिवाली के अवसर पर 13 नवंबर से नई मुंबई में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए सभी प्रकार की एनएमएमटी बसें मुफ्त होंगी। तदनुसार, 28 नवंबर तक 4 हजार 33 वरिष्ठ नागरिकों को महापालिका परिवहन गतिविधि का पहचान पत्र प्राप्त हुआ है।

इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए वरिष्ठ नागरिकों ने एनएमएमटी के सभी बस डिपो पर पास पाने के लिए दस्तावेजों के साथ भीड़ लगा दी है। नई मुंबई में डिपो में काम करने वाले कर्मचारी दस्तावेजों का सत्यापन कर रहे हैं और उन्हें यात्रा के लिए आवश्यक पहचान पत्र तुरंत दे रहे हैं। परिवहन प्रबंधक योगेश कडुस्कर ने अपील की है कि शहर के वरिष्ठ नागरिक पहचान पत्र के लिए आवश्यक दस्तावेज पूरे कर इस योजना का भरपूर लाभ उठायें।










पेट्रोल : 106.31 (लीटर)
डीजल : 94.27 (लीटर)
दलहन : अरहर (15,500 क्विंटल)
सरसों : 8,200 (क्विंटल)
जीरा : 4,8010 (क्विंटल)
गुड : 5,000 (क्विंटल)
नींबू : 2-4 (प्रति नग)
प्याज : 35-40 (प्रति किलो)
मिर्च : 70-100 (प्रति किलो)
खाद्य तेल : 130 (लीटर)
धनिया : 6,000 (क्विंटल)
हल्दी : 14,000 (क्विंटल)

# मराठी भाषा में साइन बोर्ड ना लगाने पर मनपा की कार्रवाई शुरू

**मुंबई (प्रति.),** मुंबई में पिछले कुछ समय से मराठी भाषा में साइन बोर्ड लगाने को लेकर काफी बवाल हुआ है। सितंबर महीने में सुप्रीम कोर्ट द्वारा मराठी भाषा में साइन बोर्ड लगाने को कहा गया था। और मुंबई में सारे दुकानदारों को 2 महीने का समय भी दिया गया था। दो महीने का समय समाप्त होने के बाद बीएमसी ने अपनी कार्रवाई शुरू की है। मनपा उन दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है जिन लोगों ने अभी तक मराठी भाषा में साइन बोर्ड नहीं लगाये हैं। 2018 में राज्य सरकार ने राज्य की सभी दुकानों और प्रतिष्ठानों के लिए देवनागरी लिपि में साइनबोर्ड लगाना अनिवार्य कर दिया था। वही बीएमसी द्वारा इस मामले पर कार्रवाई करने के लिए अपने 24 वार्डों में अधिकारियों की एक टीम बनाई है, यह टीम उन दुकानों के खिलाफ कार्रवाई कर रही, जिन्होंने मराठी भाषा में साइन बोर्ड नहीं लगाए हैं। मुंबई के कोलाबा इलाके से बीएमसी की कार्रवाई शुरू हुई। जिसमें दुकानदारों को पहले अपना लाइसेंस बताना अनिवार्य किया गया है, उसके बाद बीएमसी देवनागरी लिपि में साइनबोर्ड ना लगाने पर दुकानों को नोटिस दे रही है। वही देवनागरी लिपि में साइनबोर्ड ना लगाने पर दुकानदार और दुकान में काम कर रहे सारे लोगों पर जुर्माना लगाया जाएगा। इस पूरे मामले में 1 लाख तक का जुर्माना निर्धारित किया गया है। साथ ही दुकान में काम करने वाले सारे लोगों पर भी दो हज़ार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। मंगलवार को बीएमसी द्वारा मुंबई के अलग अलग इलाको में कार्रवाई की गई।




# उद्धव ठाकरे ने शिंदे के चुनाव प्रचार को लेकर निशाना साधा

**मुंबई (भाषा),** शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने बेमौसम बारिश के कारण महाराष्ट्र में किसानों को हुए नुकसान के बीच विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए पड़ोसी राज्य तेलंगाना के दौरे को लेकर मंगलवार को राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा। ठाकरे ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की फसलों को हुए नुकसान के मुद्दे पर चर्चा के लिए तुरंत राज्य मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई जाए और किसानों को जल्द से जल्द सहायता दी जाए।



उन्होंने कहा कि राज्य में बेमौसम बारिश के कारण छह लोगों की जान चली गई है, जबकि 100 मवेशी भी मारे गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में अंगूर और प्याज की खेती करने वाले किसान भी बेमौसम बारिश से प्रभावित हुए हैं।

उन्होंने सवाल किया कि जब मौसम विभाग ने बेमौसम बारिश के बारे में पहले ही सतर्क कर दिया था तो राज्य मंत्रिमंडल ने क्या किया? ठाकरे ने कहा कि उन्हें मिली प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक पिछले तीन-चार दिन से बेमौसम बारिश के कारण मराठवाड़ा, विदर्भ और उत्तरी महाराष्ट्र में करीब एक लाख हेक्टेयर में लगी फसल प्रभावित हुई है।

उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में कोई सरकार नहीं है क्योंकि सभी लोग चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। अब सरकार बदलने का समय आ गया है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने दावा किया, जो व्यक्ति अपने घर (राज्य) की चिंता नहीं करता और दूसरे राज्य में जाकर दूसरी पार्टी के लिए प्रचार करता है वह सरकार चलाने के लायक नहीं है और उसे सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। शिंदे सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करने के लिए मंगलवार को तेलंगाना के दौरे पर रहे। तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए 30 नवंबर को मतदान होगा। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और भाजपा महाराष्ट्र में सहयोगी हैं।

ठाकरे ने कहा, जो मुख्यमंत्री अपना घर नहीं संभाल सकता और दूसरों के घर में ताक-झांक कर रहा है, वह राज्य के साथ न्याय नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी दावा किया कि उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और अजित पवार भी कार्रवाई करते नहीं दिख रहे हैं।

## मोनोरेल कनेक्शन परियोजना निलंबित

**मुंबई(यशोडेस्क),** चेंबूर से संत गाडगे महाराज चौक जो मुंबई में 20 किमी के बीच चलने वाली एकमात्र मोनोरेल और वैकल्पिक रूप से देश में एकमात्र मोनोरेल है, को पश्चिम रेलवे से जोड़ने के लिए प्रस्तावित जोड़ पुल की परियोजना को स्थगित कर दिया गया है। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के वरिष्ठ सूत्रों ने यह बताया है। मोनो रेल मार्ग को लगभग 525 करोड़ रुपए का घाटा है। यह परियोजना स्थगित करने के पीछे यही कारण है। संत गाडगे महाराज चौक से महालक्ष्मी रेलवे स्टेशन तक पैदल यात्री पुल का निर्माण किया जाता है, तो मोनोरेल के दौरान यात्रियों की संख्या में वृद्धि होगी। ऐसा अंदाजा एमएमआरडीए ने जताया है।

# प्रशिक्षण ले रही महिला ने आत्महत्या की

**मुंबई (भाषा),** भारतीय नौसेना में 'अग्निवीर' का प्रशिक्षण ले रही 20 वर्षीय महिला ने मुंबई में 'आईएनएस हमला' में अपने छात्रावास के कमरे में फंदे से लटककर कथित रूप से आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि केरल की रहने वाली यह महिला पश्चिमी उपनगर मालाड में मालवनी इलाके में 'आईएनएस हमला' में प्रशिक्षण ले रही थी। उन्होंने बताया कि महिला ने सोमवार को सुबह अपने छात्रावास के कमरे में फंदे से लटककर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है और प्रतीत होता है कि महिला ने निजी कारणों से आत्महत्या की। उन्होंने बताया कि अपने शुरुआती प्रशिक्षण को पूरा करने के बाद महिला पिछले 15 दिन से इस केंद्र में प्रशिक्षण ले रही थी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मामले में दुर्घटनावश मौत रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज की है और आगे की जांच जारी है। 'अग्निवीर' सेना में भर्ती के लिए वर्ष 2022 में शुरू की गई अल्पकालिक 'अग्निपथ' योजना के तहत सशस्त्र बलों में भर्ती किए गए सैनिक हैं। सेना ने इससे पहले बताया था कि पिछले महीने पंजाब के मनसा जिले के निवासी अग्निवीर अमृतपाल सिंह ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी सेक्टर में संतरी की ड्यूटी के दौरान खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। सेना ने कहा था कि सिंह के अंतिम संस्कार में सैन्य सम्मान नहीं दिया जाएगा क्योंकि खुद को चोट पहुंचाने के मामले में इस तरह का सम्मान नहीं दिया जाता है। सेना ने कहा कि वह सैनिकों में कोई भेदभाव नहीं करता है चाहे वे 'अग्निपथ' योजना को लागू किए जाने से पहले या बाद में सुरक्षा बल में शामिल हुए हों। महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले से एक अन्य 'अग्निवीर' अक्षय लक्ष्मण गावटे की पिछले महीने सियाचिन में ड्यूटी के दौरान मृत्यु हो गई थी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घोषणा की थी कि उनके परिवार को 10 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी।

## मौसम प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल पंचनामा करें

**मुंबई(यशोडेस्क),** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को बेमौसम बारिश से प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों को आदेश दिया है कि जिन इलाकों में बेमौसम बारिश के कारण फसलों को नुकसान हुआ है, वहां नुकसान का पंचनामा बनाकर सरकार को प्रस्ताव पेश करें। पिछले दो दिनों से हो रही बेमौसम बारिश ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में किसानों को प्रभावित किया है। इससे किसानों की खड़ी फसलें मिट्टी विहीन हो गई हैं। खराब मौसम के कारण किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। नासिक, नांदेड़, अहमदनगर, छत्रपति संभाजीनगर, परभणी, जालना, बुलढाणा और अन्य जिले बेमौसम बारिश से जलमग्न हो गए। कुछ इलाकों में यह बात सामने आ रही है कि किसानों की फसलें फसलें नष्ट हो गई हैं।

# अंगदान से तीन लोगों की जान बची

**मुंबई (यशोडेस्क),** 74 वर्षीय एक वृद्ध के ब्रेन डेड होने के बाद उसके परिजनों ने वृद्ध का लीवर, दोनों किडनी और हड्डियां आदि दान करने का फैसला किया है। इसकी वजह से कई लोगों को बचाया जा सका है। इस साल मुंबई में यह 41वां सफल अंगदान है। 74 वर्षीय वृद्ध को कुछ दिन पहले खराब स्वास्थ्य के कारण इलाज के लिए जसलोक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि इलाज के दौरान डॉक्टरों ने इस शख्स को ब्रेन डेड घोषित कर दिया। इसके बाद अस्पताल के अंगदान सलाहकारों ने परिजनों को अंगदान के लिए समझाइश दी। परिजनों ने अंगदान का साहसिक निर्णय लिया और अंगदान की अनुमति दे दी। इसके मुताबिक, इस वृद्ध का अंगदान कई लोगों की जान बचाने में सफल रहा। अंगदान को लेकर बढ़ती जन जागरूकता के कारण यह आंदोलन सफल हो रहा है और कई लोगों को मृत्यु के बाद अंगदान की पहल करनी चाहिए।

## ट्रिगर पर उंगली

❑ आर. विजयराज



अरे... देख रहे हो न...! अभी तो टीवी पर गा रहा है, आगे जाकर जरूर लिटिल चैंप बनेगा वो।

# हाउसिंग सोसायटी सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए ले सकती हैं शुल्क

## बांबे हाईकोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

**मुंबई (यशोडेस्क),** हाउसिंग सोसायटी कोई लाभ कमाने वाली संस्था नहीं है। इसलिए बांबे हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय दिया है कि सोसायटी अपने सदस्यों से सांस्कृतिक और मनोरंजन गतिविधियों के लिए शुल्क ले सकती है। अदालत ने फैसले में यह भी कहा कि फीस या सदस्यता एकत्र करके सांस्कृतिक धन जुटाने के लिए सोसायटी पर कोई प्रतिबंध नहीं है। मगर इसके लिए जनरल बॉडी से अनुमति आवश्यक है। श्रीजी विले सहकारी हाउसिंग सोसायटी की प्रबंधन समिति के खिलाफ इसकी सदस्य ज्योति लोहोकरे ने 2019 में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। 17 साल पहले सोसायटी ने वार्षिक आम बैठक में ऐसा प्रस्ताव पारित कर सदस्यों के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए शुल्क देना अनिवार्य कर दिया था। उन्हें लोहोकरे ने चुनौती दी थी। हाउसिंग सोसाइटियों की शुल्क संरचना के संबंध में उपनियम 65 सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए शुल्क लेने का प्रावधान नहीं करता है। तदनुसार, लोहोकरे ने दावा किया कि हाउसिंग सोसायटी द्वारा लगाए गए अनिवार्य शुल्क अवैध थे। यह देखते हुए कि महाराष्ट्र सहकारी सोसायटी अधिनियम के तहत हाउसिंग सोसायटी और अन्य सोसायटी के



बीच अंतर है, न्यायमूर्ति माधव जामदार ने सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए सदस्यों से शुल्क एकत्र करने की अनुमति दी। अदालत ने हाउसिंग सोसाइटियों की शुल्क संरचना के संबंध में उप-कानून के प्रावधानों को उजागर करने वाली लोहोकरे की रिट याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने यह भी कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि 100 सदस्यों में से केवल एक सदस्य ने सांस्कृतिक निधि जुटाने के प्रस्ताव की वैधता को चुनौती दी। बतादें कि 17 साल पहले, नवंबर 2006 में श्रीजी विले को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी की वार्षिक आम बैठक में कानून द्वारा आवश्यक सांस्कृतिक निधि जुटाने को मंजूरी दी गई थी। इसके लिए प्रति माह प्रति फ्लैट 70 रुपए शुल्क वसूलने का निर्णय लिया गया।

## मुरबाड में व्यक्ति ने मां की हत्या की

**ठाणे (भाषा),** ठाणे जिले के एक व्यक्ति ने 'स्वादिष्ट भोजन न परोसने' को लेकर अपनी 55 वर्षीय मां से झगड़ा होने के बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ठाणे ग्रामीण पुलिस नियंत्रण कक्ष के अधिकारी ने बताया कि यह घटना मुरबाड तालुका के वेलु गांव में रविवार शाम को हुई। मां और बेटे का घरेलू मामलों को लेकर अकसर झगड़ा होता रहता था। पुलिस ने प्राथमिकी के हवाले से बताया कि आरोपी का रविवार को अपनी मां से फिर झगड़ा हुआ था और उसकी शिकायत थी कि वह उसके लिए स्वादिष्ट खाना नहीं बनाती। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने गुस्से में आकर अपनी मां की गर्दन पर दरांती से कथित तौर पर हमला किया, जिसके कारण महिला की मौत हो गई।

# बोरीवली में फर्जी डॉक्टरों के गिरोह ने की 50 लाख की ठगी

**मुंबई(यशोडेस्क),** फर्जी डॉक्टरों के एक गिरोह ने बोरीवली में एक 65 वर्षीय वृद्ध से इलाज के नाम पर 50 लाख रुपए की ठगी की। इस संबंध में कस्तूरबा मार्ग थाने में मामला दर्ज किया गया है। अपराध शाखा ने हाल ही में फर्जी डॉक्टरों के एक गिरोह को पकड़ा था। इस अपराध में एक ही गिरोह के शामिल होने की आशंका है। इस बीच अपराध शाखा को दो और शिकायतकर्ताओं के बारे में जानकारी मिली है, जिन्हें फर्जी डॉक्टरों के इस गिरोह ने धोखा दिया है। कस्तूरबा मार्ग पुलिस स्टेशन में राहुल बजाज, डॉक्टर पटेल और उनके सहायक इमरान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हाल ही में अपराध शाखा की यूनीट-3 ने वडाला में एक शख्स से धोखाधड़ी करने के आरोप में फर्जी डॉक्टरों के एक गिरोह को गिरफ्तार किया था। मोहम्मद शेरू शेख मकसूद खॉ उर्फ डॉ. आर. पटेल (49), मोहम्मद नफीस मोहम्मद शरीफ (39), मोहम्मद आसिफ मो. निसार (27) और मोहम्मद आशिफ मो. शरीफ (44)गिरफ्तार आरोपियों का नाम है। वडाला के शिकायतकर्ता राजेश पाटिल (61) को इस गैंग ने ट्रेमर बीमारी से तुरंत ठीक करने का लालच दिया था। इसके बाद आरोपी पटेल और उसका सहायक वडाला स्थित पाटिल के आवास पर आए और उनकी जांच की। उन्होंने बताया कि उस वक्त पित्त के कारण उनके शरीर की नसें दब गई थीं, जिसके कारण शिकायतकर्ता के दोनों हाथ कांप रहे थे। फिर शिकायतकर्ता के दोनों हाथों और पीठ पर दोनों तरफ छेद वाला एक धातु का घन लगाया गया।

# सोमशेखर सुंदरेसन ने अतिरिक्त न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली

**मुंबई(भाषा),** अधिवक्ता सोमशेखर सुंदरेसन ने मंगलवार को बंबई उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली।

उच्चतम न्यायालय के कोलेजियम द्वारा 11 महीने पहले सुंदरेसन के नाम की सिफारिश के बाद केंद्र सरकार ने 23 नवंबर को उन्हें उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किया था। बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय ने सुंदरेसन को मंगलवार को पद की शपथ दिलाई। अक्टूबर 2021 में बंबई उच्च न्यायालय के कोलेजियम ने न्यायाधीश के तौर पर सुंदरेसन के नाम की सिफारिश की थी।



इसके बाद उच्चतम न्यायालय के कोलेजियम ने भी फरवरी 2022 में उनके नाम की सिफारिश की थी। नवंबर 2022 में केंद्र सरकार ने सुंदरेसन की उम्मीदवारी पर पुनर्विचार का अनुरोध करते हुए कहा था कि 'उन्होंने कई मामलों पर सोशल मीडिया में अपने विचार व्यक्त किए हैं जो अदालतों के समक्ष विचार का विषय हैं।'

## मूर्तियां चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई(यशोडेस्क),** मुलुंड पश्चिम के दीपम गृह मंदिर से एक साथ सात देवी-देवताओं की मूर्तियां चोरी हो गईं, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए मुलुंड पुलिस ने तुरंत टीमें तैनात कीं और छह घंटे के भीतर चोर को भिवंडी से ढूंढ लिया गया और उससे चुराई गई मूर्तियों को कब्जे में ले लिया गया। मुलुंड पश्चिम के पी. के.रोड पर साईं हाइट्स स्थित दीपम गृह मंदिर में विभिन्न देवताओं की सात पंचधातु और संगमरमर की मूर्तियाँ थीं। इन मूर्तियों को चांदी के वस्त्र पहनाये गये। 22 नवंबर की रात मंदिर हमेशा की तरह बंद था। 23 नवंबर को सुबह 5:30 बजे के बीच जब मंदिर खोला गया तो अंदर मौजूद भगवान की सात मूर्तियां और चांदी के वस्त्र जिनकी कीमत लगभग दो लाख थी, गायब थे।

# कृष्ण पजारी ने जीता 'मिस्टर वाईएमसीए' खिताब

**मुंबई (प्रति.),** बॉम्बे वाईएमसीए ने रविवार, 26 नवंबर 2023 को कोलाबा, मुंबई में अपनी सेंट्रल ब्रांच में एमआर वाईएमसीए - बेस्ट फिजिक कॉन्टेस्ट की गर्व से मेजबानी की। एमेच्योर बॉडीबिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुंबई और उसके उपनगरों से 120 प्रतियोगियों ने शारीरिक फिटनेस के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

छत्रपति शिवाजी व्यायाम मंडल के कृष्ण पुजारी ने प्रतिष्ठित मिस्टर वाईएमसीए (ओपेन) खिताब और प्रतिष्ठित 'एमआर' 2023 के लिए डी. पी. मेलविले चैलेंज ट्रॉफी हासिल की। पावर फिटनेस क्लब का प्रतिनिधित्व करने वाले हबीब शेख ने बॉम्बे वाईएमसीए बेस्ट फिजिक कॉन्टेस्ट 2023 में एक नया अध्याय जोड़ते हुए मिस्टर वाईएमसीए (नवोदित) का पुरस्कार अपने नाम किया।

नवोदित और ओपन वर्गों के चार श्रेणियों में से प्रत्येक में विजेताओं को




पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया, जिससे उनकी असाधारण उपलब्धियों को और भी बेहतर पहचान मिली। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि, बॉम्बे वाईएमसीए के निदेशक मंडल, माइकल मैनुअल राज, और सहायक महासचिव, ऑस्टिन कुंदर से उनके योग्य पदक और प्रमाण पत्र प्राप्त हुए। उभरते और महत्वाकांक्षी बॉडीबिल्डरों के बीच प्रसिद्ध वाईएमसीए बेस्ट फिजिक प्रतियोगिता में छोटी, मध्यम, लंबी और सुपर लंबी श्रेणियों में आठ पोज़ सिस्टम के आधार पर निर्णय लिया गया।

बॉम्बे वाईएमसीए बेस्ट फिजिक कॉन्टेस्ट के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए, बॉम्बे वाईएमसीए के अध्यक्ष सुनील लोबो ने लगभग 149 वर्षों से समुदायों को सशक्त बनाने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। कृष्ण पुजारी को एमआर. वाईएमसीए (ओपन) विजेता बधाई देते हुए, श्री लोबो ने डी.पी. की स्थायी लोकप्रियता का उल्लेख किया। मेलविले रोलिंग ट्रॉफी, 1969 में स्थापित की गई, और इसे सबसे अधिक मांग वाली बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का दर्जा भी प्राप्त है।

# अंतरिम सुरक्षा की अवधि बढ़ाई गई

**मुंबई (भाषा),** बंबई उच्च न्यायालय ने आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े को कठोर कार्रवाई से दी गई अंतरिम सुरक्षा की अवधि मंगलवार को 10 जनवरी तक बढ़ा दी। वानखेड़े को कॉर्डेलिया क्रूज नशीले पदार्थ मामले से संबंधित जबरन वसूली और रिश्वत मामले में सीबीआई ने आरोपी बनाया है। न्यायमूर्ति पी डी नाइक और न्यायमूर्ति एन आर बोरकर की खंडपीठ ने कहा कि वह सीबीआई द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध करने वाली वानखेड़े की याचिका पर 10 और 11 जनवरी, 2024 को सुनवाई करेगी। सीबीआई की ओर से पेश वकील कुलदीप पाटिल ने मंगलवार को अदालत से कहा कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता 10 या 11 जनवरी को सीबीआई की ओर से बहस करेंगे। वानखेड़े के वकील आबाद पोंडा ने कहा कि वह 10 जनवरी को बहस करेंगे। सीबीआई ने एनसीबी के पूर्व मुंबई जोनल निदेशक वानखेड़े और अन्य के खिलाफ ब्यूरो द्वारा जारी एक लिखित शिकायत के आधार पर मई में प्राथमिकी दर्ज की थी। वानखेड़े और चार अन्य आरोपियों ने 2021 में एक क्रूज जहाज से कथित रूप से नशीले पदार्थ जब्त किए जाने के बाद अभिनेता शाहरुख के बेटे आर्यन खान को नहीं फंसाने के एवज में उनसे 25 करोड़ रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

## नाबालिग से विनयभंग का आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई(यशोडेस्क),** वाकोला पुलिस ने सोमवार को एक नाबालिग लड़की से विनयभंग करने के आरोप में 44 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। वाकोला पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है। सांताक्रूज की रहने वाली 15 वर्षीय पीड़िता को उसके एक रिश्तेदार ने अकेला पाया और 13 से 16 नवंबर के बीच उसका विनयभंग किया। पीड़िता की मां जब उससे मिलने आई थी।

# समुद्री पुल को लेकर समिति ने जताया विरोध

**मुंबई(यशोडेस्क),** वर्सोवा-विरार समुद्री पुल परियोजना के कारण, वर्सोवा-विरार तट से सटे कोलीवाड़े और यहां मछली पकड़ने का व्यवसाय स्थायी रूप से प्रभावित होगा।

इसके देखते हुए 11 मछुआरों के संगठनों ने इस समुद्री पुल का विरोध करते हुए आरोप लगाया है कि मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) मछुआरों और मछुआरों के संगठनों पर भरोसा किए बिना इस परियोजना को लागू कर रहा है। मछुआरों के संगठनों ने एमएमआरडीए को चेतावनी दी है कि समुद्री पुल का काम ही नहीं बल्कि सर्वे भी नहीं होने दिया जाएगा। इसलिए इस बात का डर है कि यह प्रोजेक्ट विवादों में फंस जाएगा। 42.75 किमी लंबे वर्सोवा-विरार समुद्री पुल का निर्माण एमएमआरडीए द्वारा किया जाना है। एमएमआरडीए ने इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की समीक्षा करने का निर्णय लिया है।

इसके लिए सलाहकार नियुक्त करने की प्रक्रिया चल रही है। दूसरी ओर एमएमआरडीए द्वारा वर्सोवा-विरार के बीच सर्वेक्षण कार्य किया गया है। इसी के तहत 2 नवंबर को मढ़-गोराई बेल्ट में सर्वे के लिए गए अधिकारियों और कर्मचारियों को मछुआरों ने रोक दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### सूखे से प्रभावित हुई प्याज की खेती

**नई मुंबई (यशोडेस्क),** मुंबई कृषि उत्पन्न बाजार समिति (एपीएमसी) मार्केट में 50 के पार पहुंच चुका प्याज अब 40 के पार पहुंच गया है। इसलिए, उपभोक्ताओं को कुछ राहत मिली है, लेकिन इस साल राज्य में सूखे जैसी स्थिति के कारण, प्याज की खेती कम होने की संभावना है। इसलिए पुराना भंडारित प्याज बड़े पैमाने पर बाजार में आ रहा है। एपीएमसी के प्याज-आलू बाजार में एक हफ्ते से अच्छी कीमतें मिल रही हैं। कुछ दिन पहले थोक बाजार में प्याज 50 रुपये प्रति किलो बिक रहा था, जबकि खुदरा बाजार में प्याज 70 रुपये प्रति किलो बिक रहा था।

### एपीएमसी में स्ट्रॉबेरी की आवक शुरू

**नई मुंबई (यशोडेस्क),** नई मुंबई के एपीएमसी बाजार में बड़ी संख्या में स्ट्रॉबेरी की आवक शुरू हो गई है। पिछले साल दिवाली के बाद बेमौसम बारिश की मार पड़ी थी। इसलिए स्ट्रॉबेरी का मौसम लंबा हो गया। हालांकि, इस साल प्रकृति के सहयोग के कारण नवंबर महीने में ही बाजार लाल-लाल स्ट्रॉबेरी से सजने लगे हैं। एपीएमसी बाजार में स्ट्रॉबेरी की आवक नवंबर में शुरू होती है और सीजन दिसंबर महीने में शुरू होता है। इस साल, सोमवार को वाशी में मुंबई कृषि उपज फल बाजार में स्ट्रॉबेरी के सैकड़ों बॉक्स आए हैं। इनमें महाबलेश्वर ,पंचगनी और नासिक के स्ट्रॉबेरी शामिल हैं। नवंबर के अंत और दिसंबर में स्ट्रॉबेरी बाजार में आनी शुरू हो जाती है।

### पुलिस ने खोए हुए मोबाइल लौटाए

**मुंबई(यशोडेस्क),** घाटकोपर पुलिस ने मंगलवार को 165 शिकायतकर्ताओं को पुलिस स्टेशन बुलाया और उनके खोए तथा चोरी हुए मोबाइल फोन वापस किए। मोबाइल वापस पाने वाले नागरिकों ने पुलिस को धन्यवाद दिया। पिछले 11 महीनों में बस, लोकल ट्रेन से यात्रा करते समय और घाटकोपर पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर सड़क से गुजरते समय कई नागरिकों के मोबाइल फोन चोरी हो गए। उनमें से कुछ के मोबाइल फोन खो गए थे। उनमें से कई ने घाटकोपर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए घाटकोपर पुलिस ने दो टीमें बनाईं।

### चेंबूर में करंट लगने से लड़के की मौत

**मुंबई(यशोडेस्क),** चेंबूर में पूर्वी द्रुतगति मार्ग पर मेट्रो के काम के लिए खड़े किए गए लोहे के पत्रे को छूने से 14 साल के एक लड़के की करंट लगने से मौत हो गई। इस मामले में नेहरूनगर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिछले पांच साल से पूर्वी द्रुतगति मार्ग पर चेंबूर इलाके में 'मेट्रो 2बी' का काम चल रहा है। इस कार्य के लिए परियोजना स्थल पर लोहे का पत्रा खड़ाकर रास्ता बंद कर दिया गया है। यहां के सिद्धार्थ कॉलोनी इलाके में रहने वाला प्रज्वल नखाते (14) सोमवार शाम इस पत्रे के पास से गुजर रहा था। इस बार अचानक उसने पत्रे को छू लिया और उसे करंट का झटका लगा।

### घरों में चोरी करने वाले 6 बदमाश गिरफ्तार

**खोपोली(यशोडेस्क),** पिछले दो-तीन महीनों से खोपोली शहर में घरों में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। खोपोली पुलिस ने आखिरकार तकनीकी जांच की और 6आरोपियों को माल के साथ पुणे तथा आसपास के इलाकों से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से सात मामलों में चोरी किए गए माल में से कुल 3 लाख 85 हजार 100 रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण, नकदी, मोबाइल फोन, स्मार्ट घड़ी, दो मोटरसाइकिल और 311 किलो वजनी तांबे की प्लेट बरामद की गई है। पिछले दो-तीन महीनों से खोपोली शहर में चोरी और मोटरसाइकिल चोरी के मामले दर्ज किए गए हैं।

## आंध्र प्रदेश सरकार की याचिका पर न्यायालय ने नायडू को नोटिस जारी किया

नयी दिल्ली (भाषा), उच्चतम न्यायालय ने तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास निगम घोटाला मामले में नियमित जमानत देने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ आंध्र प्रदेश सरकार की याचिका पर मंगलवार को उनसे (नायडू) जवाब मांगा। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति एस. सी. शर्मा की पीठ ने नायडू को नोटिस जारी किया और उनसे जवाब मांगा। शीर्ष अदालत ने उनकी जमानत शर्तों में भी ढील दे दी और आठ दिसंबर तक जनसभाओं और बैठकों में उन्हें भाग लेने की अनुमति दे दी, जो सुनवाई की अगली तारीख है। पीठ ने कहा कि नोटिस जारी किया जाए, जिसका जवाब आठ दिसंबर तक देना है। जनसभाओं और बैठकों में भाग लेने से संबंधित शर्तों को छोड़कर जमानत आदेश में लगाई गई अन्य शर्तें जारी रहेंगी। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने इस मामले में नायडू की चार सप्ताह की अंतरिम चिकित्सीय जमानत को पूर्ण जमानत में बदल दिया था।

दैनिक यशोभूमि
मुंबई
बुधवार, 29 नवंबर 2023

### संक्षिप्त समाचार

#### मुर्मू ने छह देशों के दूतों के परिचय पत्र प्राप्त किए

**नयी दिल्ली (भाषा),** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में आयरलैंड, मलेशिया और माली सहित छह देशों के दूतों से उनके परिचय पत्र प्राप्त किये। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि जिन दूतों ने अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किये उनमें आयरलैंड के राजदूत केविन केली, बोस्निया एवं हर्जेगोविना के राजदूत हैरिस हर्ले और आर्मेनिया गणराज्य के राजदूत वाहगन अफयान शामिल थे। बयान में कहा गया है कि मलेशिया के उच्चायुक्त मुजफ्फर शाह बिन मुस्तफा, माली गणराज्य के राजदूत ब्रिगेडियर जनरल फेलिक्स डायलो और मार्शल द्वीप गणराज्य के राजदूत अलेक्जेंडर

#### छेड़छाड़ करने का आरोपी प्राचार्य बर्खास्त

**जींद (भाषा),** जींद के उचाना मंडी स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कई छात्राओं से छेड़छाड़ के मामले में निलंबित आरोपी प्राचार्य करतार सिंह को बर्खास्त कर दिया गया है। हरियाणा सरकार के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि विभागीय जांच रिपोर्ट मिलने के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को प्राचार्य के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई को मंजूरी दी। प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 311 (बी) के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए यह कार्रवाई की है।

#### दुष्कर्म के आरोप में तीन गिरफ्तार

**गंगटोक (भाषा),** सिक्किम के गंगटोक जिले में 22 वर्षीय एक युवती से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। गंगटोक के पुलिस अधीक्षक तेनजिंग लोडेन लेप्चा ने कहा कि यह घटना उस वक्त हुई जब महिला 25 नवंबर की रात को गंगटोक के एक स्थानीय पब में 'प्री-ग्रेजुएशन पार्टी' से घर लौट रही थी। अधिकारी ने बताया कि युवती टैक्सी में बैठी, लेकिन उसे घर छोड़ने के बजाय चालक उसे गंगटोक से लगभग 11 किमी दूर रानीपुल में एक सुनसान इलाके में ले गया, जहां उसने दो अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया।

#### पुलिस निरीक्षक से 32.5 लाख रुपए जब्त

**भुवनेश्वर (भाषा),** ओड़िशा में सतर्कता टीम ने एक पुलिस निरीक्षक के कब्जे से 32.5 लाख रुपये नकद जब्त किए। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधिकारी को हिरासत में ले लिया गया है तथा उसके परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक सतर्कता टीम ने कोरापुट जिले के ब्यापारीगुडा पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक सुशांत सत्पथी को उस वक्त पकड़ लिया, जब वह सोमवार शाम को बस से ब्यापारीगुडा से कटक जा रहा था।

#### शुभेंदु शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित

**कोलकाता (भाषा),** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी के खिलाफ 'आपत्तिजनक बयान' देने के मामले में पूरे शीतकालीन सत्र के लिए मंगलवार को निलंबित कर दिया गया। राज्य विधानसभा में 'संविधान दिवस' के मौके पर हुई चर्चा के दौरान अधिकारी के निलंबन का आदेश जारी किया गया। विधानसभा में नियम 169 के तहत इस विषय पर चर्चा का प्रस्ताव रखा गया था कि देश का संविधान किस तरह खतरे में है। चर्चा में भाजपा विधायक शंकर घोष ने हैरानी जताते हुए कहा कि भाजपा छोड़कर गए विधायक विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिए बिना अब भी अपने पदों पर हैं।

# देश से नफरत मिटाना मेरा मकसद, इसके लिए मोदी को हराना जरूरी-राहुल गांधी

**हैदराबाद (भाषा),** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि उनका लक्ष्य देश में नफरत खत्म करना है और इसके लिए केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हराना जरूरी है।

उन्होंने यहां नामपल्ली में एक चुनावी सभा में यह आरोप भी



लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), प्रधानमंत्री मोदी और 'कट्टरपंथियों' ने पूरे देश में नफरत फैला दी है। राहुल गांधी ने इस बात का उल्लेख किया कि कांग्रेस ने अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने' का नारा दिया था। उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ 24 मामले दर्ज कर दिए गए, क्योंकि वह प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ कि मानहानि के मामले में दो साल की सजा मिली। मेरी लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई। मेरा सरकारी घर छीन लिया गया। मैंने कहा कि मुझे यह नहीं चाहिए। मेरा घर देश के करोड़ों गरीबों के दिलों में है।

सांसदों एवं विधायकों के खिलाफ मामलों की सुनवाई करने वाली उत्तर प्रदेश की एक अदालत ने सोमवार को गांधी को केंद्रीय मंत्री अमित शाह के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों से संबंधित 2018 के मानहानि मामले में तलब किया। राहुल गांधी ने यहां नामपल्ली की रैली में अपने भाषण में उत्तर प्रदेश की अदालत द्वारा उन्हें समन भेजे जाने का कोई जिक्र नहीं किया। उन्होंने कहा कि लड़ाई वैचारिक है और मैं इससे समझौता नहीं कर सकता। उन्होंने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी पर भी हमला बोला और सवाल किया कि आखिर हैदराबाद के सांसद के खिलाफ कितने मामले दर्ज हैं? कांग्रेस नेता ने कहा कि ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियां हमेशा उनके पीछे पड़ी रहती हैं, लेकिन क्या कोई एजेंसी ओवैसी के पीछे पड़ी है? उन्होंने दावा किया कि सवाल उठता है कि ओवैसी के खिलाफ कोई मामला क्यों नहीं है और इसका जवाब यह है कि एआईएमआईएम अध्यक्ष, प्रधानमंत्री मोदी की मदद करते हैं। राहुल गांधी ने एआईएमआईएम पर कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने और विभिन्न राज्यों में भाजपा की मदद करने के लिए अपने उम्मीदवार उतारने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य देश से नफरत मिटाना है और इसके लिए दिल्ली में मोदी को हराना होगा। उनका कहना था कि अगर मोदी को दिल्ली में हराना है, तो सबसे पहले बीआरएस अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को तेलंगाना में हराना होगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बीआरएस, भाजपा और एआईएमआईएम एक साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि क्या केसीआर के खिलाफ कोई मामला है....वह (केसीआर) सबसे भ्रष्ट सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी एजेंसियां केसीआर या एआईएमआईएम के पीछे नहीं हैं। राहुल गांधी और उनकी बहन एवं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने यहां के निकट मल्काजगिरि में एक रोड शो में भाग लिया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोगों से कांग्रेस को सत्ता में लाने का आग्रह किया और राज्य में पार्टी की छह गारंटियों को लागू करने का वादा किया।

## नवजातों की तस्करी के गिरोह का भंडाफोड़

**बेंगलुरू (भाषा),** बेंगलुरू में पुलिस ने नवजात बच्चों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर कथित सात 'एजेंट' को गिरफ्तार किया है और इस पूरे प्रकरण में चिकित्सकों के भी शामिल होने का संदेह है। बेंगलुरू के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 20 दिन के एक बच्चे को तब बचाया गया जब गिरोह के सदस्यों को यहां राजराजेश्वरी नगर में संदिग्ध परिस्थितियों में देखा गया। उन्होंने बताया कि गिरोह के सदस्य मुख्य रूप से पड़ोसी राज्य तमिलनाडु के हैं। अधिकारी के मुताबिक गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान सुहासिनी, गोमती, कन्नन रामास्वामी, हेमलता, शरण्या, महालक्ष्मी और राधा के रूप में की गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि राजराजेश्वरी नगर थाना में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरोह कथित रूप से नवजात शिशुओं की चोरी कर निःसंतान दंपतियों को 'ऊंची कीमत' पर बेचने में शामिल था।

## नौकरियां देने की बात साबित कर दें, राजनीति छोड़ दूंगी–कविता

**हैदराबाद (भाषा),** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधान परिषद सदस्य के. कविता ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष साबित कर दें कि उनकी पार्टी के शासन वाले किसी भी राज्य में तेलंगाना से एक भी अधिक नौकरी दी गई तो वह राजनीति छोड़ देंगी। तेलंगाना कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता भट्टी विक्रमार्क ने एक मंदिर में हलफनामे पर दस्तखत करके तेलंगाना की जनता के लिए



छह गारंटी लागू करने की शपथ ली है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कविता ने कहा कि कांग्रेस बहुत अविवेकपूर्ण और बेतुके वादे करती है। उन्होंने कहा कि मैं राहुल गांधी जी और कांग्रेस पार्टी को चुनौती देना चाहती हूं। यदि किसी कांग्रेस शासित राज्य में आपने तेलंगाना सरकार के मुकाबले कम से कम एक भी अतिरिक्त नौकरी दी होगी तो मैं व्यक्तिगत रूप से राजनीति से संन्यास ले लूंगी। कविता ने कहा, लेकिन अगर राहुल गांधी यह साबित नहीं कर पाए तो क्या राजनीति से इस्तीफा देंगे? यदि आप यह साबित नहीं कर सकते तो तेलंगाना के बेरोजगार युवाओं से झूठ मत बोलिए। लोगों को धोखा मत दीजिए, हलफनामे भरकर हमारे लोगों को मत ठगिए। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कर्नाटक में उसके सभी 223 उम्मीदवारों ने जनता को शपथ-पत्र दिए थे, लेकिन राज्य में उन्होंने जो पांच वादे किए थे, उनमें से एक भी सच साबित नहीं हुआ है और एक पर भी अब तक काम नहीं हो रहा। कविता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले वादा किया था कि वह सरकार बनने के 100 दिन के अंदर 2.60 लाख पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर देगी, लेकिन आज तक कुछ नहीं शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि बीआरएस सरकार ने 2.32 लाख खाली पदों को भरने के लिए अधिसूचना निकाल दी है और 1.60 लाख रिक्तियों को पहले ही भरा जा चुका है।

## अरुणाचल प्रदेश में नौकरशाही में बड़ा फेरबदल

**ईटानगर (भाषा),** अरुणाचल प्रदेश सरकार ने मंगलवार को नौकरशाही में बड़ा फेरबदल करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के दो तथा अरुणाचल प्रदेश सिविल सेवा (एपीसीएस)

### 58 वरिष्ठ अधिकारियों को नई पदस्थापना

के 56 वरिष्ठ अधिकारियों की नयी पदस्थापना की। मुख्य सचिव धर्मेंद्र ने एक आदेश में कहा कि यह फेरबदल भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के निर्देशानुसार किया गया है। सोमवार को जारी आदेश में कहा गया है कि लोगों की सुविधा के लिए दो आईएएस अधिकारियों तथा अरुणाचल प्रदेश सिविल सेवा (एपीसीएस) के 56 अधिकारियों को नयी पदस्थापना दी गई है। विशेष स्वास्थ्य सचिव एच. पी. विवेक को लोअर सुबनसिरी के उपायुक्त के रूप में, जबकि विशेष शिक्षा सचिव इरा सिंघल को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के 'विशेष कर्तव्य अधिकारी' (ओएसडी) के रूप में तैनात किया गया। 'अरुणाचल प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड' (एपीएसएसबी) के संयुक्त सचिव ड्यूली कामदुक को बोर्ड के अतिरिक्त सचिव के रूप में पदोन्नत किया गया, जबकि 'भूमि प्रबंधन और उपभोक्ता मामलों' के संयुक्त सचिव बीजे डुइया को विभाग के अतिरिक्त सचिव के रूप में पदोन्नत किया गया।

## जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार

**नयी दिल्ली (भाषा),** सुप्रीम कोर्ट ने रक्षा लेखा महानियंत्रक द्वारा जारी पत्र और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के उस कार्यालय ज्ञापन को रद्द करने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें सरकार की उपलब्धियों को दर्शाने के लिए लोकसेवकों का इस्तेमाल करने की मांग की गई है। न्या. गवई और न्या. मिश्रा की पीठ ने वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर गौर किया और कहा कि वह 'प्रचार हित याचिका' पर सुनवाई करने की इच्छुक नहीं है। भूषण ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है जिसमें सत्तारूढ़ दल आगामी चुनावों में लाभ पाने के उद्देश्य से अपने काम के प्रचार के लिए लोकसेवकों का कथित तौर पर उपयोग करना चाहता है।

## शिवराज सिंह चौहान को मप्र में पांचवीं बार भाजपा का परचम फहराने की उम्मीद

**भोपाल (भाषा),** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विश्वास जताया है कि भारतीय जनता पार्टी राज्य में पांचवीं बार सरकार बनाएगी।

मप्र में इस महीने की शुरुआत में विधानसभा चुनाव हुए हैं तथा मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगी। महिलाओं के लिए अपनी सरकार की प्रमुख 'लाडली



बहना योजना' का जिक्र करते हुए चौहान ने सोमवार रात कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने ईमानदारी से प्रयास किए हैं और लाडली बहना (योजना के लाभार्थियों) ने पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी बाधाओं को दूर कर दिया है। वह सीहोर जिले में अपने गृह क्षेत्र बुधनी में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। राज्य विधानसभा चुनाव 17 नवंबर को हुए थे और वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी। चौहान के नेतृत्व वाली प्रदेश भाजपा सरकार ने सबसे पहले इस साल मार्च में लाडली बहना योजना की घोषणा की, जिसके तहत पात्र महिलाओं को 1,250 रुपये प्रति माह दिए जाते हैं और जून से वित्तीय सहायता का वितरण शुरू किया गया। शुरुआत में इस योजना के तहत महिलाओं को 1,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही थी और अगस्त में इसे बढ़ाकर 1,250 रुपये कर दिया गया। भाजपा ने इससे पहले राज्य में 2003, 2008, 2013 और 2020 में सरकार बनाई थी। चौहान ने विश्वास जताते हुए कहा कि भाजपा तीन दिसंबर को मप्र में पांचवीं बार सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि इसमें (सरकार बनाने को लेकर) कोई संदेह नहीं है। कहा जा रहा है कि कांटे की टक्कर है। ऐसी कोई स्थिति नहीं है। कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की है और लाडली बहनों (योजना के लाभार्थियों) ने सभी 'कांटे' (बाधाएं) दूर कर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग राज्य में भाजपा द्वारा किए गए कार्यों के लिए उसे आशीर्वाद देंगे।

## हवाई अड्डे को उत्कृष्टता पुरस्कार

**तिरुवनंतपुरम (भाषा),** केरल के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को जम्मू-कश्मीर में आयोजित 23वें 'वार्षिक ग्रीनटेक पर्यावरण पुरस्कार' समारोह में प्रतिष्ठित 'पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। हवाई अड्डा प्रबंधन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रबंधन ने कहा कि 24 नवंबर को हवाई अड्डे को दिया गया यह पुरस्कार उत्सर्जन कटौती पहल के प्रति उसकी असाधारण प्रतिबद्धता को मान्यता देता है। उन्होंने एक बयान में कहा कि हम हवाई अड्डे और आसपास के समुदायों में स्थिरता को बढ़ाने के लिए पूरी लगन से काम कर रहे हैं। बयान में कहा गया है कि हवाई अड्डे अपशिष्ट सामग्रियों से ऊर्जा का निर्माण किया।

## पाकिस्तानी कलाकारों के काम करने पर प्रतिबंध के अनुरोध वाली याचिका खारिज

**नयी दिल्ली (भाषा),** उच्चतम न्यायालय ने भारत में प्रस्तुति देने या काम करने के लिए आने वाले पाकिस्तानी कलाकारों पर पूर्ण प्रतिबंध के अनुरोध वाली याचिका मंगलवार को खारिज कर दी और याचिकाकर्ता से कहा कि वह इतनी संकीर्ण मानसिकता नहीं रखे।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना एवं न्यायमूर्ति एस. वी. एन. भट्टी की पीठ ने कहा कि वह बंबई उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने का इच्छुक नहीं है, जिसने फैज अनवर कुरैशी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया था। कुरैशी खुद के सिने कर्मी और कलाकार होने का दावा करता है। पीठ ने कहा कि आपको इस अपील के लिए दबाव नहीं डालना चाहिए। इतनी संकीर्ण मानसिकता न रखें। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता के खिलाफ उच्च न्यायालय द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों को रिकॉर्ड से बाहर करने की याचिका भी खारिज कर दी।

याचिका में अदालत से केंद्र सरकार को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि अदालत भारतीय नागरिकों, कंपनियों, फर्म और एसोसिएशन पर पाकिस्तान के सिने कर्मियों, गायकों, गीतकारों और तकनीशियनों सहित किसी भी पाक कलाकार को रोजगार देने या किसी भी काम अथवा प्रस्तुति के लिए बुलाने, कोई सेवा लेने या किसी भी संगठन में प्रवेश करने आदि पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए। बंबई उच्च न्यायालय ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता अदालत से जो अनुमति चाहता है वह सांस्कृतिक सद्भाव, एकता और शांति को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रतिकूल कदम है और इसमें कोई दम नहीं है। अदालत ने कहा था कि किसी को भी यह समझना चाहिए कि देशभक्त होने के लिए किसी को विदेश, खासकर पड़ोसी देश के लोगों के प्रति शत्रुतापूर्ण व्यवहार करने की जरूरत नहीं है।

## अदालत ने संजय की याचिका पर जवाब मांगा

**नई दिल्ली (भाषा),** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह द्वारा दाखिल जमानत अर्जी पर छह दिसंबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने आवेदन पर केंद्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया। आवेदन में दावा किया गया कि सिंह को आगे हिरासत में रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। न्यायाधीश ने अर्जी पर संज्ञान लेते हुए ईडी को आरोपी को जवाब की एक प्रति उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।

## केवल महिलाओं के लिए नर्सिंग पाठ्यक्रमों के खिलाफ याचिका पर जवाब तलब

**नयी दिल्ली (भाषा),** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय के बीएससी (ऑनर्स) नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए केवल महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने की अनुमति देने वाले प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका पर मंगलवार को केंद्र और शहर सरकार से अपना रुख बताने को कहा है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने 'इंडियन प्रोफेशनल नर्सेज एसोसिएशन' की जनहित याचिका पर नोटिस जारी किया और सरकारों के अलावा संस्थानों एवं भारतीय



नर्सिंग परिषद को चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील रॉबिन राजू ने कहा कि याचिका में लैंगिकता आधारित पात्रता को चुनौती दी गई है।

उन्होंने कहा कि देश में नर्सों की कमी को देखते हुए लैंगिक भेदभाव के विपरीत सभी व्यक्तियों को पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अनुमति दी जानी चाहिए। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता देशभर में नर्सों के कल्याण के लिए काम करने वाली एक गैर-सरकारी पंजीकृत संस्था है और वह इस चिंता को उजागर करने के लिए तत्काल याचिका दायर कर रही है कि आज भी पुरुष और तीसरे लिंग के उम्मीदवारों को प्रतिवादियों से संबद्ध नर्सिंग कॉलेज द्वारा निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया में भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है।

## जागरूकता फैलाने के लिए 17,000 किमी.की पैदल यात्रा

**कोहिमा (भाषा),** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का एक सामाजिक कार्यकर्ता रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए 21,000 किलोमीटर लंबी पैदल यात्रा पर निकला है। किरण वर्मा ने 28 दिसंबर, 2021 को केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम से अपनी यात्रा शुरू की थी और 17,700 किमी की दूरी तय कर अब वह पूर्वोत्तर राज्य नागालैंड पहुंच गए हैं। वर्मा ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि उनका मिशन रक्तदान के महत्व पर जागरूकता फैलाना है ताकि रक्त के अभाव में किसी की मौत न हो। उन्होंने कहा कि अब तक उनके समर्थन में देश भर में 126 रक्तदान शिविर आयोजित किए गए हैं और 26,722 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ है। वर्मा ने कहा कि शिविरों के अलावा इस अभियान में समर्थन देने वाले 9,000 से अधिक लोगों ने देश और विदेश के विभिन्न ब्लड बैंकों में रक्तदान किया है। सामाजिक कार्यकर्ता वर्मा ने रविवार को कोहिमा पहुंचने पर राज्य के पर्यटन और उच्च शिक्षा मंत्री तेमजेन इम्ना अलोंग से मुलाकात की। अलोंग अपने मजाकिया अंदाज के लिए पूरे देश में सोशल मीडिया पर बहुत लोकप्रिय हैं।

## इंदिरा गांधी का शासन 'मुठभेड़ों और हत्याओं' से भरा था -के चंद्रशेखर राव

**वारंगल (तेलंगाना) (भाषा),** मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने कांग्रेस द्वारा तेलंगाना की सत्ता में आने पर 'इंदिरम्मा राज्यम' (पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का शासन) वापस लाने संबंधी टिप्पणी को लेकर मंगलवार को विपक्षी पार्टी के नेताओं पर



निशाना साधा और आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री का शासन 'मुठभेड़ों, गोलीबारी और हत्याओं' से भरा हुआ था। तेलंगाना विधानसभा के लिए 30 नवंबर को होने वाले मतदान में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) उम्मीदवारों के पक्ष में यहां आयोजित अपनी 95वीं चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राव ने कहा कि अगर उनकी पार्टी फिर से सत्ता में आती है, तो शहर को अतिरिक्त नागरिक बुनियादी ढांचे के साथ विकसित किया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि अगर बीआरएस राज्य में सत्ता में आती है, तो वृद्धावस्था पेंशन मौजूदा 2,000 रुपये से बढ़ाकर 5,000 रुपये प्रति माह कर दी जाएगी। इंदिरा गांधी के शासन का संदर्भ देते हुए राव ने आरोप लगाया कि आज कांग्रेस के लोग कह रहे हैं कि अगर वे जीते तो इंदिराम्मा राज्यम लाएंगे। इंदिराम्मा राज्यम कौन चाहता है? इंदिराम्मा राज्यम में क्या हुआ था? यदि यह इतना अच्छा होता, तो एनटीआर (आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एनटी रामाराव) को पार्टी क्यों बनानी पड़ती और दो रुपये प्रति किलोग्राम चावल की पेशकश क्यों करनी पड़ती। इंदिराम्मा राज्यम आपातकाल, मुठभेड़ों, गोलीबारी और हत्याओं से भरा था।

## फसलों के नुकसान के आंकलन के लिए सर्वेक्षण का आदेश

**राजकोट (भाषा),** गुजरात सरकार ने हाल ही में हुई बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों को मुआवजा प्रदान करने को लेकर फसलों के नुकसान के आंकलन के लिए राज्य व्यापी सर्वेक्षण का आदेश दिया है। राज्य के कृषि मंत्री राघवजी पटेल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पटेल ने कहा कि रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के दिशा-निर्देशों के मुताबिक प्रभावित किसानों को मुआवजा प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नुकसान ज्यादा नहीं होगा क्योंकि ज्यादातर खरीफ फसलों की कटाई हो चुकी है और शुरुआती अनुमान से पता चला है कि बारिश से लगभग तीन से चार लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खड़ी फसलों को नुकसान हुआ हो सकता है। पटेल ने कहा कि आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक 26 और 27 नवंबर को बेमौसम बारिश ने 236 तालुका को प्रभावित किया। कम से कम 112 तालुका में एक इंच बारिश हुई, जबकि 34 में करीब दो इंच, वहीं छह तालुका में चार इंच तक बारिश दर्ज की गई।

## तेलंगाना में केसीआर की 'वारंटी खत्म' हुई कांग्रेस की 'गारंटी' का समय शुरू–कांग्रेस

**नयी दिल्ली (भाषा),** कांग्रेस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) पर राज्य के लोगों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि उनकी 'वारंटी' अब 'समाप्त' हो गई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि राज्य में हैदराबाद के बाहर विकास नहीं हुआ। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि तेलंगाना राज्य का गठन प्रदेश के सभी क्षेत्रों और जिलों में विकास लाने के लिए किया गया था। नौ साल बाद, हैदराबाद और उसके आसपास ही विकास हुआ है। रमेश ने कहा कि तेलंगाना राज्य का गठन स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के मौके सुनिश्चित करने के लिए किया गया था, लेकिन नौ साल बाद भी तेलंगाना में देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर है। उन्होंने कहा कि कांस्टेबल को छोड़कर तेलंगाना राज्य लोकसेवा आयोग के जरिए कोई अहम भर्ती नहीं हुई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि तेलंगाना राज्य का गठन सामाजिक न्याय को बढ़ाने के लिए किया गया था। इसके गठन का उद्देश्य राज्य के दलितों, आदिवासियों, पिछड़ी जातियों और अल्पसंख्यकों को शासन में हिस्सेदारी प्रदान करना था। नौ साल तक राज्य पर हर तरह से केसीआर, उनके बेटे, भतीजे और बेटी का नियंत्रण रहा है।

## सिलचर के लेखक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**इंफाल (भाषा),** मणिपुर में जातीय हिंसा पर आधारित अपनी किताब 'मणिपुर फाइल्स' के माध्यम से 'विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने' के आरोप में सिलचर के एक लेखक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कांगलेईपाक कनबा लुप (केकेएल) के युवा नेता लुवांगचा यू नगामखेइंगकपा द्वारा 25 नवंबर को इंफाल पूर्वी जिले के पोरोम्पैट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

## सरकार और विपक्ष उत्तर प्रदेश के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए काम करे तो बेहतर होगा–मायावती

**लखनऊ (भाषा),** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार से शुरू हुए विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर कहा कि सरकार और विपक्ष राजनीति करने के बजाय जनहित और उत्तर प्रदेश के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए काम करे तो उचित होगा। बसपा प्रमुख ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किये गये अपने संदेश में आशंका जाहिर करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा का आज से शुरू हुआ सत्र राज्य के समेकित व समग्र विकास तथा जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चाओं व अन्य जरूरी जिम्मेदारियों के निर्वहन के कारण प्रदेश हित में साबित होगा या फिर अन्य कारणों से औपचारिकता मात्र होकर रह जाएगा? सरकार व विपक्ष इस पर अवश्य ध्यान दे। अपने सिलसिलेवार पोस्ट में मायावती ने सलाह देते हुए कहा कि देश की सर्वाधिक लगभग 25 करोड़ जनसंख्या वाला एक गरीब व पिछड़ा राज्य होने के नाते उप्र के समतामूलक विकास व प्रगति को लेकर केंद्र व उप्र सरकार की विशेष जिम्मेदारियां हैं। ऐसे में सरकार व विपक्ष राजनीति करने के बजाय जनहित और प्रदेश के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए समयबद्ध तरीके से कार्य करे तो उचित रहेगा।

## विंध्यधाम आने वाले श्रद्धालुओं को जल्द ही जाम से मिलेगी मुक्ति

मिर्जापुर (एजेंसी) , अब विंध्यधाम आने वाले श्रद्धालुओं को जल्द ही जाम से मुक्ति मिलेगी और उनकी राह आसान होगी। चौड़ी व खाली सड़कें तो होंगी ही, समय की भी बचत होगी। श्रद्धालु सड़क से ही विंध्यवासिनी मंदिर के शिखर पर लगे पताका का दर्शन कर सकेंगे। यही नहीं, विंध्याचल मार्ग से गुजरने वाले श्रद्धालु भी मां का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट विंध्य कारिडोर निर्माण के लिए मकानों से घिरे विंध्यवासिनी मंदिर को मुक्त कराया गया तो दर्शनार्थियों को काफी सुविधा होने लगी। वहीं अब एक और समस्या से दर्शनार्थियों को निजात मिलेगी। दरअसल, दूर-दराज से विंध्यधाम आने वाले छोटे-बड़े वाहन घंटों में जाम में फंसे रहते थे। इससे दर्शनार्थियों को काफी परेशानी होती थी, लेकिन अब दर्शनार्थियों को संकरी व उबड़-खाबड़ सड़क से मुक्ति मिलेगी। बंगाली तिराहा से रेहड़ा पुलिया तक व रेहड़ा पुलिया से अटक चौक तक 70 फीट चौड़ा फोरलेन सड़क इन समस्याओं से निजात दिलाएगा। विंध्यकारिडोर के अंतर्गत सड़कों का चौड़ीकरण भी होना है। मंदिर को जोड़ने वाले चार प्रमुख मार्गों को चौड़ा कर अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। मंदिर पहुंचने वाले वीआईपी मार्ग, पुरानी वीआईपी मार्ग को चौड़ा करने के लिए राजस्व कर्मियों ने नापी शुरू कर दी है।

# प्रधान को जगाकर बदमाशों ने मारी गोली

**जौनपुर (प्रति.),** सिरकोनी विकास खंड के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के इस्मैला ग्राम प्रधान को बदमाशों ने रात 12 बजे जगाकर पैर में गोली मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सदस्य राजकुमार यादव के बड़े भाई राजेंद्र यादव अपने मकान के बरामदे में सोये थे। वह वर्तमान में ग्राम प्रधान भी हैं। रात 12 के लगभग तीन बदमाश बुलेट मोटरसाइकिल से उनके घर पहुंचे। उसमें दो बदमाश स्टार्ट बुलेट मोटरसाइकिल पर ही बैठे रहे। एक बदमाश उतरकर राजेंद्र के बरामदे में जाकर उनको जगाया तथा राजकुमार को पूछने लगा। उन्होंने कहा कि राजकुमार कहां है, मुझे नहीं पता है। बार–बार बदमाश राजकुमार को पूछ रहे थे। न बताने पर राजेंद्र के पैर में गोली मार दी और बुलेट मोटरसाइकिल से भाग निकले। भागते समय बदमाशों ने तीन राउंड फायरिंग की। गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण और परिजन दौड़े तो देखा राजेंद्र लहूलुहान गिरकर तड़प रहे थे। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस व परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल भर्ती कराया जहां समाचार लिखे जाने तक उनका इलाज चल रहा है। लोगों के बीच चर्चा है कि बदमाश राजकुमार की हत्या करने की नियत से आए हुए थे। राजकुमार के न मिलने पर उनके बड़े भाई को ही गोली मार दी। ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष सिरकोनी मनोज यादव ने कहा कि अगर पुलिस 24 घंटे के अंदर बदमाशों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं करती तो हम सभी प्रधान धरना–आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



**भाई की हत्या करने की नियत से आये थे हमलावर**

## शार्ट सर्किट से गोदाम में लगी आग

**गोंडा (एजेंसी),** शहर के भीड़भाड़ वाले ठठेरी बाजार में सोमवार की दोपहर रेडीमेड कपड़ों के गोदाम में शार्ट सर्किट से आग लग गई। करीब बीस फिट ऊंचाई तक धुआं व लपटे उठती रहीं। सूचना पर बाजार के लोग जुट गए। दूसरी मंजिल पर आग होने के कारण अग्निशमन कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। आग बुझाने के लिए पांच फायर टेंडर के साथ ही एक छोटा वाहन लगाना पड़ा। करीब साढ़े चार घंटे के बाद लपटों पर काबू पाया जा सका। आग से 50 लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है। दयानंदनगर निवासी कैलाशनाथ गुप्ता की ठठेरी बाजार में रेडीमेड कपड़ों की दुकान है।

# ट्रक की टक्कर में खलासी की मौत

**चालक मौके से फरार**

**अमेठी (एजेंसी),** फुरसतगंज रायबरेली-सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े ट्रक को पीछे से दूसरे ट्रक ने टक्कर मार दी। इसमें ट्रक के खलासी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ट्रक का खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं, घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। रायबरेली-सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को बांदा से गिट्टी लादकर जायस की तरफ जा रहा ट्रक फुरसतगंज पावर हाउस के पास रुका था। जहां ट्रक का खलासी नीचे उतरकर ट्रक के टायर में फंसी गिट्टी निकालने लगा। इसी दौरान पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसकी चपेट में आने से गिट्टी साफ कर रहे खलासी बैजनाथ मिश्रा उर्फ मल्हु (42) निवासी रौहारी थाना हैदरगंज जनपद अयोध्या की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दूसरे ट्रक का खलासी दीपक निवासी रामगंज रायबरेली घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायल खलासी को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रभारी एसओ रामसुंदर ने बताया कि एक ट्रक के चालक ने टक्कर मारने वाले दूसरे ट्रक चालक के खिलाफ शिकायत की है। जिसपर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बैजनाथ मिश्रा सात माह से ट्रक पर खलासी का काम कर रहा था। मृतक के दो बेटे सुमित और युवराज हैं। तीन भाइयों में वह मझला था।



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**जौनपुर (प्रति.),** शाहगंज के मुंबई में कन्टेनर चला रहे सचिन भारती की सड़क हादसे में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बीबीगंज चौकी क्षेत्र के गोड़िला गांव निवासी सचिन भारती (22) पुत्र महेश भारती मुम्बई शहर में कन्टेनर चलाता था। शनिवार की शाम करीब 3 बजे वह कन्टेनर लेकर हाईवे पर पहुंचा और गाड़ी को सड़क किनारे रोककर उसमें आई कमियों को ठीक करने लगा। पीछे से आ रही एक कन्टेनर ने सचिन के कन्टेनर पर जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसके आगे की कन्टेनर सचिन के ऊपर चढ़कर पार हो गई और सचिन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कन्टेनर चालक के शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना देते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मवेशी से भिड़कर बाइक सवार घायल

**भदोही (एजेंसी),** ज्ञानपुर कोतवाली क्षेत्र के शुकुलपुर डभका गांव के पास मंगलवार की सुबह मवेशी से भिड़कर एक बाइक सवार घायल हो गया। घायल व्यक्ति का इलाज निजी अस्पताल में हुआ। जाठी निवासी एक युवक बाइक से ज्ञानपुर की तरफ आ रहा था। इस बीच सड़क पार कर रही मवेशी से भिड़ा और जख्मी हो गया।

### अनियंत्रित बाइक गिरने से शिक्षक घायल

**चंदौली (एजेंसी),** धीना में सैयदराजा जमानिया मार्ग स्थित बरहनी चौराहे के समीप मंगलवार की सुबह बाइक अनियंत्रित होने से शिक्षक गिरकर घायल हो गये। शिक्षक नेता डा. जयकुमार सिंह मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने शिक्षक की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शहाबगंज निवासी असीम अहमद अवही प्राथमिक विद्यालय पर अध्यापक के पद कार्यरत है। वह प्रतिदिन की तरह बाइक पर सवार होकर सुबह विद्यालय जा रहे थे।

### रोजगार मेला का आयोजन आज

**आजमगढ़ (एजेंसी),** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, आईटीआई व कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में 29 नवंबर को आईटीआई मैदान हर्रा की चुंगी में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगार सेवयोजन पोर्टल पर आनलइन आवेदन कर सकते हैं। आनलाइन आवेदन न होने पर अपने सभी प्रमाण पत्रों के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं।

### उपकेंद्र की क्षमता बढ़ाने की मांग

**बलिया (एजेंसी),** बैरिया के स्थानीय विद्युत सब स्टेशन से जुड़े दर्जनों गांवों में लोग बिजली की बार-बार हो रही ट्रिपिंग कि समस्या से परेशान हैं। शाम को बिजली का पिक आवर होता है, इस समय बिजली कई बार ट्रिप हो जाती हैं। स्थानीय बिजली कर्मचारियों व अधिकारियों का कहना है कि ओवरलोड से बिजली ट्रिप होती है। पावर हाउस की क्षमता बढ़ाने से इस समस्या का स्थाई समाधान हो सकता है। क्षेत्रीय लोगों ने पावर हाउस की क्षमता बढ़ाने की मांग की है।

### पांच विस्वा जमीन मिलने के बाद हुआ अंतिम संस्कार

**प्रतापगढ़ (एजेंसी),** संग्रामगढ़ क्षेत्र में गांव के एक युवक के बुलाने पर लाइन की मरम्मत करने गए युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम से शव लौटने के बाद परिजन शव घर पर रखकर कार्रवाई और आर्थिक मदद की मांग करने लगे। पांच विस्वा जमीन का आश्वासन मिलने पर परिजनों ने मंगलवार को अंतिम संस्कार किया। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के अर्जुन अतेरु गांव निवासी साहिल पटेल (19) पुत्र कमलेश पटेल बिजली का काम करता था। शनिवार की रात गांव के ही अभय उसे अपने घर की खराब लाइन को दुरुस्त कराने ले गए।

## कार ने सड़क किनारे खड़े चार लोगों को कुचला, दो की मौत

**गोंडा (भाषा),** जिले में मंगलवार को एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े चार लोगों को कुचल दिया जिनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से जख्मी दो अन्य का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि जिले के कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोंडा-अयोध्या राजमार्ग पर स्थित दूधनाथ मंदिर के पास मंगलवार पूर्वान्ह एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े चार लोगों को कुचलते हुए एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में जन्नत (50) और मोहम्मद नईम (55) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मोहम्मद इसहाक (55) और शफीकुननिशा (60) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दोनों को इलाज के लिए गोंडा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिवराज ने बताया कि मौके पर पहुंची पांडेय बाजार पुलिस चौकी और नगर कोतवाली पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि परिजनों की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरि ने किन्नरों के साथ यातायात के लिए किया जागरूक

**प्रयागराज (एजेंसी),** आज देश में बीमारियों से ज्यादा मौत सड़क दुर्घटनाओं में हो रही है। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि युवा वर्ग के लोगों की सड़क दुघर्टना में ज्यादा मौत हो रही है। ऐसे में हम सभी लोगों को चाहिए कि यातायात के सभी नियमों का पालन करें। जिससे कि वह स्वयं सुरक्षित रहे और परिजनों को कोई परेशानी न हो। यह बातें उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि (टीना मा) ने किन्नर अखाड़ा और यातायात पुलिस की ओर से यातायात जागरूकता के लिए जानसेनगंज चौराहे से चौक फांसी इमली तक निकाली गई रैली में लोगों को सम्बोधित करते हुए कही। इस दौरान किन्नर अखाड़ा के सभी संत पीले कलर की साड़ी और सलवार-सूट में थे। वह लोगों को गुलाब का फूल देकर सुरक्षित यातायात के लिए जागरूक कर रहे थे। महामंडलेश्वर ने कहा कि अगर लोग यातायात नियमों से चले तो दुर्घटना नहीं हो सकती है। कहा कि दोपहिया वाहन चालक हेलमेट जरूर लगाये और वाहन पर दो से ज्यादा लोग बैठकर न चले।



## 36 किसानों पर 90 हजार का जुर्माना

**कुशीनगर (एजेंसी),** पराली जलाने को लेकर कसया तहसील क्षेत्र के 36 किसानों पर कार्रवाई हुई है। उन पर 90 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। पराली जलाने से रोकने के लिए गठित टीम की आख्या पर तहसील प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। पराली न जलाने को लेकर शासन स्तर से सख्त निर्देश दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर इसकी निगरानी सेटेलाइट से की जा रही है। इसके बावजूद भी पराली जलाने के मामले कम नहीं हो रहे हैं।

खेतों में आए दिन पराली जलती दिख रही है। इस पर नियंत्रण के लिए तहसील प्रशासन की ओर से टीमें गठित की गई हैं। कसया तहसील क्षेत्र में 36 किसानों को 90 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। इनमें से करीब 53 हजार रुपये वसूले भी गए हैं। कसया के एसडीएम योगेश्वर सिंह ने बताया कि तहसील क्षेत्र में पराली जलाने के 36 मामले सामने आए हैं। इसलिए 36 किसानों पर 90 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से प्रदूषण फैल रहा है, और खेत की उर्वरा शक्ति भी क्षीर्ण हो रही है। इसलिए किसान पराली किसी हाल में न जलाएं।

## वाहन की चपेट में आने से किसान की मौत

**संत कबीर नगर (एजेंसी),** धनघटा क्षेत्र के तामा गांव के पास राम जानकी मार्ग पर वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार 65 वर्षीय किसान की मौत हो गई। देर रात हुई घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गोरखपुर जिले के गोला थाना क्षेत्र के नगवा भगवानपुर निवासी राम प्रसाद गुप्त पुत्र रघुनंदन बाइक से धनघटा रिश्तेदारी में आए थे। यहां से वह देर रात लौट रहे थे। जब वह तामा गांव के समीप पहुंचे तो सामने से तेज गति से आए एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर दी।

## हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**बलिया (भाषा),** बलिया जिले के हल्दी थाना क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार हल्दी थाना क्षेत्र के रुद्रपुर गायघाट के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-31 पर सोमवार देर रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर में बाइक सवार मनोज वर्मा (40) और जितेंद्र वर्मा (35) की मौत हो गई। दोनों एक बारात से लौट रहे थे। हल्दी के थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में मृतक जितेंद्र वर्मा के भाई की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों व्यक्ति सुखपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत देवकली गांव के निवासी थे और हल्दी थाना क्षेत्र के चकिया-जमालपुर गांव में एक बारात में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे।




## बाइक सवार सहित चार लोग घायल

**कौशाम्बी (एजेंसी),** सैनी कोतवाली के सिराथू कस्बा निवासी अमित पुत्र शिव मोहन मंगलवार की सुबह साइकिल से थुलगुला के काजीपुर गांव गया था। इस दौरान बाइक में सवार तीन लोग काजीपुर निवासी मनोज पुत्र राम भवन , सूरज पुत्र दुर्गा व एक अज्ञात साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर खाई में चले गए। हादसे में साइकिल सवार अमित व बाइक सवार सूरज , मनोज सहित चार लोग जख्मी हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने हादसा देखा तो घायलों को इलाज के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## नदी में नहाते समय दो चचेरे भाई डूबे

**श्रावस्ती (एजेंसी),** तुलसीपुर में कार्तिक पूर्णिमा पर सोमवार को राप्ती नदी के भकला घाट पर स्नान करने गए दो चचेरे भाई नहाते समय डूब गए। वहां मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। स्थानीय गोताखोर व फ्लड पीएसी की मदद से नदी में दोनों की तलाश की गई पर पता नहीं चल सका। हादसे के बाद दोनों के घरों में कोहराम मचा हुआ है। सोनवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मननगर निवासी पंकज सोनी (19) पुत्र संजू सोनी अपने चचेरे भाई अभिषेक सोनी (16) पुत्र संतोष सोनी के साथ सोमवार सुबह कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान के लिए राप्ती नदी गए थे। दोनों भिनगा कोतवाली क्षेत्र के भंगहा मोड़ के पास राप्ती नदी के भकला घाट पर नहाने के लिए उतरे थे। वहां नहाते समय दोनों भाई गहरे पानी में चले गए। आसपास स्नान कर रहे लोग जब तक उन्हें बचाने का प्रयास करते दोनों भाई डूब गए। इसकी सूचना लोगों ने परिवारीजनों सहित भिनगा पुलिस को दी। सोनवा व भिनगा पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से दोनों की नदी में तलाश कराई, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिवारीजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

## पनीर की फैक्टरी पर छापा, मचा हड़कंप

**बस्ती (एजेंसी),** जिले में नकली पनीर की फैक्टरी पर देर रात छापा पड़ा। यहां केमिकल्स का इस्तेमाल कर मिलावटी नकली पनीर बनाया जा रहा था। यह छापा एसडीएम बस्ती सदर गुलाब चंद के नेतृत्व में पड़ा है। मौके पर न्यायाब तहसीलदार, फूड विभाग की टीम, थानाध्यक्ष नगर संतोष कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। यहां भारी मात्रा में नकली पनीर बरामद हुआ है। बस्ती जिले के पाल्हा गांव के पास नकली पनीर की फैक्टरी पर छापा पड़ा है।

## लोगों की परेशानी का सबब बने तेंदुए को पकड़ा गया

**बहराइच (भाषा),** बहराइच जिले के नानपारा वन रेंज में चार माह से ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब बनी करीब चार-पांच वर्ष की मादा तेंदुआ को मंगलवार सुबह वन विभाग की टीम ने पिंजरे में कैद कर लिया। इससे पहले शनिवार रात इस तेंदुए के शावक को भी पिंजरे में कैद किया गया था। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) तथा इस विशेष तेंदुआ बचाव अभियान के कमांडर आकाशदीप बधावन ने मंगलवार को बताया कि नानपारा वन रेंज के खैरीघाट व आसपास के इलाकों में एक मादा तेंदुआ अपने एक या दो शावकों के साथ बीते कुछ महीनों से घूम रही थी। तेंदुए के इस परिवार ने पांच अगस्त से अभी तक हमला कर पांच लोगों की जान ले ली थी तथा इनके हमलों से दो बच्चे घायल हुए थे। उन्होंने बताया कि मादा तेंदुए का शावक जन्म के बाद से जंगल के बजाय अपनी मां के साथ रिहायशी इलाकों के नजदीक रह रहा था। इसलिए वह जंगल में शिकार करने की विधा से पूरी तरह से वाकिफ नहीं था। डीएफओ के अनुसार मादा तेंदुआ अपने इस शावक को संभवतः शिकार करना सिखा रही थी और इस क्रम में दोनों तेंदुए (मां व शावक) पालतू गाय, बैल, कुत्ते तथा सियार आदि पर हमला करते थे। इस दौरान ग्रामीण भी इनकी चपेट में आकर जान खो बैठते या घायल हो रहे थे। उन्होंने बताया कि मानव वन्यजीव संघर्ष की उपरोक्त घटनाओं के दृष्टिगत आबादी में विचरण कर रहे तेंदुओं को पकड़ने हेतु वन विभाग द्वारा चार माह से निरंतर कोशिश जारी थीं। इसके तहत प्रभावित क्षेत्रों में पिंजड़े लगाए गए थे।



## वाराणसी में सिटीजन वूमन पार्लियामेंट का महापौर ने किया शुभारंभ

**वाराणसी (एजेंसी),** बाबा विश्वनाथ की नगरी में मंगलवार को महापौर अशोक तिवारी ने नगर निगम में सिटीजन वूमन पार्लियामेंट का शुभारंभ किया और इसका लोगो एवं पोस्टर भी जारी किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि सही मायने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में महिलाओं की राजनीति में भागीदारी हो रही है। 33 फीसद की भागीदारी के निमित्त अब महिलाओं को जागरूक होने का वक्त आ गया है। सिटीजन वूमन पार्लियामेंट इस दिशा में बेहद कारगर कदम उठा रही है। कार्यक्रम में बेंगलुरू से आई सिटीजन इंडिया की सीईओ स्वाथी चंद्रशेखर ने कहा कि सिटीजन वूमन पार्लियामेंट महिलाओं के राजनीति में प्रवेश को लेकर गंभीर है। और आगामी फरवरी माह में नई दिल्ली में सिटीजन वूमन पार्लियामेंट का आयोजन किया जाना है।



## ट्रेन की चपेट में आने से प्रवक्ता की मौत

**मऊ (एजेंसी),** मुहम्मदाबाद गोहना में स्थानीय रेलवे स्टेशन के पूर्वी फाटक के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय आजमगढ़ कोलकाता एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मंगलवार को सुबह नौ बजे इंटर कालेज के प्रवक्ता की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पास मिले पहचान पत्र के आधार पर उनकी पहचान कर परिजन को जानकारी दी गई। प्रवक्ता की मौत के बाद परिजन का रो -रोकर बुरा हाल था। मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के भांटीखुर्द गांव निवासी अनिल सिंह (50) पुत्र वकील सिंह चिरैयाकोट कस्बा के राष्ट्रीय इंटर कालेज में नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता थे। वह मुहम्मदाबाद गोहना कस्बा में मकान बनाकर परिवार के साथ रहते थे। रोज की भांति वह सुबह 9 बजे कालेज जाने के लिए निकले थे। स्थानीय रेलवे स्टेशन के पूर्वी फाटक के सामने चिरैयाकोट जाने वाले गाड़ियों का स्टैंड है। सामने चिरैयाकोट के लिए जाने वाली बस को जाता देखकर अनिल सिंह तेजी से क्रासिंग पार करने के प्रयास में वहां लगे तार में उलझकर ट्रैक पर गिर गए। इसी बीच आजमगढ़ से कोलकाता जाने वाली ट्रेन की चपेट में जाकर मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

## बरहनी पीएचसी पर महिलाओं की हुई नसबंदी

**चंदौली (एजेंसी),** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी पर मंगलवार को नसबंदी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 11 महिलाओं की नसबंदी की गई। वहीं मौके पर महिलाओं का उपचार व आवश्यक दवाएं दी गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. शैलेन्द्र कुमार कुमार ने बताया कि छोटा परिवार सदैव सुखी परिवार होता है। इसमें हम दो, हमारे दो के फार्मूला सफल व कारगर साबित होता है। सभी महिलाओं की आवश्यक जांच के बाद नसबंदी किया गया।

## मेले में 450 मरीजों का हुआ उपचार

**जौनपुर (प्रति.),** खुटहन कार्तिक पूर्णिमा पर पिलकिछा घाट के ऐतिहासिक मेले में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 450 मरीजों को निःशुल्क उपचार व दवाएं वितरित किया गया। शिविर का आयोजन जिसकी अध्यक्षता बृजेश बजरंग दल संयोजक बृजेश दुबे व समाजसेवी डा. अभिषेक शर्मा के सौजन्य से किया गया। जिसमें वैष्णवी बाल चिकित्सालय बदलापुर एवं सत्यम आई केयर खुटहन के डाक्टर प्रशांत, डाक्टर इंदल जनरल फिजिकल, डा. संतोष विश्वकर्मा नेत्र रोग विशेषज्ञ के द्वारा मरीजों का उपचार किया गया। अमित उपाध्याय, आनन्द, विनीत आदि का विशेष सहयोग रहा।



## हत्या की साजिश रचने का आरोपी गिरफ्तार

**सुल्तानपुर (एजेंसी),** कोतवाली क्षेत्र कादीपुर के अनिरुद्धनगर मोहल्ले में दिनदहाड़े वृद्ध की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को सोमवार को पकड़ा। उसे पावर हाउस तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद हो गई है। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के अनिरुद्धनगर मोहल्ले में बुधवार दोपहर अशोक दुबे का उसके विपक्षी धर्मेंद्र दुबे से विवाद हुआ था। इस दौरान धर्मेंद्र के पुत्र दिव्यांशु दुबे ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर अशोक दुबे को मौत के घाट उतार दिया था।

# प्रेम में बाधा बन रहे मामा की कर दी थी हत्या

**गाजीपुर (एजेंसी),** करंडा थाना क्षेत्र के बेलसड़ी गांव के पास सड़क किनारे बांस की झाड़ी में हत्याकर फेंके शहर कोतवाली इलाके के शाकिब (45) की गला रेतकर हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हत्यारोपी को मुठभेड़ में सोमवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी का मृतक मामा लगता था, जिसकी लड़की से वह प्यार करता था। इसकी खबर उसे लग गई थी और वो इस रिश्ते का विरोध करता था, जिससे खफा होकर उसने प्लान के तहत हत्या कर दी थी। थानाध्यक्ष करंडा अपने सहयोगियों के साथ मैनपुर बाजार में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि हत्या का आरोपी मो. कमाल निवाासी तिसिऔता थाना तिसिऔता जनपद वैशाली, बिहार अपने प्रदेश की सीमा में भागने के फिराक में है। वह जमानिया पुल की तरफ जाने वाला है। तभी एक बाइक आती दिखाई दी, जिसे पुलिस ने रोकने का इशारा किया गया तो वह मैनपुर से गोशन्देपुर की तरफ भागने लगा। इसकी सूचना थानाध्यक्ष करंडा ने कंट्रोल रूम को बताते हुए बड़सरा चौकी इंचार्ज अजय यादव को भी मोबाइल से सूचना दी।

**आरोपी गिरफ्तार**



## दुकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख

**सोनभद्र (एजेंसी),** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत सिनेमा रोड पर मंगलवार को शार्ट सर्किट होने से सिलाई मटेरियल की दुकान में भीषण आग लग गई। सूचना पाकर जब तक आस-पास के लोग व दमकल विभाग आग पर काबू पाता लेकिन तब तक दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर स्वाहा हो गया। नगर के भलुआ टोला निवासी मो अख्तर अली की सिनेमा रोड पर ओबरा सिनेमा मटेरियल के नाम से दुकान है। इसी दुकान के सहारे से वह अपना एवं अपने परिवार का जीवकोपार्जन करते थे। बीती रात शार्ट सर्किट होने से दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। शार्ट सर्किट होने से बिजली का तार पोल से टूटकर अचानक सड़क पर गिर गया। सूचना पाते ही बिजली विभाग ने तत्काल आपूर्ति बाधित कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। आग का विकराल रूप देखकर अगल-बगल दुकान वाले भी एतिहातन अपनी-अपनी दुकानों को खाली कर दिये। पीड़ित अख्तर अली ने बताया कि दुकान में लगभग 6 से सात लाख का सामान था, साथ से 25 हजार नकद जो कि जलकर राख हो गया।

# बस दुर्घटना में 40 यात्री घायल

**अमेठी (एजेंसी),** घने कोहरे के पहले दिन ही पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर एक बस दुर्घटना में लगभग 40 यात्री घायल हो गए। 40 यात्रियों को लेकर जा रही बस मंगलवार सुबह करीब छह बजे एक्सप्रेस वे पर पहले से ही खड़े एक ट्रक से टकरा गई। इसके कुछ ही देर बाद एक तेज रफ्तार कार भी बस से पीछे से टकरा गई। हादसे में दो कार सवार भी घायल हो गए। हादसे के घायलों को यूपीडा गश्तीदल के कर्मचारियों ने एम्बुलेंस से अयोध्या के पिठला अस्पताल भेजवाया जहां से दर्जन भर गंभीर रूप से घायलों को अयोध्या मेडिकल कालेज भेजा गया है। घटना अमेठी जिले के बाजार शुक्ल थाना क्षेत्र के माइल स्टोन 68.900 पर सत्थिन के पास की है।

बस पर सवार एक घायल जगदीश प्रसाद (74) निवासी अरसा, आजमपुर थाना हंसवर ने बताया कि आंबेडकरनगर से निजी बस से शामली में संतराम पाल के कबीरपंथी आश्रम पर तीन दिन के भंडारे में शामिल होने के लिए मालीपुर, फूलपुर व टांडा आदि गांव के पास से पचास श्रद्धालु 26 नवम्बर को गए थे। वहां से रात में वह सब लौट रहे थे तभी हादसा हो गया।



## सड़क हादसे में मजदूर की मौत

**मचा हड़कंप**

**देवरिया (एजेंसी),** अपने मामा के घर से सोमवार रात मौसी के घर जाने के लिए पैदल निकले एक मजदूर की महुआडीह के रामपुर बनहर गांव के पास मार्ग दुघर्टना में मौत हो गई। मंगलवार की सुबह टहलने निकले लोगों ने उसका शव सड़क किनारे पड़ा देख कर शोर मचाया। इस बात की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराकर आवश्यक कार्रवाई की। रूद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के अमौनी गांव के दिनेश यादव (35), मजदूरी का काम करते थे। इन दिनों वह महुआडीह थानाक्षेत्र के पिपरहियां गांव में अपने मामा के घर आए थे। वहां से सोमवार की रात को वह पैदल ही पास के गांव बरारी द्वितीय में अपने मौसी के घर जाने के लिए निकले। अभी वह रामपुर बनहर गांव के पास नहर के किनारे वाली सड़क पर पहुंचे थे कि किसी वाहन ने उन्हें ठोकर मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वाहन चालक मौका पाकर वाहन लेकर फरार हो गया। सड़क सुनसान होने की वजह से रात को किसी ने ध्यान नहीं दिया।

दैनिक यशोभूमि
मुंबई
बुधवार, 29 नवंबर 2023

**प्रसंगतः** आप हाथी नहीं इंसान हैं!

एक आदमी कहीं से गुजर रहा था, तभी उसने सड़क के किनारे बंधे हाथियों को देखा, उसने देखा कि हाथियों के अगले पैर में एक रस्सी बंधी हुई है, हाथी जैसे विशालकाय जीव लोहे की जंजीरों की जगह बस एक छोटी सी रस्सी से बंधे हुए हैं! ये स्पष्ट था कि हाथी जब चाहते तब अपने बंधन तोड़ कर कहीं भी जा सकते थे, उसने पास खड़े महावत से पूछा कि भला ये हाथी किस प्रकार इतनी शांति से खड़े हैं और भागने का प्रयास नहीं कर रहे हैं? तब महावत ने कहा, 'इन हाथियों को बचपन से ही इन रस्सियों से बांधा जाता है, उस समय इनके पास इतनी शक्ति नहीं होती की इस बंधन को तोड़ सकें। धीरे-धीरे यकीन होता जाता है कि वो इन रस्सियों को नहीं तोड़ सकते, और बड़े होने पर भी उनका ये यकीन बना रहता है, इसलिए वो कभी इसे तोड़ने का प्रयास ही नहीं करते।' इन हाथियों की तरह ही हममें से कितने लोग सिर्फ पहले मिली असफलता के कारण ये मान बैठते हैं कि अब हमसे ये काम हो ही नहीं सकता और अपनी ही बनाई हुई मानसिक जंजीरों में जकड़े-जकड़े पूरा जीवन गुजार देते हैं। यदि आप भी ऐसे किसी बंधन में बंधें हैं जो आपको अपने सपने सच करने से रोक रहा है तो उसे तोड़ डालिए... आप हाथी नहीं इंसान हैं।

# सं पा द की य

## आखिर कब रुकेगी ये घटनाएं?

**जो हताश होकर खुद की जिंदगी खत्म करने जैसा कदम उठाते हैं। अब सवाल है कि बच्चे अपनी जिंदगी खत्म क्यों कर रहे हैं। ऐसी क्या बात है जो उन्हें अंदर ही अंदर कचोटती है। जवाब है पढ़ाई का प्रेशर, इंजीनियर-डॉक्टर बनने का सपना। जिसे पूरा करने के लिए कोचिंग में दाखिला लेते हैं, लेकिन टेस्ट में कम नंबर डिप्रेशन की तरफ धकेल देते हैं।**

ऊंचे लक्ष्य की प्राप्ति के लिए व्यक्ति के भीतर ललक के साथ उत्साह आवश्यक है। ललक सब में होती है, लेकिन उत्साह के अभाव में अधिकांश लोग उलझ जाते हैं। सफलता के लिए किए जा रहे परिश्रम को ठीक से क्रियान्वित करना हो तो ललक के साथ उत्साह बनाए रखिए। लगन और उत्साह का लाभ समय प्रबंधन में मिलता है। सभी बड़ी हस्तियां समय प्रबंधन को साधकर ही सफलता की ऊंचाई तक पहुंची हैं। कार्य कितना महत्वपूर्ण है और उसे किस समय पर पूरा करना है, यह निर्धारित करना बहुत आवश्यक है। अधिकांश लोग ये दोनों बातें निर्धारित ही नहीं कर पाते। यहीं से उलझन शुरू हो जाती है। एक कार्य पूरा होता नहीं कि दूसरा काम हाथ में ले लिया जाता है। कोटा हमेशा उन टॉपर्स के लिए खबर बनता है जो वहां ट्यूशन लेकर इंजीनियरिंग और मेडिकल के इम्तेहान पास करते हैं। इस ड्रीम फैक्ट्री में तनाव और असफलता के डर से जूझ रहे बच्चों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। जो हताश होकर खुद की जिंदगी खत्म करने जैसा कदम उठाते हैं। अब सवाल है कि बच्चे अपनी जिंदगी खत्म क्यों कर रहे हैं। ऐसी क्या बात है जो उन्हें अंदर ही अंदर कचोटती है। जवाब है पढ़ाई का प्रेशर, इंजीनियर-डॉक्टर बनने का सपना। जिसे पूरा करने के लिए कोचिंग में दाखिला लेते हैं, लेकिन टेस्ट में कम नंबर डिप्रेशन की तरफ धकेल देते हैं। लेकिन एक सच ये भी है कि कोटा में कोचिंग सेंटर्स अपने हिसाब से काम करते हैं। इसलिए तो सरकार चलाने वाले भी कोचिंग सेंटर्स को माफिया कहने में जरा भी नहीं हिचकिचाते। राजस्थान सरकार में पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि कोचिंग माफिया पैदा हो गये हैं, इनका इलाज करेंगे। मुख्यमंत्री के समझाने से नहीं समझ रहे हैं तो कानून के द्वारा समझायेंगे। वहीं महेश जोशी ने कहा कि सुसाइड के बारे में सोचना महा पाप है। इनकी काउंसलिंग होनी चाहिए, बच्चों को तनाव नहीं लेना चाहिए। मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने कहा कि आजकल युवा अवसाद से पीड़ित हैं। पहले लोग परिवारों के साथ रहते थे। वे परिवारों से बात करते थे और मार्गदर्शन लेते थे। मैं अपील करता हूं विद्यार्थियों को बुरी संगत छोड़कर जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने को कहा जाए। इतना सब होने के बावजूद कोटा में छात्रों के सुसाइड का मामला थम नहीं रहा है। पढ़ाई का दबाव न झेल पाने के कारण एक छात्र ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। आखिर छात्र ऐसा क्यूं कर रहे हैं इस पर सरकार काफी गंभीर है। कई गाइड लाइन जारी करने के बाद यह रुकने का नाम ही नहीं ले रही। जरा सोचिए उन छात्रों के माता-पिता पर क्या गुजरती होगी जिनके बच्चे असमय ही काल के गाल में समा रहे हैं। कहीं न कहीं बच्चों पर सफल होने का इतना दबाव परिवार के लोगों का होता है कि बच्चे उसे झेल नहीं पाते जिस कारण वह इस तरह का कदम उठाते हैं। सामने आया है कि नीट की तैयारी कर रहे एक और छात्र ने सुसाइड कर लिया है। 20 वर्षीय छात्र दादाबाड़ी के वक्फ नगर में किराये पर रहकर तैयारी कर रहा था और यहीं दादाबाड़ी की ही कोचिंग से पढ़ाई कर रहा था। वह पश्चिम बंगाल का रहने वाला था और पिछले साल ही कोटा आया था। बता दें कि आत्महत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक छात्र के शव को मोर्चरी में रखवाया है परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। दादावाड़ी थाना अधिकारी राजेश कुमार पाठक ने बताया कि पश्चिम बंगाल निवासी 20 वर्षीय फरीद कोटा में रहकर एक कोचिंग संस्थान से नीट की तैयारी कर रहा था। वह वक्फ नगर में किराए का कमरा लेकर रह रहा था। सोमवार दोपहर को वह कमरे में था। शाम तक कमरे से नहीं निकला तो अन्य छात्रों व मकान मालिक ने दरवाजा खटखटाया। नहीं खोलने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा तो फरीद संदिग्ध हालत में मृत मिला। कोचिंग ने छात्र के पिता कमलाउद्दीन को सूचना दी है। परिजनों के कोटा आने के बाद पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। छात्र ने आत्महत्या क्योंकि इस बारे में फिलहाल कुछ पता नहीं चला है पुलिस मामले की जांच कर रही है। देश के सबसे बड़े कोचिंग हब माने जाने वाले कोटा में एक के बाद एक सुसाइड के मामले सामने आ रहे हैं। औसतन देखें तो साल के लगभग हर महीने में यहां से छात्रों की आत्महत्या की खबर सामने आ जाती हैं। इसी साल अगस्त के शुरुआती 6 दिनों में तीन कोचिंग छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी। कोचिंग हब कहलाने वाले राजस्थान के शहर कोटा में मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए बड़े-बड़े कोचिंग इंस्टीट्यूट हैं। बीते कुछ सालों से यहां से सफल छात्र भी निकल रहे हैं, लेकिन इसका स्याह पक्ष ये है कि इस माहौल से छात्रों के बीच गलाकाट प्रतिस्पर्धा और उससे मिलने वाला परफार्मेंस प्रेशर भी उन्हें सता रहा है। यहां पूरे देश से स्टूडेंट्स आकर तैयारी कर रहे हैं। इसी साल जनवरी से अक्टूबर तक 27 छात्रों की आत्महत्या के मामले सामने आ चुके थे। नीट छात्र की आत्महत्या को जोड़ लें तो ये आंकड़ा 28 तक पहुंच चुका है। छात्रों के लगातार बढ़ रहे आत्महत्या के आंकड़ों को देखते हुए प्रशासन भी सतर्क है और कई तरह के कदम उठा रहा है, इसी कड़ी में प्रशासन की ओर से कोचिंग इंस्टीट्यूट से भी कई तरह के बदलाव करने की बात कही गई थी। साथ ही बच्चों के लिए मां-बाप को ध्यान देना होगा तब जाकर इस पर लगाम लग सकती है।

## तेलंगाना विधान सभा के चुनाव में कांग्रेस व भाजपा के चक्रव्यूह में फंसे केसीआर!

तेलंगाना विधान सभा के लिए चुनाव के प्रचार आखिरी घंटे दौर में है। 30 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए सत्ताधारी बीआरएस, कांग्रेस और भाजपा ने एक-दूसरे के खिलाफ आक्रामक तेज कर दिया है। कोशिश तो शुरू से ही मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की रही है लेकिन दोनों ही राजनीतिक विरोधियों के निशाने पर होने के बावजूद मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव का पूरा परिवार कांग्रेस और भाजपा से डट कर मुकाबला कर रहा है - नेताओं के भाषण सुन कर तो ऐसा ही लगता है। भाजपा और कांग्रेस के अलावा केसीआर की एक लड़ाई चुनाव आयोग से भी लड़ी जा रही है, एक दूसरे की शिकायतें करके। ऐसी ही शिकायत के कारण चुनाव आयोग से केसीआर को बड़ा झटका लगा है। चुनाव आयोग ने केसीआर सरकार की रायथु बंधु योजना के तहत किसानों की दी जाने वाली नकद राशि पर रोक लगा दी है। चुनाव आयोग ने कुछ शर्तों के साथ रबी की फसल की किस्त के लिए बीआरएस सरकार को अनुमति दी थी। चुनाव आयोग की तरफ से साफ हिदायत थी कि योजना के महिमामंडन का काम चुनाव के दौरान नहीं होना चाहिये लेकिन सुनता कौन है। रिपोर्ट बताती है कि राज्य के मंत्री अपने भाषण में इसका ऐलान कर रहे थे - और चुनाव आयोग ने सरकार को दी गयी अनुमति वापस रद्द कर दी। दरअसल रायथु बंधु योजना किसानों को वित्तीय मदद देने से जुड़ी हुई है। रायथु का मतलब तेलुगु में किसान होता है। तो देखा जाए तो केसीआर सरकार की सीधे-सीधे किसानों को मदद देने के लिए एक योजना है। इसमें सरकार प्रति एकड़ साल में दो बार रु.5000 की किस्त रबी और खरीफ की फसलों के लिए हर किसान को देती है। तो अभी इस बार ये किस्त दी जानी थी। चुनाव की वजह से एक आरोप ये लग रहा है कि सरकार ने इस योजना के पैसों को देने में थोड़ा सा देर किया। उन्होंने कहा चुनाव के आसपास देंगे लेकिन बीच में चूंकि डेढ़ दो महीने की एक आचार संहिता लग जाती है। तो पिछले दिनों उनके जो वित्त मंत्री थे टी हरीश राव, उन्होंने ऐलान किया कि 24 तारीख को हम किसानों को जो इस बार की जो किस्त है वो जारी करेंगे। इसके लिए उन्होंने बाकायदा चुनाव आयोग से आज्ञा भी ली थी। चुनाव आयोग ने उनको परमिशन दे दी थी लेकिन इसी बीच में जो विपक्षी दल थे वो लोग आचार संहिता का हवाला देते हुए चुनाव आयोग चले गए। उन्होंने कहा कि ये तो सरासर आचार संहिता का उल्लंघन है क्योंकि वोटिंग चल रही है। आचार संहिता लगी हुई है और उसमें कोई भी पार्टी भले ही वो सरकार में हो, वो ऐसे जनहित के कार्यों में पैसे कैसे बांट सकती है। ये तो सीधे-सीधे मतदाता को प्रभावित करने वाला काम हुआ। तो उनकी अपील पर चुनाव आयोग को यह कदम उठाना पड़ा और जो पैसा जारी होना था, उस पर रोक लगा दी।गौरतलब है कि मई 2018 से केसीआर सरकार जो है वो साल में दो बार किसानों को पैसा बांट रही है। अब तक इससे 58 लाख किसानों को साल में दो बार पैसा मिलता है और इस बार बीआरएस का जो मैनिफेस्टो है, उसमें उसने ऐलान किया है कि अभी ये जो हर साल 10,000 की राशि दी जाती है। उसको बढ़ाके हम 16,000 कर देंगे। अब लगता है कि कांग्रेस इसे बीआरएस के लिए एक झटका मान रही हैं तो उनके लिए झटका नहीं माना जा सकता है क्योंकि उनको भी इस चीज की आशंका थी। वो पहले से तैयार थे क्योंकि वो लगातार लोगों के बीच में ये प्रचारित कर रहे थे कि देखिये अगर कांग्रेस की सरकार आती है तो वो ये रायथु बंधु योजना को बंद कर देगी। केसीआर ने तो यहां तक कहा कि अगर कांग्रेस सरकार में आती है तो वो उसको बंगाल की खाड़ी में फेंक देगी। तो अब जो बीआरएस है, उसकी योजना ये है कि चुनाव से ठीक 3 दिन पहले अगर इस पर रोक लगती है तो वो उसको अपने पक्ष में भुनाएगी। वो कहेगी देखिए कांग्रेस वगैरह चुनाव आयोग के पास गए और जो पैसा आप को मिलना चाहिए था, इस पैसे को देने में अड़ंगा लगाया। तो वो इसको अपने पक्ष में इस तरह से प्रचारित करेगी। कांग्रेस वैसे ही लगातार कह रही है कि ये जो हो रहा है वो आचार संहिता का सरासर उल्लंघन है। यहां एक बात जानना जरूरी है कि केसीआर का जो पूरा चुनावी प्रचार है तो वो अपनी जनहित की योजनाओं को लेकर लोगों के बीच जा रहे हैं। तेलंगाना के लोग मान रहे हैं कि केसीआर ने काम किया है। गजवेल, कामारेड्डी, सिरसिल्ला वगैरह तमाम ऐसे इलाके हैं, जहां पे लोग कहते हैं कि आज से 9 से 10 साल पहले इस इलाके की शक्ल ऐसी नहीं थी जो शक्ल आज आपको दिखाई दे रही है। लेकिन एक बात और नहीं भूलनी चाहिए कि जो एक बहुत बड़ा तबका है वो तबका अब बदलाव भी चाहता है। अगर मुद्दों की बात करें। तो जैसे इनकी शादी मुबारक योजना है या गृहलक्ष्मी योजना है। इसमें शादी होती है, तो लड़की को सरकार की तरफ से 1लाख रुपया मिलता है। इसी तरह डिलिवरी के लिए पैसा दिया जाता है। किसानों को पैसा दिया जाता है।



**- अशोक भाटिया**

## इजराइल ने संजय राउत की 'यहूदी विरोधी' पोस्ट की भारत से शिकायत की

हाल ही में शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने हिटलर द्वारा यहूदियों के होलोकॉस्ट अर्थात नरसंहार को जायज ठहराया था। वहीं अब इस मामले में इजराइली दूतावास ने विदेश मंत्रालय और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर शिवसेना नेता संजय राउत की (यहूदी विरोधी) पोस्ट के बारे में शिकायत की है। द प्रिंट की खबर के अनुसार इस मामले में इजराइल ने भारत सरकार से यह अपील की है कि शिवसेना सांसद को बताया जाए कि उनके यहूदी नरसंहार को जायज ठहराने वाले पोस्ट ने उस देश को किस तरह आहत किया है जो हमेशा भारत के साथ खड़ा रहा है। जानकारी के अनुसार (नई दिल्ली में इजराइली दूतावास ने यहूदी समुदाय के खिलाफ नरसंहार को उचित ठहराने वाली यहूदी विरोधी टिप्पणियों के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के खिलाफ विदेश मंत्रालय को कड़े शब्दों में एक वर्बल नोट और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक पत्र भेजा है।) मामला दरअसल, 14 नवंबर, 2023 का है। उस दिन शिव सेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने अपने एक्स हैंडल से यहूदियों के खिलाफ हिटलर के नरसंहार को उचित ठहराते हुए एक पोस्ट साझा किया। उन्होंने एक्स हैंडल आर्टिकल19 इंडिया की एक पोस्ट शेयर की थी जिसमें समय से पहले जन्मे बच्चों का एक वीडियो शेयर किया गया था और यह दावा किया गया था कि इजराइली सशस्त्र बलों ने इन शिशुओं के इनक्यूबेटर की बिजली काट दी है। वहीं संजय राउत ने अपने पोस्ट में कहा था कि यहूदियों को हिटलर ने ऐसे ही कार्यों के लिए मार डाला था। उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए कमेंट में यह लिखा था, हिटलर को यहूदी समुदाय से इतनी नफरत क्यों थी? क्या यह अब समझ में आ रहा है? संजय राउत ने अपनी पोस्ट में कहा कि हिटलर ने यहूदियों को नरसंहार में मार डाला क्योंकि उन्होंने ऐसे कृत्य किए थे। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हिटलर द्वारा यहूदियों के नरसंहार को उचित ठहराया। हिटलर ने होलोकॉस्ट में 60 लाख से अधिक यहूदियों की जान ले ली थी जिसमें उन्हें गैस चैंबर में बंद करके मार दिया गया। हालांकि, इस पोस्ट के बाद विवाद बढ़ने पर संजय राउत ने पोस्ट को हटा दिया था लेकिन तब तक इजराइली अधिकारियों ने स्क्रीनशॉट ले लिया था। गौरतलब है कि आर्टिकल 19 इंडिया ने अपने पोस्ट में लिखा था, अल-शिफा अस्पताल में समय से पहले पैदा हुए बच्चे चीख रहे हैं। जिस इनक्यूबेटर में उन्हें रखा गया था उसकी बिजली इजराइल ने काट दी है। सशस्त्र बलों ने अस्पताल को चारों तरफ से घेर लिया है। अस्पताल के अंदर किसी भी खाद्य पदार्थ, दूध या पानी की अनुमति नहीं है।' पोस्ट में एक वीडियो भी था जिसमें दावा किया गया कि यह अल शिफा अस्पताल का है। वहीं इस मामले में खबर आई थी कि अल शिफा अस्पताल में 39 बच्चों की मौत नहीं हुई है बल्कि यह कहा गया था कि ऑक्सीजन और बिजली की कमी के कारण ये खतरे में हैं जबकि इस मामले में आईडीएफ ने शिफा अस्पताल को ऑक्सीजन और सहायता प्रदान करने की भी पेशकश की थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। इस मामले में सैन्य प्रवक्ता ने कहा था, आईडीएफ नागरिकों और हमास आतंकवादियों के बीच अंतर करने की अपनी नैतिक और पेशेवर जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। आईडीएफ इनक्यूबेटरों के हस्तांतरण को सुनिश्चित करने के लिए किसी भी विश्वसनीय मध्यस्थ पक्ष के साथ काम करने को तैयार है।



**- रामस्वरूप रावतसरे**

## हमीरपुर में इकलौते कल्पवृक्ष के अतीत में छिपा है सैकड़ों साल का इतिहास

हमीरपुर शहर में यमुना नदी किनारे इकलौते कल्पवृक्ष को सांस्कृतिक धरोहर के रूप में संवारने की मंशा पर पानी फिर गया है। कल्पवृक्ष के पास जमीन पर भी दरारें देखी जा रही है। यह बुन्देलखंड का इकलौता कल्पवृक्ष है, जिसके अतीत में सैकड़ों सालों का पुराना इतिहास भी छिपा है। हैरत की बात तो यह है कि कई करोड़ रुपये की धनराशि खर्च होने के बाद भी यह वृक्ष पर्यटन स्थल के रूप में आज तक नहीं चमकाया जा सका। हमीरपुर शहर करीब सात किमी के दायरे में बसा है। यह शहर यमुना और बेतवा नदियों के बीच एक टापू की शक्ल में है जहां हर साल बाढ़ से बड़ा झटका लगता है। यमुना किनारे उत्तर दिशा में एक विशालकाय कल्पवृक्ष है। इस वृक्ष के प्रति पूरे शहर के लोगों के लिए बड़ी आस्था है। समाजसेवी जलीस खान ने बताया कि कई दशक पहले इस वृक्ष की पहचान परिजात वृक्ष के रूप में वन विभाग ने की थी लेकिन बाद में तत्कालीन डीएम जी श्रीनिवास ने जांच कराई तो इसकी पहचान कल्पवृक्ष के रूप में हुई थी। बताया कि ये वृक्ष सदियों पुराना है जो देखने में बड़ा ही रमणीक है। जनपद के डीएफओ डॉ नरेन्द्र सिंह ने बताया कि यहां का कल्पवृक्ष बुन्देलखंड का इकलौता वृक्ष है जो बहुत पुराना है। बताया कि इस वृक्ष की ऊंचाई करीब 40 फीट है, जबकि मोटाई (तना) करीब बीस फीट है। बताया कि शासन के निर्देश पर पुराने और विरासत के वृक्षों की पहचान कर एक सूची बनाई गई थी जिसमें कल्पवृक्ष भी शामिल है। यह सूची शासन को भेजी गई थी। लेकिन शासन से कोई धनराशि न मिलने के कारण कल्पवृक्ष के संरक्षण सम्बन्धी कार्य नही हो सके।

**सर्दी के मौसम में कल्पवृक्ष में झरने लगती हैं पत्तियांः**

पौराणिक कल्पवृक्ष सर्दी के मौसम में सूखने लगता है। इसकी पत्तियां भी अब धीरे-धीरे झरने लगी हैं। 105 वर्षीय विजय कुमारी व कैलाशवती ने बताया कि भयंकर सर्दी में कल्पवृक्ष पूरी तरह से सूख जाता है। लेकिन जैसे ही गर्मी शुरू होती है तो इसमें पत्तियां आने लगती है। बुजुर्ग बाबूराम प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि भीषण गर्मी में यह वृक्ष हरा-भरा रहता है। इसमें बड़े-बड़े फूल भी खिलते हैं जो देखने में बड़े सुन्दर लगते हैं। इसमें फल भी आते हैं। लेकिन फल में बीज नहीं होता है। स्थानीय लोग फूल और फल औषधि के रूप में प्रयोग करने के लिए घर ले जाते हैं। लोग घरों में कल्पवृक्ष की पत्तियों का प्रयोग चाय में करते हैं।



**कल्पवृक्ष के अतीत में छिपा है सदियों पुराना इतिहासः**

पंडित दिनेश दुबे ने बताया कि पुराणों में कल्पवृक्ष का सुन्दर उल्लेख मिलता है। इन्द्रदेव के उद्यान में कल्पवृक्ष लगा था जिसे सत्यभामा के कहने पर श्रीकृष्ण इस लोक पर लाए थे। यह बड़ा ही दुर्लभ वृक्ष है जिसकी पूजा और परिक्रमा करने मात्र से ही मन को बड़ी शांति मिलती है। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. दिलीप त्रिपाठी ने बताया कि हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को इस वृक्ष के नीचे बैठने मात्र से आराम मिल जाता है। यहां के सतीश तिवारी, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी व पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि इस वृक्ष के नीचे खोह में एक संत ने कई सालों तक तपस्या की थी। इस वृक्ष की विधि विधान से पूजा करने से मनोकामना भी पूरी होती है।

**करोड़ों रुपये खर्च कर वृक्ष के पास कराई गई पिचिंगः**

यमुना नदी के किनारे स्थित सदियों पुराने कल्पवृक्ष को यमुना नदी की बाढ़ की कटान से बचाने के लिए मौदहा निर्माण खंड हमीरपुर ने कई साल पहले दस करोड़ रुपये की लागत से कार्य कराए थे।

**- एजेंसी**

## आपका राशिफल 29 नवंबर

**मेष** — संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य को त्याग। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-3-6-9

**वृषभ** — कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-5-7

**मिथुन** — मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-2-5-7

**कर्क** — शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। शुभांक-4-6-9

**सिंह** — विदेश के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। शुभांक-5-7-9

**कन्या** — क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती है। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-7

**तुला** — सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-4-5-7

**वृश्चिक** — परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पत्ति के निर्माण, मरम्मत व पुनर्स्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। महत्वपूर्ण यात्राओं के संकेत हैं। चल-अचल सम्पत्ति में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7

**धनु** — कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-9

**मकर** — पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** — दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्म-चिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-6-8-9

**मीन** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**अमृतवाणी** | जिस क्षण क्रोध मस्तिष्क पर अपना शासन जमा लेता है, उसी क्षण विचारशक्ति शून्य हो जाती है। • एम. हेनरी

## कटाक्ष

भोले तू रहता जहां, जहां तुम्हारा धाम।
वहां किसी के साथ में, कैसे हो कोहराम।।
कैसे हो कोहराम, अरे वो गंगाधारी।
भक्त तुम्हारे जाप, कर रहे थे त्रिपुरारी।।
कह सुरेश, भक्तों से बोला, तू भी जी ले।
तेरी मर्जी बिना, यहां पत्ता ना हीले।।

**- सुरेश मिश्र**

## आपकी चिट्ठी

### बेस्ट की बसें बढ़ाई जाएं

आपकी चिट्ठी के माध्यम से बेस्ट के अधिकारियों का ध्यान अंधेरी पश्चिम के लक्ष्मी इंडस्ट्रीयल इस्टेट, मोंजनिस, आदर्शनगर, ओशिवरा,मिल्लत नगर मार्ग पर चलने वाली बसों की कमी की ओर दिलाना चाहता हूं। अंधेरी पश्चिम से आदर्शनगर, मोंजनिस और लक्ष्मी इंडस्ट्रीयल इस्टेट, ओशिवरा ,मिल्लत नगर जाने के लिए बसों की संख्या काफी कम है जिसके कारण अंधेरी पश्चिम के बेस्ट डिपो में यात्रियों को काफी देर तक बस का इंतजार करना पड़ता है और लंबी लाइन लगानी पड़ती है। अतः इस ओर ध्यान दिया जाए।

■ **उमेश पांडे,** अंधेरी

### अवैध रिक्शा चालकों से परेशानी

आपकी चिट्ठी के माध्यम से यातायात विभाग का ध्यान विरार पूर्व और पश्चिम में अवैध रिक्शा चालकों की ओर दिलाना चाहता हूं। यहां पर बिना लाइसेंस के बहुत से रिक्शा चालक आपको रिक्शा चलाते हुए दिख जाएंगे। ये रिक्शा चालक मनमानी तरीके से रिक्शा चलाते हैं और सबसे ज्यादा परेशानी रात को होती है। कभी-कभी ये रिक्शा चालक पांच सवारी बैठाकर तेजी से रिक्शा चलाते हैं जिससे यात्रियों की जान सांसत में रहती है। अतः इस ओर ध्यान दिया जाए।




■ **नरेन्द्र तिवारी,** वसई

## दैनिक पंचांग

**29 नवम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.46 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | मकर | 09.52 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 11.38 बजे से |
| बुध | धनु में | मीन | 13.11 बजे से |
| गुरु | मेष में | मेष | 14.41 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | वृष | 16.21 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 18.20 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 20.33 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 22.49 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 01.01 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | तुला | 03.12 बजे से |
| बजे तक | | वृश्चिक | 05.26 ब.से |

**बुधवार** 2023 वर्ष का 333 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वितीया 13.57 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मृगशीर्ष 13.59 बजे को समाप्त।
**योग** साध्य 20.54 बजे को समाप्त।
**करण** गर 13.57 बजे तदनन्तर वणिज 02.07 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 15.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 21° 23'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871812
**जूलियन दिन** 2460277.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जमादि उलावल
**तारीख** 14

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 | बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 | बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 | बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 | बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 | बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 | बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 | बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 | बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 | बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 | बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 | बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

यह दैनिक **श्री अंबिका प्रिंटर्स एण्ड पब्लिकेशन** के लिए **मुद्रक-प्रकाशक** श्री. प्रविण मुरलीधर शिंगोटे ने श्री अंबिका प्रिंटर्स एण्ड पब्लिकेशन्स, प्लाट नं. 7 इंडस्ट्रियल इस्टेट, डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर मार्ग, लालबाग, मुंबई - 400012 और प्लाट नं. डी- 222/1/बी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, एमआइडीसी, शिरवने, डी. वाई. पाटील स्टेडियम के सामने, मुंबई-पुणे हाइवे, नेरुल (पूर्व), नई मुंबई, थाने - 400706 में मुद्रित कर 215, दूसरा माला, नारायण उद्योग भवन, इंडस्ट्रियल इस्टेट, पुराने पोस्ट ऑफिस के पास, डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर मार्ग, लालबाग, मुंबई - 400012 में प्रकाशित किया। **संस्थापक : स्व. मुरलीधर अनंता शिंगोटे, संपादक : श्री. प्रविण मुरलीधर शिंगोटे** (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी।) ■ इस अंक में से प्रकाशित हुई खबरों व लेख से व्यक्त मतों से संपादक / संचालक सहमत ही होंगे ऐसा नहीं। ■ R. N. I. No. 64822/96 ■ दूरध्वनी : (022) 27618843 ■ E-mail- yashobhumi@gmail.com ■ मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, पुणे, नाशिक और अहमदनगर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक
यशोभूमि
मुंबई
बुधवार, 29 नवंबर 2023



## मोटर वाहन खुदरा बिक्री रिकॉर्ड ऊंचाई पर: फाडा

नयी दिल्ली(भाषा), भारत में मजबूत मांग के दम पर इस साल त्योहारी सीजन में मोटर वाहन की खुदरा बिक्री रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। ट्रैक्टर के अलावा सभी खंडों में सालाना आधार पर वृद्धि दर्ज की गई है। वाहन डीलर के निकाय फाडा ने मंगलवार को यह बात कही। इस साल 42 दिन के त्योहारी सीजन में मोटर वाहन की कुल बिक्री 19 प्रतिशत बढ़कर 37,93,584 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल यह 31,95,213 इकाई थी। नवरात्रि के पहले दिन से शुरू होकर और धनतेरस के 15 दिन बाद समाप्त हुए त्योहारी सीजन में यात्री वाहन की खुदरा बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 5,47,246 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 4,96,047 इकाई थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा, ' नवरात्रि के दौरान खराब प्रदर्शन के बावजूद दिवाली तक स्थिति में सुधार हुआ और 10 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई।'

# अंतिम दौर की खरीदारी से शेयर बाजारों में रौनक लौटी

**मुंबई (भाषा),** विदेशी पूंजी का निवेश होने के बीच वाहन, बिजली और धातु शेयरों में अंतिम दौर की खरीदारी आने से मंगलवार को घरेलू मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी दो सत्रों की गिरावट से उबरते हुए बढ़त के साथ बंद हुए। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 204.16 अंक यानी 0.31 प्रतिशत बढ़कर 66,174.20 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 66,256.20 के ऊपरी और 65,906.65 के निचले स्तर पर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 95 अंक यानी 0.48 प्रतिशत बढ़कर 19,889.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, टाइटन और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से बढ़त के साथ बंद हुईं। दूसरी तरफ आईटीसी, हिंदुस्तान



यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक और पावर ग्रिड के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कंपोजिट चढ़कर बंद हुए जबकि जापान का निक्की और हांगकांग का सूचकांक हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। सोमवार को अमेरिकी बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए थे। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.19 प्रतिशत चढ़कर 80.93 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

गुरु नानक जयंती के अवसर पर सोमवार को शेयर बाजार बंद रहे थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 2,625.21 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी थी। पिछले कारोबारी दिवस शुक्रवार को सेंसेक्स 47.77 अंक की गिरावट के साथ 65,970.04 पर बंद हुआ था जबकि निफ्टी 7.30 अंक फिसलकर 19,794.70 अंक पर रहा था।

# बंधक बनाए गए इजराइली नागरिकों ने आपबीती बयां की

**तेल अवीव (एपी),** हमास द्वारा छोड़ी गई एक इजराइली बंधक ने एक साक्षात्कार में बताया कि उसे शुरुआत में अच्छी तरह खाना दिया गया लेकिन बाद में हालात बिगड़ने लगे और उसे एक बंद कमरे में रखा गया जहां वह करीब 50 दिन तक प्लास्टिक की कुर्सियों पर एक चादर बिछाकर सोई। रूती मुंदर (78) ने इजराइल के चैनल 13 को बताया कि उन्होंने अपना पूरा वक्त अपनी बेटी केरेन और नाती ओहाद मुंदर-जिचरी के साथ बताया। इसी दौरान ओहाद का नौवां जन्मदिन पड़ा। मुंदर को सात अक्टूबर को दक्षिण इजराइल के निर ओज में उनके घर से घसीटकर ले जाया गया। उनके पति अव्राहम (78) को भी बंधक बना लिया गया और वह गाजा में ही हैं। उनके बेटे की हमले में मौत हो गई। मुंदर ने टेलीविजन चैनल को बताया कि शुरुआत में उन्हें चावल के साथ चिकन, डिब्बाबंद खाना और चीज़ खाने को दिया गया। उन्होंने कहा, 'हम अच्छे थे।' उन्होंने बताया कि सुबह और शाम उन्हें चाय दी जाती थी और बच्चों को मिठाइयां दी जाती थीं। मुंदर के अनुसार, 'हालांकि आर्थिक हालात बिगड़ने लगे और लोग भूखे



रहने लगे जिसके बाद खानपान की चीजों में भी बदलाव हो गया।' जंग शुरू होने के बाद से इजराइल ने गाजा पर नकेल कस रखी है जिसके बाद वहां खाने की चीजों, ईंधन और अन्य बुनियादी वस्तुओं की कमी हो गई है। शुक्रवार को रिहा की गईं मुंदर भी अन्य मुक्त किए गए बंधकों की तरह अच्छी हालत में लौटी हैं। लेकिन 84 वर्षीय एक महिला को उचित देखभाल नहीं मिलने के कारण खराब हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अन्य बंधक को सर्जरी की जरूरत है। बंधकों को वापसी के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं लाया गया है। उनके बारे में कोई भी जानकारी रिश्तेदारों से ही मिल रही है। उन्होंने बताया कि बंधक बनाए गए कुछ लड़के देर तक बातें करते थे, वहीं कुछ लड़कियां रोती रहती थीं। कुछ लड़के फर्श पर ही सो जाते थे। मुंदर के अनुसार उन्हें जिस कमरे में रखा गया था, वह 'दमघोंटू' था और बंधकों को रोशनदान खोलने से रोक दिया जाता था, लेकिन वह एक खिड़की खोलने में कामयाब रहीं। इजराइल और हमास ने अपने चार दिन के संघर्ष विराम को बढ़ाने पर सहमति जताई है। संघर्ष विराम के कारण जंग रुक गई है और इजराइल द्वारा कैद किए गए फलस्तीनियों की रिहाई के बदले उसके बंधकों को हमास द्वारा छोड़ा जा रहा है। इजराइल के दो टीवी चैनलों ने दिखाया कि गाजा में हमास के शीर्ष नेता याहिया सिनवार ने एक सुरंग में बंधकों से मिलकर उन्हें आश्वासन दिया कि उन्हें नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। मिरित रेगेव की 21 साल की बेटी माया को भी हमास ने रविवार को छोड़ा था। रेगेव ने इजराइल के सरकारी प्रसारणकर्ता कान को बताया कि परिवार के सदस्यों को माया का हौसला बढ़ाने की सलाह दी गई है। रेगेव का 18 साल का बेटा इताई अब भी हमास की गिरफ्त में है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीबी रियल्टी ने जुटाए 301 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली (भाषा),** डीबी रियल्टी के प्रवर्तकों ने कंपनी में करीब तीन प्रतिशत हिस्सेदारी 301 करोड़ रुपये में बेच दी है। कर्ज चुकाने के लिए कंपनी ने यह कदम उठाया है। मुंबई स्थित कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा, 'प्रवर्तक समूह ने कंपनी के 1.46 करोड़ शेयर यानी 2.91 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है। उक्त शेयरों की बिक्री से 301 करोड़ रुपये जुटाए गए।' प्रवर्तक समूह ने संबंधित लेनदेन और असुरक्षित ब्याज मुक्त ऋण के पुनर्भुगतान के रूप में आय का एक बड़ा हिस्सा कंपनी में निवेश किया है। डीबी रियल्टी ने कहा, ' इस कोष के जरिए कंपनी अपना संपूर्ण ऋण चुकाने में सक्षम हो गई है।

### भारतपे की कर पूर्व आय हुई सकारात्मक

**नयी दिल्ली (भाषा),** फिनटेक यूनिकॉर्न भारतपे की अक्टूबर में कर पूर्व आय सकारात्मक हो गई और वार्षिक राजस्व 1,500 करोड़ रुपये से अधिक रहा। आंकड़ों का उल्लेख किए बिना भारतपे ने एक बयान में कहा कि इसका श्रेय सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में लगातार वृद्धि को जाता है। कंपनी ने कहा, 'उसकी कर पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) अक्टूबर 2023 में सकारात्मक हो गई। उसका वार्षिक राजस्व 1,500 करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष (अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक) की तुलना में 31 प्रतिशत अधिक है।'

### जूबिलेंट फूडवर्क्स की हिस्सेदारी लेने की योजना

**नयी दिल्ली (भाषा),** जूबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि वह डोमिनोज पिज्जा की फ्रेंचाइजी कंपनी डीपी यूरेशिया में अतिरिक्त 51.16 प्रतिशत हिस्सेदारी का करीब 670 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने की तैयारी में है। कंपनी के पूर्ण-स्वामित्व वाली इकाई जूबिलेंट फूडवर्क्स नीदरलैंड्स के पास डीपी यूरेशिया में फिलहाल 48.84 प्रतिशत हिस्सेदारी है। डीपी यूरेशिया के पास तुर्किए, अजरबैजान और जॉर्जिया में डोमिनोज पिज्जा ब्रांड के फ्रेंचाइजी अधिकार हैं। जूबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड (जेएफएल) ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी इकाई जेएफएन डीपी यूरेशिया में अतिरिक्त हिस्सेदारी का अधिग्रहण खुली पेशकश, बाजार से खरीद और शेयर पूंजी के जरिये करने की योजना बना रही है।

### अमृत बैद ग्राहक संपर्क प्रमुख नियुक्त

**नयी दिल्ली(भाषा),** वाहन बनाने वाली कंपनी मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने अमृत बैद को विपणन और ग्राहक संपर्क प्रमुख नियुक्त किया है। अमृत बैद एक फरवरी 2024 से पदभार संभालेंगे। वह प्रदीप श्रीनिवास का स्थान लेंगे, जो अब मर्सिडीज-बेंज एजी मुख्यालय में पदस्थ होंगे। अमृत वर्तमान में मर्सिडीज-बेंज मलेशिया की विदेशी विपणन टीम से जुड़े हैं। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के उपाध्यक्ष लांस बेनेट ने एक बयान में कहा कि अमृत काफी प्रतिभाशाली हैं जिनका भारत में प्रमुख विपणन अभियानों की रणनीति तैयार करने और उन्हें कारगर करने का सिद्ध रिकॉर्ड है।

# निवेश प्रबंधन फर्म, सैमको म्यूचुअल ने डीएएएफ लॉन्च किया

**मुंबई (प्रति.),** प्रतिष्ठित निवेश प्रबंधन फर्म, सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड (डीएएएफ) को लॉन्च किया है। यह अनूठा फंड निवेशकों को आज के गतिशील बाजार परिवेश में स्थिरता, विकास क्षमता और नकारात्मक पक्ष से सुरक्षा का विशिष्ट मिश्रण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह भारत का पहला डीएएएफ है जो कठिन समय में पूरी तरह से ऋण में स्थानांतरित होने की क्षमता के साथ गति मॉडल का पालन करता है। श्रेणी में समान मॉडल मौजूद नहीं है। अधिकांश अन्य हाइब्रिड बीएएफ/डीएएएफ के मॉडल पी/बी, पी/ई आदि पर निर्मित मूल्यांकन मॉडल का पालन करते हैं। भारत में निवेशकों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों में से एक बाजार की अस्थिरता और गिरावट से जुड़ा डर है। सैमको म्यूचुअल फंड इन चिंताओं को पहचानता है और इसने रिटर्न को अनुकूलित करते हुए अस्थिरता और गिरावट को कम करने पर ध्यान देने के साथ डीएएएफ को तैयार किया है। सैमको डीएएएफ के साथ, निवेशक ड्रॉडाउन को कम करते हुए और जरूरत पड़ने पर अपनी पूंजी निकालने की लचीलेपन को बनाए रखते हुए इक्विटी निवेश के लाभों का आनंद ले सकते हैं। सैमको एमएफ का डीएएएफ मालिकाना ट्रांसफार्मर मॉडल पर आधारित नवीन निवेश रणनीति लागू करता है। इस मॉडल से फंड को बाजार के रुझान के आधार पर अपने इक्विटी एक्सपोजर को 0% से 100% तक समायोजित किया जा सकता है। वास्तविक समय में इक्विटी और ऋण निवेश के बीच तेजी से बदलाव करके, फंड जोखिमों को कम करता है और गिरावट को कम करता है, जिससे निवेशकों को सुरक्षा और स्थिरता का अनुभव होता है। फंड का मुख्य परिसंपत्ति आवंटन इक्विटी बाजारों में गति और चरम औसत प्रत्यावर्तन संकेतों के आधार पर निर्धारित किया जाएगा, जिसकी गणना सैमको एमएफ के मालिकाना ट्रांसफार्मर मॉडल का उपयोग करके की जाएगी। मौलिक रूप से यह स्कीम निम्नलिखित रणनीतियों के आधार पर संचालित होगी, यानी, जब बाजार कम अस्थिरता के साथ स्पष्ट रूप से ऊपर की ओर रुझान में हो, तो इक्विटी आवंटन अधिक होगा और जब बाजार टूट रहे हों, सुधार या मंदी के बाजार चरणों में, शुद्ध इक्विटी आवंटन शून्य या अत्यधिक निम्न स्तर पर होगा। केवल अत्यधिक घबराहट या हर्षोल्लास की स्थिति में, योजना रिवर्स मॉडल की ओर बढ़ेगी और मंदी वाले बाजारों में इक्विटी एक्सपोजर का निर्माण करेगी या तेजी वाले बाजारों में इक्विटी एक्सपोजर में कटौती करेगी।

## अडाणी समूह की शेयरों में उछाल

**नयी दिल्ली (भाषा),** अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में मंगलवार को शुरुआती कारोबार में उछाल आया। अडाणी टोटल गैस के शेयर करीब 20% चढ़े। समूह की सभी 10 सूचीबद्ध कंपनियों ने शुरुआती कारोबार में तेज बढ़त के साथ कारोबार किया। बीएसई पर अडाणी टोटल गैस के शेयर में 19.61% की बढ़ोतरी हुई। वहीं अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयर में 13%, अडाणी पावर 8.46%, अडाणी ग्रीन एनर्जी 7.84%, अडाणी एंटरप्राइजेज 7%, अडाणी विल्मर के शेयर में 6.86%और एनडीटीवी के शेयर में 6.42% का उछाल आया।

# क्रॉम्पटन के नया डेको बैटन लाइटिंग सॉल्यूशन पेश किया

**मुंबई (प्रति.),** भारत के लेगेसी ब्राण्ड, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अपना नया प्रोडक्ट 'डेको बैटन' लाइट्स लॉन्च किया है।

कंपनी गुणवत्ता एवं भरोसे को लेकर अपनी प्रतिबद्धता के लिए मशहूर है और इसकी नई क्रॉम्पटन डेको बैटन लाइट्स अपनी स्टाइल, डिजाइन एवं शानदार फंक्शनैलिटी के दम पर आपके लिविंग स्पेस को पूरी तरह बदलने के लिए तैयार है। डेको बैटन से 'फैन्सी लाइटिंग' मिलती है और घर की सजावट में चार-चांद लग जाते हैं। क्रॉम्पटन पिछले 80 वर्षों से लाइटिंग के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता साबित कर रहा है। क्रॉम्पटन आपके लिविंग स्पेस को एक नया रूप देना चाहता है। घरों को सुंदर बनाने के लिए सटीकता से तैयार किए गए प्रोडक्ट्स की विशाल रेंज में यह बात बखूबी झलकती है। क्रॉम्पटन के डेको बैटन की कीमत 699 रुपए की रेंज में हैं। ये पूरे भारत में क्रॉम्पटन के सभी अधिकृत रिटेल आउटलेट्स के साथ-साथ प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है।

# केजी-डी6 ब्लॉक से गैस की नई नीलामी में आईओसी ने बाजी मारी

**नयी दिल्ली (भाषा),** सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने केजी-डी6 से निकलने वाली गैस के लिए आयोजित नवीनतम नीलामी में रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी के गठजोड़ की तरफ से पेश प्राकृतिक गैस का एक तिहाई से अधिक हिस्सा हासिल कर लिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

इस ब्लॉक से पिछले सप्ताह नीलाम हुई 40 लाख मानक घन मीटर गैस में से आईओसी को प्रतिदिन 14.5 लाख मानक घन मीटर गैस मिली। तेल शोधन और विपणन कंपनी आईओसी इस ब्लॉक से गैस की पिछली दो नीलामी में भी अग्रणी बोलीदाता थी। उसने इस बार उर्वरक संयंत्रों एक 'एग्रीगेटर' के रूप में बोली लगाई। मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने कहा कि टॉरेंट गैस और गुजरात गैस जैसी शहरी गैस वितरण कंपनियों ने वाहनों को सीएनजी की बिक्री और घरों तक पाइप से रसोई गैस पहुंचाने के लिए कुल 22.1 लाख मानक घन मीटर गैस का अधिकार हासिल किया है।



सूत्रों के मुताबिक, गुजरात गैस ने पांच लाख मानक घन मीटर, टॉरेंट गैस ने 4.5 लाख मानक घन मीटर, अडाणी टोटल गैस लिमिटेड ने 2.9 लाख मानक घन मीटर, इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड और महानगर गैस लिमिटेड ने तीन लाख मानक घन मीटर गैस खरीद का अधिकार हासिल किया है। इस नीलामी में गैस खपत वाले सभी क्षेत्रों- उर्वरक, शहरी गैस वितरण, रिफाइनरी और 'एग्रीगेटर्स' ने शिरकत की। कुल 38 सफल बोलीदाताओं ने 24 नवंबर को हुई इस नीलामी के माध्यम से गैस हासिल की। रिलायंस और उसके ब्रिटिश साझेदार बीपी के गठजोड़ ने कृष्णा गोदावरी बेसिन ब्लॉक से 40 लाख मानक घन मीटर गैस की बिक्री के लिए यह नीलामी आयोजित की थी। इस नीलामी के तहत एक दिसंबर से गैस आपूर्ति की जाएगी। इस गठजोड़ ने इस साल अप्रैल में भी 60 लाख मानक घन मीटर गैस की बिक्री की थी। यह गठजोड़ केजी-डी6 ब्लॉक में गैस क्षेत्रों से लगभग 2.9-3.0 करोड़ मानक घन मीटर का उत्पादन करता है।

# एआईपीईएफ ने ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले की कमी, आयात की जांच की मांग की

**नयी दिल्ली (भाषा),** ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने मंगलवार को देश में विभिन्न ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले की कमी के साथ-साथ उसके आयात की स्वतंत्र जांच की मांग की।

एआईपीईएफ की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, केंद्र सरकार को बिजली उत्पादन उपयोगिताओं द्वारा कोयले के आयात की अतिरिक्त लागत वहन करनी चाहिए। इसमें कहा गया कि कुछ संस्थाओं को कोयले के बढ़ते आयात से फायदा मिल रहा है। कई बिजली उत्पादकों की मांग के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में सूखे ईंधन की कीमत में वृद्धि हुई है। एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि



जांच के संदर्भ में यह शामिल होना चाहिए कि कोयला आयात के मुख्य लाभार्थी कौन हैं। एआईपीईएफ के अनुसार, सरकार द्वारा आयातित कोयला आधारित संयंत्रों को पूरी क्षमता से चलाना अनिवार्य करने और घरेलू कोयला आधारित संयंत्रों को आयातित कोयले का मिश्रण चार प्रतिशत से बढ़ाकर छह प्रतिशत करने का निर्देश देने के बाद कोयले का आयात बढ़ गया है।

सरकार ने इस साल मार्च में बिजली अधिनियम की धारा 11 के तहत एक निर्देश जारी किया, जिसमें बिजली की मांग में वृद्धि और अपर्याप्त घरेलू कोयले की आपूर्ति के बीच आयातित कोयला-आधारित (आईएसबी) बिजली संयंत्रों को पूरी क्षमता पर काम करने के लिए कहा गया। शुरुआत में 16 मार्च से 15 जून 2023 तक के लिए आदेश जारी किया गया। बाद में इसे जून 2024 तक बढ़ा दिया गया। एआईपीईएफ की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, कोयले के आयात की स्वतंत्र जांच की जानी चाहिए और घरेलू कोयले के साथ वैज्ञानिक मिश्रण के बिना आयातित कोयले को जलाने पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए ताकि 'बॉयलर' और बिजली उत्पादन उपकरणों को नुकसान न हो। बयान में कहा गया है कि, यदि जेनकोस (उत्पादन कंपनियों) के लिए ईंधन का आयात अनिवार्य कर दिया जाता है तो भारत सरकार को अतिरिक्त लागत वहन करनी चाहिए ताकि इसका भार डिस्कॉम (वितरण कंपनियों) और उपभोक्ताओं पर न पड़े।

## विश्व का सबसे बड़ा पेपर शो 6 से

**मुंबई (प्रति.),** दुनिया के सबसे बड़े पेपर शो, पेपरेक्स का 16वां संस्करण, वैश्विक पेपर उद्योग के सबसे बड़े ब्रांडों और कंपनियों की मौजूदगी का वादा करता है। यह इवेंट 6 से 9 दिसंबर 2023 को इंडिया एक्सपो सेंटर, दिल्ली एनसीआर, भारत में आयोजित किया जाएगा, जिसमें पेपर उत्पादन की नवीनतम तकनीक के साथ-साथ कुछ सबसे अद्भुत और पर्यावरण- सहयोगी उत्पाद भी प्रदर्शित किए जाएंगे। पेपरेक्स 2023 को उद्योग जगत से जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है और यह 2022 से 20 देशों के 700 से ज्यादा अग्रणी प्रदर्शकों और दुनिया के हर कोने से 30,000 से अधिक व्यापार आगंतुकों के साथ सफलता की कहानी को बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में अडियाला जेल में ही चलता रहेगा इमरान खान पर मुकदमा

**इस्लामाबाद (भाषा),** पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ मुकदमा जेल में ही चलाते रहने का फैसला किया।

अधिकारियों ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए उन्हें सामान्य अदालत में होने वाली सुनवाई के लिए पेश नहीं किया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष खान (71) 26 सितंबर से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं जहां पिछले सप्ताह तक उनके खिलाफ उच्च सुरक्षा वाली जेल में ही सुनवाई चल रही थी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह कार्यवाही को अनुचित करार देते हुए इसके खिलाफ व्यवस्था दी थी। विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुअल हसनत जुल्करनैन ने मंगलवार को इस्लामाबाद स्थित फेडरल ज्यूडीशियल कॉम्प्लैक्स में सुनवाई की अध्यक्षता की। सुरक्षा कारणों से अधिकारियों ने खान को सुनवाई के लिए प्रस्तुत नहीं किया। अधिकारियों द्वारा अदालत में पेश की गई रिपोर्ट के अनुसार, 'यह सूचना दी गई है कि पीटीआई अध्यक्ष को एक गंभीर स्तर का सुरक्षा जोखिम है।' खान नवंबर 2022 में पंजाब प्रांत में एक चुनावी रैली में उन पर हुए जानलेवा हमले में बच गए थे। रिपोर्ट के अनुसार खुफिया एजेंसियों और जेल अधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री को खतरे की गंभीरता पर जोर देते हुए चिंता जताई है। पिछले सप्ताह न्यायाधीश ने अधिकारियों को



निर्देश दिया था कि खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को मामले में सुनवाई के लिए फेडरल ज्यूडीशियल कॉम्प्लैक्स में पेश किया जाए।

कुरैशी (67) को भी उक्त मामले में गिरफ्तार किया गया था और वह भी अडियाला जेल में बंद हैं। खान और कुरैशी ने खुद को बेगुनाह बताया है।

# ट्रांसवर्ल्ड ग्रुप की मारटाइम शेईओ सम्मेलन में महत्वपूर्ण भागीदारी

**मुंबई (प्रति.),** ट्रांसवर्ल्ड ग्रुप, शिपिंग और लॉजिस्टिक्स उद्योग में एक प्रतिष्ठित कंपनी ने मुंबई में आयोजित मारटाइम (समुद्री) शेईओ सम्मेलन में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम विविधता की वकालत करने के लिए प्रसिद्ध है और समुद्री क्षेत्र में नवाचार, प्रतिष्ठित उद्योग जगत की बड़ी हस्तियों और विशेषज्ञों को एक छत के नीचे एक साथ लाया। इस सम्मेलन में टिकाऊ शिपिंग प्रथाओं, लिंग विविधता और वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डालने का कार्य किया। ट्रांसवर्ल्ड ग्रुप के शिप ओनिंग डिवीजन हेड कैप्टन मिलिंद के पाटनकर, और एमडी श्रेयस शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स लिमिटेड, दलजीत सिंह, कैली मर्फी, एचई यासील बुरिलो और पीएलए मेलिंग सहित प्रतिष्ठित उद्योग की हस्तियों के पैनल में टिकाऊ शिपिंग प्रथाओं पर व्यावहारिक चर्चा का नेतृत्व किया और अमूल्य उद्योग अंतर्दृष्टि को साझा किया। कैप्टन मिलिंद पाटणकर ने विशाल समुद्र में यात्रा करते समय सुरक्षा, नवाचार और प्रबंधन के प्रति ट्रांसवर्ल्ड की अटूट प्रतिबद्धता दोहराई और वैश्विक उत्सर्जन में शिपिंग की महत्वपूर्ण भूमिका को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे क्षेत्र में 16% कार्बन पदचिह्न है, जिसमें से 3% शिपिंग व्यवसाय से है।

# भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात में अक्टूबर में 18 प्रमुख बाजारों में सकारात्मक वृद्धि

**कोलकाता (भाषा),** भारत के इंजीनियरिंग समान के निर्यात में अक्टूबर में 18 प्रमुख बाजारों में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट्स प्रमोशन काउंसिल (ईईपीसी) इंडिया ने यह जानकारी दी। ब्रिटेन, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को निर्यात में अक्टूबर में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। उद्योग निकाय के अनुसार, चीन, इटली, सिंगापुर और इंडोनेशिया उन देशों में शामिल हैं जहां अक्ट्रबर में इंजीनियरिंग निर्यात में गिरावट देखी गई। अमेरिका में इंजीनियरिंग निर्यात सालाना आधार पर 2.2 प्रतिशत की बढ़त के साथ 139.15 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा। पिछले वर्ष अक्टूबर में यह 136.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर था। जर्मनी को अक्टूबर में निर्यात 20 प्रतिशत बढ़कर 34.27 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा। यूएई को इंजीनियरिंग समान का निर्यात सालाना आधार पर 2.9 प्रतिशत बढ़कर 34.86 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा। कुल मिलाकर अक्टूबर में भारत से इंजीनियरिंग निर्यात 7.2 प्रतिशत बढ़कर 809.42 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया। पिछले वर्ष यह 755.069 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा था। अप्रैल से अक्टूबर 2023 तक संचयी इंजीनियरिंग निर्यात 1.61 प्रतिशत कम होकर 61.63 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो पिछले साल समान अवधि में 62.63 अरब अमेरिकी डॉलर था।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 16 दिनों बाद...

स्ट्रेचर पर लिटाकर रस्सी के जरिये बाहर खींचा गया। प्रशासन की ओर से मजदूरों के सुरंग से बाहर आने के बाद सारी तैयारियां की गईं थी, बुधवार से ही यहां पर 41 एंबुलेस और डॉक्टरों की टीम तैनात रही, सुरंग से बाहर निकलते ही इन मजदूरों के प्राथमिक परीक्षण के लिए सुरंग के बाहर बनाए गए अस्थायी अस्पताल में ले जाया गया। इसके साथ ही यहां एक हेलीकॉप्टर भी तैनात था। ताकि किसी को अगर जरूरत हो तो उसे तत्काल बड़े अस्पताल ले जाया जा सके। आपको बता दें कि 12 नवंबर दिवाली के दिन उत्तरकाशी की सिलक्यारा टनल में अचानक धंसाव हो गया था, जिसमें 41 मजदूर सुरंग में ही फंस गए थे। पिछले 17 दिनों से लगातार इन मजदूरों को निकालने के लिए युद्ध स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा था। कई बार इसमें कुछ रुकावट भी आई, जिसकी वजह से रेस्क्यू में देरी हुई, लेकिन इन तमाम बाधाओं को दूर किया गया और आखिरकार आज प्रशासन को इसमें सफलता मिली।

### श्रमिकों के बचाव...

ने उस तकनीक से कोयला खनन, सुरंग में जाकर कोयला निकालने पर रोक लगा दी है, लेकिन इस तकनीक का उपयोग अब भी निर्माण स्थलों पर किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह एक विशेष स्थिति है, यह जीवन बचाने वाली स्थिति है...वे तकनीशियन हमारी मदद कर रहे हैं। उत्तराखंड के चार धाम मार्ग पर निर्माणाधीन सुरंग के ढह गए हिस्से के अंतिम 10 या 12 मीटर के मलबे के माध्यम से क्षैतिज खुदाई में बारह 'रैट-होल' खनन विशेषज्ञ लगे थे। यह पूछे जाने पर कि 'रैट होल' खनिकों को किसने काम पर रखा, चौहान ने कहा कि जब हम पूरी सरकार की बात करते हैं, तो खर्चा इधर से आया, उधर से आया, एक ही बात है।

### श्रमिकों को सुरंग...

दिन से फंसे सभी श्रमिकों को बाहर निकाला जा चुका है। चारधाम यात्रा मार्ग पर बन रही सुरंग का एक हिस्सा 12 नवंबर को ढह गया था, जिससे उसमें 41 श्रमिक फंस गए थे।

### श्रमिकों के परिवारों...

साथ हूं। यह पूछे जाने पर कि कौन सा अस्पताल है, उन्होंने कहा कि यह उन्हें पता नहीं है लेकिन उनके भाई की हालत स्थिर है। सुनील पिछले एक सप्ताह से अपने भाई का इंतजार कर रहे थे। सुनील भी इस तरह की परियोजनाओं में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन का सबसे कठिन समय था, जब उनके बूढ़े माता-पिता की देखभाल करने वाला कोई नहीं बचा था, जो सदमे की स्थिति में थे। उन्होंने कहा, मैं किसी तरह उत्तरकाशी की यात्रा के लिए धन की व्यवस्था कर सका। यहां खीराबेड़ा में जश्न का माहौल है और ग्रामीणों ने 'लड्डू' बांटे। सुखराम की लकवाग्रस्त मां पार्वती, जो आपदा के बारे में पता चलने के बाद से गमगीन थीं, बहुत खुश नजर आ रही थीं। अनिल के घर में उनकी दुखी मां ने पिछले दो सप्ताह से कुछ भी नहीं पकाया और परिवार अपने पड़ोसियों द्वारा दिए जाने वाले भोजन पर ही आश्रित था। बचाव की खबर टीवी पर दिखाए जाने पर ग्रामीण वहां एकत्र हो गए।

**बांधकाम विभाग,**
**जिल्हा परिषद, ठाणे.**
**निविदा सूचना क्र. ४२ सन २०२३-२०२४**

**अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिल्हा परिषद ठाणे** हे ई-निविदाद्वारे सर्व लेखाशिर्षाखालील बांधकाम विभाग, जिल्हा परिषद ठाणेकडील कामाच्या Online निविदा मागवित आहे.

१. विस्तृत माहिती http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

२. सदर ई-निविदा Online Download/upload खालील वेळापत्रकाप्रमाणे करण्यात येईल.

| निविदा सूचना क्र. | ई-निविदा Online Download/ Online upload करण्याचा दिनांक | निविदा उघडण्याचा दिनांक (शक्य असल्यास) | एकूण कामे |
|---|---|---|---|
| ४२ | दि. २८/११/२०२३ ते दि. ०५/१२/२०२३ | ०६/१२/२०२३ | २० |

३) सदरहू ई-निविदाबाबत या पुढील सर्व शुद्धीपत्रक तसेच फेरनिविदा अथवा इतर माहिती http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर प्रसिद्ध करण्यात येईल.

**सही/-**
**कार्यकारी अभियंता,**
**बांधकाम विभाग**
**जिल्हा परिषद, ठाणे.**

**सही/-**
**अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी,**
**जिल्हा परिषद, ठाणे.**

जा. क्र. ठाजिप/बांवि/निविदा-४/वशि-४२
बांधकाम विभाग,
जिल्हा परिषद ठाणे.
दिनांक :- २८/११/२०२३.

## 35 स्थलों में हुई चेकिंग, सात जगह लाउड स्पीकर उतरवाया

चित्रकूट (एजेंसी), भगवान राम की तपोभूमि धर्मनगरी चित्रकूट में डीजीपी के निर्देश पर मस्जिदों में लाउड स्पीकर चेकिंग अभियान चलाया। मुख्यालय समेत पूरे जिले में 35 मस्जिदों में पहुंचे अधिकारियों ने लगे लाउड स्पीकर की ध्वनि चेक कराया। जिसमें 17 स्थानों पर मानक के विपरीत लाउड स्पीकर संचालित पाए गए। इनमें सात जगह लाउड स्पीकरों को उतरवाया गया है। अन्य जगह निर्धारित मानक के अनुरूप संचालित करने के निर्देश दिए गए। सुबह पांच बजे से सात बजे तक अभियान चलाया गया। जिसमें एसपी वृंदा शुक्ला, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सदर एसडीएम सौरभ यादव, सीओ सिटी हर्ष पांडेय के अलावा कर्वी कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर आशुतोष तिवारी ने मुख्यालय व आसपास की कई मस्जिदों में जाकर लाउडस्पीकरों के संबंध में जानकारी ली। इनके अलावा मानिकपुर, मऊ, राजापुर तहसील क्षेत्र की मस्जिदों में भी पुलिस अधिकारी लाउड स्पीकर करने पहुंचे। इसके लिए चार सीओ लगाए गए थे। बताते हैं कि कुल 35 स्थानों पर लाउड स्पीकर किया गया।

दैनिक यशोभूमि
मुंबई
बुधवार, 29 नवंबर 2023

### संक्षिप्त समाचार

#### एयरफोर्स जवान की हार्ट अटैक से मौत

**औरैया (एजेंसी),** एयरफोर्स कर्मी की शादी से कुछ रोज पहले हार्ट अटैक से अचानक मौत हो गयी। घर में शादी के चलते जश्न का माहौल था, जो मातम में तब्दील हो गया। जनपद के अछल्दा थाना क्षेत्र के ग्राम छछुंद निवासी अंशू पुत्र श्याम शरण राठौर उम्र करीब 25 वर्ष एयरफोर्स में जामनगर गुजरात में नौकरी कर रहा था । मृत युवक का 1 दिसम्बर को तिलक चढ़ना था एवं 4 दिसम्बर को झींझक बारात जानी थी' एयरफोर्स कर्मी शादी होने के चलते 24 नवंबर को अपने मामा जयपाल के यहां आया था। युवक बचपन से अपनी मां के साथ मामा के ही यहां छछुंद गांव में रह रहा है।

#### जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में लगी आग

**बरेली (एजेंसी),** महिला जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में मंगलवार सुबह आग लगने से हड़कंप मच गया। वार्ड में धुंआ उठता देख तीमारदार के साथ स्टाफ अलर्ट मोड़ में आ गया। स्टाफ ने तुरंत अस्पताल में आग बुझाने के संयत्र का प्रयोग करना शुरू दिया। स्टाफ ने कड़ी मशक्कत के बीच आधे घंटे में ही तीमारदारों की मदद से काबू पा लिया। इस बीच कुछ तीमारदारों ने दमकल को भी सूचना दे दी थी। दमकल के आने से पहले लगभग हालात सामान्य हो गए थे। इसके बाद जिला अस्पताल के सीएमएस त्रिभुवन प्रसाद ने वार्ड को देखा और स्टाफ के आग बुझाने के प्रयास की भी तारीफ की।

#### उत्तर प्रदेश में पांच बीएसए बदले गए

**लखनऊ (एजेंसी),** मंगलवार को पांच बेसिक शिक्षा अधिकारियों का स्थानान्तरण किया गया है। लखनऊ और नोएडा में नए बीएसए की तैनाती की गई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में पांच बीएसए अधिकारियों का तबादला करते हुए राम प्रवेश को लखनऊ तो राहुल पवार की तैनाती नोएडा की गई है। इसी तरह उपासना वर्मा को कन्नौज, हरिकेश यादव को ललितपुर भेजा गया है। इसके अलावा एक और बीएसए का तबादला किया गया है।

#### युवक की गला रेतकर हत्या, पार्क में मिला शव

**गाजियाबाद (एजेंसी),** दिल्ली से सटे इंदिरापुरम इलाके के एक पार्क में एक युवक की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गयी। युवक का शव मंगलवार की सुबह अभयखंड चौकी क्षेत्र के ग्रीन पार्क में बरामद हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आज सुबह पुलिस को सूचना मिली कि अभयखंड चौकी क्षेत्र के ग्रीन पार्क में एक युवक(25) का शव पड़ा हुआ है।

#### मुरादाबाद में बूंदाबांदी से शीत ऋतु का आगाज

**मुरादाबाद (एजेंसी),** मुरादाबाद में मंगलवार सुबह हुई बूंदाबांदी से मौसम बहुत ठंडा हो गया और पूरी तरह से शीत ऋतु का आगाज हो गया। अचानक हुई बूंदाबांदी से मुरादाबाद का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। आज सुबह 9 बजे से 11 बजे के बीच हल्की बूंदाबांदी हुई।

#### बुजुर्ग चौकीदार की हत्या

**हमीरपुर (एजेंसी),** रेलवे के सामान की रखवाली करने वाले प्राईवेट चौकीदार की किसी ने हत्या कर दी। मंगलवार को सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच कर आवश्यक कार्यवाई शुरू कर दी, जबकि फील्ड यूनिट और डॉग स्कायड मौके पर जांच कर रहे हैं। फिलहाल हत्या के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इचौली निवासी रामसेवक (78) गांव के निकट चल रहे रेलवे के काम और सामान की रखवाली चौकीदार के रूप में करता था।

# ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को कुचला

**बदायूं (एजेंसी),** जिले के उझानी कोतवाली इलाके के मथुरा बरेली हाईवे पर सोमवार की रात एक ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में पिता की मौत हो गई। जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बेटे का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। उझानी कोतवाली के गांव उल्हेतापुर के रहने वाले शिव सिंह अपने बेटे तेजपाल के साथ सोमवार की रात बाइक से बदायूं से अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान मथुरा बरेली हाईवे स्थित उझानी कोतवाली के गल्ला मंडी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मारने के बाद




ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया है,जिसकी तलाश भी जारी है। ट्रक की टक्कर से शिव सिंह और उनका बेटा तेजपाल घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची उझानी कोतवाली पुलिस ने घायल पिता पुत्र को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचवाया। जहां डॉक्टर ने शिव सिंह को मृत घोषित कर दिया। जबकि बेटे तेजपाल का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने शिव सिंह के शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है और परिजनों को सूचना दे दी है। आज पंचनामा की कार्रवाई के बाद शिव सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस मामले में उझानी कोतवाली पुलिस का कहना है कि जिस ट्रक से हादसा हुआ है उसकी तलाश जारी है।

## कार पेड़ से टकराई चालक युवक की मौत

**मुरादाबाद (एजेंसी),** मुरादाबाद के थाना छजलैट थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार चला रहे युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं कार में सवार उसके भाई समेत तीन लोग भी चोटिल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जनपद कासगंज के शोरो थाना क्षेत्र के पौसेरा निवासी शोबेंद्र मंगलवार सुबह स्विफ्ट कार से कासगंज से देहरादून जा रहा था। कार में शोबेंद्र के साथ उसके भाई राहुल, पुष्पेंद्र व कौशल भी सवार थे।

# गाय की उपयोगिता सिद्ध करेगा परखम का गौ विज्ञान अनुसंधान केंद्र : भागवत

**मथुरा (एजेंसी),** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने मथुरा जिले के फरह क्षेत्र के ग्राम परखम में मंगलवार को दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के मुख्य और प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। इसके साथ ही दीनदयाल बुनकर केंद्र एवं बायो गैस प्लांट का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर डॉ. भागवत ने कहा कि सम्पूर्ण विश्व के सामने ग्राम परखम का यह अनुसंधान केंद्र गाय की उपयोगिता का वैज्ञानिक प्रमाण देगा। यह अनुसंधान केंद्र मानव जीवन में गाय की महती उपयोगिता पर एक नई पटकथा लिखेगा कि पर्यावरण संकट



का उपाय गाय ही है। इस अवसर पर हंस फाउंडेशन की अध्यक्ष मंगला माता, साध्वी ऋतम्भरा, दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के अध्यक्ष महेश गुप्ता एवं मंत्री हरीशंकर शर्मा के साथ कई साधु-संत एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। डॉ. भागवत ने कहा कि भारत की परम्परा लेकर देना है। हमें प्रकृति इतना सब देती है तो हमें उसे दोगुना वापस करने की कोशिश करनी चाहिए और गाय पाल कर हम ऐसा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देशी गाय के दूध की महिमा आज सबको माननी पड़ी है। जैसे-जैसे हम प्राचीन मूल्यों की ओर बढ़ रहे हैं वैसे ही धीरे-धीरे भारत वर्ष भी उठ खड़ा हो रहा है।

## पीएनबी ग्राहक सेवा केन्द्र के प्रबंधक से ढाई लाख रुपए लूटे

**बुलंदशहर (भाषा),** बुलंदशहर जिले के औरंगाबाद इलाके में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के ग्राहक सेवा केन्द्र से मंगलवार को दो बदमाशों ने कथित तौर पर ढाई लाख रुपये लूट लिये। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि औरंगाबाद इलाके के जिताका गांव में पंजाब नेशनल बैंक से संबद्ध ग्राहक सेवा केंद्र है। उन्होंने बताया कि आज सुबह लगभग दस बजे बाइक सवार दो लोग केंद्र में आए और केंद्र संचालक से बैग में रखे करीब ढाई लाख रुपये लूट लिए। कुमार ने बताया कि इस संबंध में सीसीटीवी फुटेज से कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं जिसके आधार पर पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। एसएसपी ने बताया कि इस घटना के खुलासे के लिए छह टीम को तैनात किया गया है। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है और जल्द से जल्द इस घटना का खुलासा किया जाएगा।

## समधी ने कर दी समधी की गोली मारकर हत्या

**गौतमबुद्धनगर (एजेंसी),** ग्रेटर नोएडा की बिसरख कोतवाली क्षेत्र के अशोक फार्म हाउस में सोमवार की देर रात एक वैवाहिक समारोह में एक समधी ने अपने ही समधी की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की।



पुलिस का कहना है कि हत्या का कारण पारिवारिक विवाद प्रतीत हो रहा है। मामले को गहराई से पड़ताल की जा रही है। साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं। हापुड़ निवासी शेखर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सोमवार रात नोएडा के होशियारपुर गांव निवासी विनोद यादव की बेटी की ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित अशोक फार्म हाउस में शादी थी। समारोह में विनोद यादव के दोस्त होशियारपुर निवासी अशोक यादव और अशोक के समधी हापुड़ निवासी शेखर भी शामिल थे। शादी समारोह में दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी। मामला हाथापाई तक पहुंच गया। विवाद ज्यादा बढ़ने के बाद शेखर ने अशोक को गोली मार दी और फरार हो गया। गोली की आवाज सुनकर समारोह में हड़कम्प मच गया और भगदड़ मच गई। मौजूद लोगों ने गंभीर रूप से घायल अशोक को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने अशोक को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपी की पहचान कर ली है और उसकी गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन किया है।

## मुख्यमंत्री कल करेंगे विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

**हरिद्वार (एजेंसी),** जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री द्वारा 30 नवम्बर को किये जाने वाले जनपद की विभिन्न विकास योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों आदि के सम्बन्ध में एक बैठक हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन ने विभिन्न विकास योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा आगामी 30 नवम्बर को जनपद नैनीताल में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों की योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के साथ ही जनपद हरिद्वार के 12 विभागों की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण वर्चुअल माध्यम से किया जायेग।



## लापता हुए युवक का शव गंगनहर से बरामद

**हरिद्वार (एजेंसी),** करीब सप्ताह भर से लापता हुए युवक का शव मोहम्मदपुर झाल से बरामद हो गया। शव मिलने के बाद पुलिस ने शव को पास्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल रुड़की भिजवाया। नारसन चौकी क्षेत्र के बूढ़पुर गांव निवासी रीनू कुमार का विवाह नसीरपुर गांव में हुआ था। उसकी पत्नी अपने मायके गई हुई थी। बताया गया कि करीब सप्ताह भर पूर्व वह अपनी पत्नी को लेने ससुराल गया था, लेकिन वहां से नहीं लौटा। परिजन तलाश में जुटे हुए थे। बताया गया है कि सोमवार देर रात उसका शव मोहम्मदपुर स्थित झाल में देखा गया।

## विधायक राजेश्वर ने खराब सड़कों की ओर खींचा मुख्यमंत्री का ध्यान

**लखनऊ (एजेंसी),** सरोजनीनगर विधानसभा के विधायक राजेश्वर सिंह ने क्षेत्र की छह खराब व अविकसित सड़कों की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान खींचते हुए पत्र लिखा है। विधायक की ओर से आशा जतायी जा रही है कि छह सड़कों को त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत शीघ्र ही बनवाया जायेगा। विधायक राजेश्वर सिंह ने अपने विधानसभा की जनता की सड़क मार्ग की मांग पर मुख्यमंत्री से छह मार्गों को बनवाने के लिए आग्रह किया है, उसमें विजय कुमार शुक्ला स्मृति मार्ग, मजरा नकटोरा मार्ग, दरोगा खेड़ा से रनियापुर मार्ग, रेवतापुर मार्ग, भौंकापुर की डामर मार्ग, पिपरसण्ड गुलालखेड़ा मार्ग शामिल है। ग्राम क्षेत्र से शहरी क्षेत्र की कालोनियों में विकसित हुए सरोजनी नगर के नवीन क्षेत्रों में अभी तमाम सड़कें बननी है। फिलहाल विधायक की ओर से छह मार्गों को बनवाने की मांग की गयी है, जिसे बनाने में तमाम अवरोध सामने आ रहे हैं। इन मार्गों के बन जाने के बाद बड़ा आवासीय क्षेत्र लाभांवित होगा।

## बंदरों के हमले में छत से गिरा बच्चा, गंभीर

**मेरठ (एजेंसी),** मेरठ में बंदरों के हमले से इंदिरा नगर में एक बच्चे की जान पर बन आई। मकान की दूसरी मंजिल से सड़क पर गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट आई। मेडिकल कालेज में उसकी सर्जरी की गई है और वह वेंटीलेटर पर है। आक्रोशित लोगों ने नगर निगम से बंदरों को पकड़वाने की मांग की है। शाम दिनेश कुमार का बेटा कृष्णा (8) मकान की छत पर खेल रहा था। अचानक बंदरों का झुंड आ गया। बंदर उसकी ओर दौड़े तो वह बचने के लिए भागा।

## पनियाला के संवर्धन से लाभान्ति होंगे पूर्वांचल के किसान

**लखनऊ (एजेंसी),** गोरखपुर और इसके आस-पास के जिलों में होने वाला औषधीय गुणों से भरपूर पनियाला के संरक्षण और संवर्धन के लिए योगी सरकार ने पहल की है। पनियाला के संवर्धन से पूर्वांचल के किसानों को लाभान्ति कराने की दृष्टि से लखनऊ स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से संबद्ध केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के वैज्ञानिकों ने गोरखपुर और पड़ोसी जिलों के पनियाला बाहुल्य क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया है। इस दौरान संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डा. दुष्यंत मिश्र एवं डा. सुशील कुमार शुक्ल ने कुछ स्वस्थ पौधों से फलों के नमूने लिए। दोनों वैज्ञानिकों ने मंगलवार को बताया कि अब संस्था की प्रयोगशाला में इन फलों का भौतिक एवं रासायनिक विश्लेषण कर उनमें उपलब्ध विविधता का पता किया जा जाएगा। वैज्ञानिकों ने बताया कि सर्वोत्तम वृक्षों का चयन कर उनको संरक्षित करने के साथ कलमी विधि से नए पौधे तैयार कर इनको किसानों और बागवानों को उपलब्ध कराया जाएगा। पनियाला को 'इंडियन कॉफी प्लम' और 'पानी आंवला' के नाम से भी जाना जाता है। इसके पेड़ उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, देवरिया, महाराजगंज क्षेत्रों में पाये जाते हैं।



पांच छह दशक पहले इन क्षेत्रों में बहुतायत में मिलने वाला पनियाला अब लुप्तप्राय है।

## सुसज्जित बनेगा बुलंदशहर रेलवे स्टेशन

**मुरादाबाद (एजेंसी),** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल के वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक कोचिंग सुधीर सिंह ने बताया कि भारत सरकार की अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत मुरादाबाद मण्डल के बुलंदशहर रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण कर सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त गढ़मुक्तेशवर रेलवे स्टेशन किया जाएगा। सीनियर डीसीएम ने आगे बताया कि भारतीय रेलवे पर रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए हाल ही में अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई है।

## महिला को घायल करके उसके पोते की हत्या करने के तीन दोषियों को आजीवन कारावास

**मथुरा (भाषा),** मथुरा जिले की एक अदालत ने एक वृद्ध महिला को बुरी तरह से घायल करके उसके पोते की हत्या करने को लेकर तीन संबंधियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास एवं तीस-तीस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है। वादी के अधिवक्ता सुनील भार्गव एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मुकेश कुमार ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दशम) श्वेता वर्मा ने दोनों पक्षों के गवाहों को सुनने, वकीलों की जिरह एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सोमवार को फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों शिवशंकर, कलौदी व विशंभर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी। भार्गव ने बताया कि अदालत ने तीनों दोषियों पर तीस-तीस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। उन्होंने बताया कि यह घटना 20 नवम्बर 2017 की है, जब बलदेव क्षेत्र के सेहत गांव निवासी वादी ओमप्रकाश सिंह के भाइयों शिवशंकर व कलौदी व उनके रिश्तेदार विशंभर ने मिलकर खेत की झोपड़ी में सो रही ओमप्रकाश की पत्नी कैला देवी को मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया और उनके पोते सचिन की बेरहमी से हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि इस वारदात का कारण ओमप्रकाश सिंह की व हत्यारों की जमीन गंगाजल परियोजना में आने के बाद मिले 84 लाख रुपये हड़पने की साजिश थी। उन्होंने बताया कि दरअसल, हत्यारे ओमप्रकाश को ही मार डालना चाहते थे, परंतु उस रात उनका पोता सचिन अपनी दादी के साथ खेत की रखवाली के लिए झोपड़ी में सोया था।

## बाबा साहब की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**औरैया (एजेंसी),** बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने वाले आरोपित को



अछल्दा थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी रुद्र प्रताप त्रिपाठी ने बताया कि गश्ती के दौरान नहर रोड गांव सती का पुरवा के पास से अभियुक्त शैलेन्द्र सिंह उर्फ शीलू ठाकुर को गिरफ्तार किया गया। वह रविवार की शाम को अमलिया पुर्वा गांव के बाहर लगी बाबा साहेब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर भाग गया था। इस घटना से गांव में आक्रोश फैल गया था। प्रशासन ने क्षतिग्रस्त प्रतिमा की जगह पर बाबा साहब की नयी प्रतिमा स्थापित कर तनावपूर्ण माहौल को शांत कराया था। उसके बाद से ही आरोपित को पकड़ने के लिये पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी।

## हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

**कानपुर (एजेंसी),** सचेंडी थाना क्षेत्र में हाईवे-2 पर किसान नगर गांव के पास मंगलवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। सहायक पुलिस आयुक्त पनकी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि सचेंडी के किसान नगर गांव के पास हाईवे-2 पर किसी चार पहिया वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर, उसकी पहचान कराने का प्रयास कर रही है। उसकी पहचान के लिए एक परिवार पहुंचा है।

## रक्षा मंत्री से की एनसीसी और सीएसडी कैंटीन की मांग

**नई टिहरी (एजेंसी),** घनसाली विधायक शक्ति लाल शाह ने रक्षा मंत्री



राजनाथ सिंह से दिल्ली में मुलाकात कर विधानसभा के राजकीय इंटर कालेजों में एनसीसी शुरू करवाने और घनसाली क्षेत्र में सैनिकों की बाहुल्यता को देखते हुए यूआरसी एक्सटेंशन काउंटर और मोबाइल सीएसडी कैंटीन खुलवाने की मांग की है। घनसाली के विधायक शक्ति लाल दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करते हुए उन्हें विधानसभा घनसाली की समस्याओं से अवगत कराते हुए यहां के इंटर कालेजों में एनसीसी शुरू करवाने की मांग करते हुए बताया कि घनसाली व भिलंगना क्षेत्र सैनिक बाहुल्य क्षेत्र हैं।

सैनिकों के पुत्र-पुत्रियां सेना की सेवा में जाने में अच्छी रूचि रखते हैं, लेकिन विद्यालयों में एनसीसी न होने से अवसर मिलने में दिक्कतें होती हैं। इसलिए विधानसभा घनसाली के विद्यालयों में एनसीसी शुरू करवाई जाये।

## देर रात हुई बारिश से ठंड का असर बढ़ा

**बुलंदशहर (एजेंसी),**जिले में कल देर रात हुई बारिश के बाद मौसम का मिजाज बदल गया है। सुबह से मौसम ने बारिश के संकेत दिए थे। इसके बाद दोपहर के समय कुछ बूंदाबांदी हुई लेकिन रात को हल्की बारिश के बाद मौसम एकदम पलट गया है। गलन बढ़ गई है, दिन के तापमान में भी मामूली गिरावट आई है। बारिश के बाद ठंड का असर भी तेज हो गया है।

## हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**मथुरा (एजेंसी),** थाना बलदेव क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे पर मंगलवार तड़के हादसा हो गया। नोएडा की ओर जा रहे बाइक सवारों को पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल शख्स को पुलिस ने टोल एम्बूलेंस की मदद से इलाज के लिए आगरा भिजवाया। बलदेव क्षेत्र में माइल स्टोन-127 के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने तेजी और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी। इसके चलते बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह भाटी ने एक्सप्रेस वे टोल टीम की मदद से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को इलाज के लिये आगरा भिजवाया। पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। मृतकों की शिनाख्त मोहित (26) निवासी गांव नादऊ, खंदोली आगरा, भईयाजी (20) निवासी गांव चिरगंवा, जलेसर, एटा के रूप में हुई है।

## रसोइयों को 5 माह से नहीं मिला मानदेय

**हापुड़ (एजेंसी),** जनपद के परिषदीय सरकारी स्कूलों में तैनात रसोइयों को प्रतिमाह मिलने वाला मानदेय पिछले 5 माह से नहीं मिल रहा है। जिस कारण रसोइये परेशान हैं। रसोइयों ने जल्द मानदेय भुगतान की मांग रखी है। जनपद के सभी परिषदीय सरकारी स्कूलों में लगभग 1500 रसोइये तैनात हैं। मानदेय नहीं मिलने के कारण रसोइये आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। रसोइयों ने बताया कि मानदेय कम मिलता है। वह भी समय पर नहीं मिल रहा है।

## दो महिला सहित तीन यात्रियों का सामान चोरी

**झांसी (एजेंसी),** ट्रेन में यात्रा के दौरान उदयपुर इंटरसिटी व ताज एक्सप्रेस में महिला यात्री का जेवरात से भरा बैग चोरी हो गया। वहीं मालवा एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान यात्री का आईफोन चोरी हो गया। तीनों यात्रियों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बृजेश निब्जा निवासी सती विहार कालोनी थाना किलागेट ग्वालियर 26 नवम्बर को ट्रेन से उदयपुर इंटरसिटी में कोच नम्बर एस-4 की सीट नम्बर 57 व 60 पर ग्वालियर से हरपालपुर जा रहे थे।

## विवाहिता का शव घर के बाहर मिला, पति पर हत्या का आरोप

**शाहजहांपुर (एजेंसी),** रोजा थानाक्षेत्र के गांव सिसौआ में मंगलवार को एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बाहर मिला। जानकारी पर पहुंचे मायके पक्ष ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर सुधीर जायसवाल ने बताया की रोजा क्षेत्र के गांव सिसौआ निवासी उमेश गुप्ता की पत्नी रीना गुप्ता (25) का शव मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बाहर सड़क पर मिला। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष ने दामाद उमेश व अन्य सुसरालियों पर बेटी रीना को प्रताड़ित करने और उसकी हत्या करने का आरोप लगाया। मायके पक्ष का कहना है कि उमेश रीना को काफी परेशान करता था, जिससे तंग होकर रीना मायके आ गई थी। दो दिन पहले ही पंचायत हुई और समझौता होने पर रीना वापस अपनी सुसराल आ गई थी।



## प्रशिक्षण संस्थान में कल लगेगा रोजगार मेला

**लखनऊ (एजेंसी),** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 30 नवम्बर को रोजगार मेला लगेगा। इसमें 25 कंपनियां भाग ले रही हैं। कुल 3645 पदों पर चयन किया जाएगा। इसके लिए संस्थान में तैयारियां शुरू हो गयी हैं। मेले में ही साक्षात्कार के माध्यम से चयन प्रक्रिया पूरी होगी। इस संबंध में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज के प्रधानाचार्य ने बताया कि अभ्यर्थी यहां परिसर में 30 नवम्बर को अपने सभी प्रमाण पत्रों के साथ आकर रोजगार के लिए साक्षात्कार दे सकते हैं। सुबह नौ बजे तक अभ्यर्थियों को कैंपस में आकर रजिस्टेशन कराना होगा।

## लाठी-डंडे से युवक को पीटा, इलाज के दौरान मौत

**बदायूं (एजेंसी),** उसहैत थाना क्षेत्र के गांव सथरा में मारपीट में घायल एक युवक की इलाज के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज में सोमवार देर रात मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। मंगलवार को पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। गांव सथरा के रहने वाले कमलेश (35) को गांव के ही सूरज नाम के युवक ने बुलाकर लाठी-डंडे से मारा पीटा। इससे वह घायल हो गया। परिवार ने घायल कमलेश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कमलेश की हालत में सुधार नहीं हुआ तो डॉक्टरों ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सोमवार की रात में इलाज के दौरान कमलेश की मौत हो



गई। मौत की खबर मिलने के बाद उसहैत थाना पुलिस ने मंगलवार को शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कमलेश के पिता जगदीश ने बताया कि सरकारी नल से पानी लेने गई कमलेश की बेटी को सूरज ने गलत नियत से पकड़ने की कोशिश की थी। इसके बाद कहासुनी हुई। तब सूरज और उसके बेटे ने लाठी-डंडे से पीट दिया, जिससे कमलेश की मौत हो गई।

दैनिक
# यशोभूमि
मुंबई
बुधवार, 29 नवंबर 2023



## हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए
# रोज पिएं ये जूस

हीमोग्लोबिन का कम होने का मतलब है शरीर में खून का कम होना। यानी शरीर में आयरन का स्तर कम हो जाना, जिसकी वजह से व्यक्ति को एनीमिया हो सकता है। ऐसे में रोजाना कुछ ड्रिंक्स पीकर भी अपने शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ा सकते हैं।



### चुकंदर का जूस हीमोग्लोबिन बढ़ाने में मदद करे

चुकंदर में फोलेट, मैंगनीज, आयरन, विटामिन सी और पोटेशियम काफी ज्यादा मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में आप रोजाना चुंकदर का जूस पी सकते हैं। चुकंदर का जूस पीने से हीमोग्लोबिन और खून का स्तर बढ़ेगा।

### एनीमिया के लक्षणों को कम करे अनार का जूस



अनार आयरन, विटामिन सी का काफी अच्छा सोर्स होता है। हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने के लिए आप अनार का जूस पी सकते हैं, साथ ही एनीमिया के भी लक्षणों को कम करने में मदद मिल सकती है।

### प्लम में विटामिन ए, विटामिन के और आयरन

प्लम में विटामिन ए, विटामिन के और आयरन की काफी अधिक मात्रा होती है। इसके अलावा इसमें पोटैशियम भी पाया जाता है। रोजाना प्लम जूस पीना काफी फायदेमंद हो सकता है।

# फेशियल पैरालिसिस के लक्षण और इसका इलाज

बॉडी पैरालिसिस के बारे में तो हर कोई जानता है, लेकिन बेल्स पाल्सी के बारे में कम लोग ही जानते हैं। दरअसल बेल्स पाल्सी को (फेशियल पैरालिसिस) भी कहते हैं। यह सर्दियों में होने वाली ऐसी बीमारी है, जो चेहरे की मांसपेशियों में सिकुड़न आ जाने से होती है। ये समस्या सिर्फ चेहरे पर ही होती है।



### चेहरे की मांसपेशियों में आने लगती है कमजोरी

बेल्स पाल्सी एक ऐसी स्थिति होती है जिससे चेहरे की मांसपेशियों में बहुत अधिक कमजोरी आ जाती है। इससे चेहरे का एक तरफ का हिस्सा लटका हुआ दिखने लगता है। इससे आप एक ही तरफ से हंस पाते हैं। एक ही आंख से देख पाते हैं और यह बीमारी किसी भी उम्र में हो सकती है। यह चेहरे के एक तरफ की मांसपेशियों को कंट्रोल करने वाली नसों में सूजन आने के कारण होती है।

### फेशियल पैरालिसिस के लक्षण

मुंह से लार टपकना, चेहरे की प्रभावित साइड के जबड़े के आसपास या कान के पीछे दर्द महसूस होना, प्रभावित साइड के कान से सुनाई देने में परेशानी, स्वाद महसूस करने की क्षमता कम होना, आंसू और लार बनने में बदलाव, चेहरे की एक तरफ मांसपेशियों में थोड़ी कमजोरी महसूस होना, चेहरा लटकने से चेहरे के एक्सप्रेशन करने में परेशानी होने लगती है, आंख बंद करने और मुस्कुराने में परेशानी, जैसे लक्षण दिखने लगते हैं।

### फेशियल पैरालिसिस का इलाज

बेल्स पाल्सी के लिए फिजियोथेरेपी से चेहरे की मालिश, एक्सरसाइज की जाती है। साथ ही एक्यूपंक्चर से भी ट्रीटमेंट किया जाता है, जो फेशियल पैरालिसिस में लाभकारी होता है।

**दवाइयां:** किसी अच्छे डॉक्टर से संपर्क कर के इसका आसानी से इलाज किया जा सकता है। कई ऐसी दवाइयां आती हैं, जो इसे कंट्रोल करने में कारगर साबित हुई हैं।

**सर्जरी :** यह इलाज तब अपनाया जाता है जब दवाइयां और व्यायाम कारगर साबित नहीं होता है और डॉक्टर के पास सिर्फ सर्जरी का ऑप्शन ही बचता है।



### आयरन की कमी को पूरा करे पालक का जूस

पालक में आयरन की मात्रा काफी अधिक होती है, इसलिए अगर आपके शरीर में हीमोग्लोबिन या आयरन का स्तर कम हो गया है, तो आप पालक का जूस पी सकते हैं। पालक में आयरन के अलावा विटामिन ए, विटामिन सी जैसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं।

# नींबू का सेवन करना हेल्थ और बॉडी के लिए फायदेमंद

साइट्रस फ्रूट्स में शामिल नींबू की तासीर ठंडी होती है और गर्मियों और उमस के मौसम में नींबू का सेवन करना हेल्थ और बॉडी के लिए फायदेमंद माना जाता है। आमतौर पर हर घर में नींबू होता ही है। नींबू विटामिन सी का मुख्य स्रोत है। यह सेहत के लिए काफी हेल्दी होता है।

रोग-प्रतिरोधक शक्ति या इम्यून पॉवर बीमारियों से बचने और इंफेक्शन्स को दूर रखने के लिहाज से महत्वपूर्ण है। लगातार बदलते मौसम, प्रदूषण और बढ़ती बीमारियों के माहौल में शरीर की इम्यून पॉवर बढ़ाने के प्रयास किए जाते हैं। इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए खट्टे फलों का सेवन करना बेहद फायदेमंद माना जाता है। साइट्रस फ्रूट्स में शामिल नींबू की तासीर ठंडी होती है और गर्मियों और उमस के मौसम में नींबू का सेवन करना हेल्थ और बॉडी के लिए फायदेमंद माना जाता है। आमतौर पर हर घर में नींबू होता ही है। नींबू विटामिन सी का मुख्य स्रोत है। यह सेहत के लिए काफी हेल्दी होता है। यह पाचन तंत्र को दुरुस्त करता है और वेट लॉस में भी मदद करता है। विटामिन सी के सेवन से शरीर की अतिरिक्त कैलोरी बर्न हो जाती है। नींबू-पानी पीने से वजन बढ़ने से रोकना आसान हो सकता है। शरीर में विटामिन सी की कमी से होने वाले रोगों से बचाव होगा।



### नींबू में मौजूद पोषक तत्व

कई औषधीय गुणों जैसे विटामिन-सी, कैल्शियम, पोटैशियम, फाइबर से भरपूर होती है नींबू, साथ ही इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-कैंसर, एंटी-माइक्रोबियल गुण भी होते हैं, जो खून को साफ करते हैं।

### सेहत पर नींबू के लाभ

1. एक शोध के अनुसार नींबू में पॉलीफेनॉल्स होता है, जो वजन को बढ़ने से रोकता है। सुबह खाली पेट नींबू-पानी पीने से वजन कम होता है। गुनगुने पानी में नींबू का रस और शहद मिलाकर पिएंगे, तो दिन भर ऊर्जावान महसूस करेंगे। नींबू-पानी एक डिटॉक्स ड्रिंक है। यह शरीर से फैट कम करता है। विटामिन सी वजन घटाने के लिए खास तत्व होता है।

2. रोग प्रतिरोधक क्षमता या इम्यून पावर को बूस्ट करके आप कई रोगों से अपने शरीर का बचाव कर सकते हैं। नींबू में मौजूद विटामिन सी इम्यूनिटी को मजबूत करता है। विटामिन सी कई शारीरिक समस्याओं से भी शरीर को बचाता है। सलाद में नींबू का रस डालें। जिस तरह से भी नींबू को डायट में शामिल कर सकते हैं, करें।

3. कब्ज की समस्या से जो लोग अक्सर परेशान रहते हैं, उन लोगों को नींबू का सेवन करना चाहिए। सुबह गुनगुने पानी में नींबू का रस मिलाकर पिएंगे, तो कब्ज की समस्या होगी दूर।



4. नींबू ब्लड प्रेशर और डायबिटीज को भी कंट्रोल में रख सकती है। तनाव, डिप्रेशन को कम करने के लिए भी आप इसका सेवन कर सकते हैं। नींबू-पानी पीने से मूड रिलैक्स होता है।

5. उम्र बढ़ने के साथ ही चेहरे की त्वचा पर झुर्रियां, लकीरें दिखनी शुरू हो जाती हैं। चेहरे पर नींबू का रस लगाने से इन समस्याओं से छुटकारा मिलता है। काले धब्बे, काले घेरे को भी दूर करती है नींबू। शहद, बेसन, दही, हल्दी में नींबू का रस मिलाकर चेहरे पर लगाने से त्वचा संबंधित सभी समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

6. बालों और स्कैल्प से संबंधित समस्याओं को भी नींबू दूर करती है। विटामिन सी, कैल्शियम, सिट्रिक एसिड जैसे पोषक तत्व बालों के झड़ने की समस्या को कम करते हैं। डैंड्रफ है, तो स्कैल्प पर नींबू का रस या इससे बने मास्क का इस्तेमाल करें। बाल तेजी से बढ़ेंगे। तैलीय बालों के लिए नींबू का रस फायदेमंद होता है। यह कोलेजन के उत्पादन को भी बढ़ाता है।

### छोटों के लिए सुडोकू

इस 4 बाय 4 बॉक्स में नंबर दिए गए हैं। रिक्त स्थानों को भरें और इस मिनी सुडोकू पहेली को पूरा करें। बॉक्स में 1 से 4 तक की संख्याएँ और 2 बाय 2 के ऐसे चार वर्ग इस प्रकार भरें कि ये संख्याएँ किसी भी कॉलम की पंक्ति में दोहराई न जाएँ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| | | 2 | |
| 2 | | | 4 |
| | 3 | | |

### मध्यम सुडोकू

खाने में 1 से 6 तक की संख्याएँ और 2 बाय 3 के ऐसे 6 वर्ग इस प्रकार भरिए कि ये संख्याएँ किसी भी स्तंभ की पंक्ति में दोहराई न जाएँ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 3 | | 6 |
| | 1 | 6 | | 3 | |
| 3 | | 5 | | | |
| | | | 1 | | 5 |
| | 5 | | 6 | 4 | |
| 6 | | 4 | | | 2 |

### कल के छोटों सुडोकू का जवाब

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 3 | 4 |
| 4 | 3 | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 2 | 4 | 3 |

### कल के मध्यम सुडोकू का जवाब

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 4 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 |
| 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 2 | 3 | 5 |

# यशोभूमि वर्ग पहेली क्र. 302

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 | 7 | | ■ | 8 | 9 |
| ■ | 10 | | | 11 | ■ | 12 | | ■ | 13 | | |
| 14 | | ■ | 15 | | 16 | | ■ | 17 | | ■ | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | | ■ | 21 | | | 22 | ■ |
| | ■ | 23 | | ■ | 24 | 25 | | | ■ | 26 | |
| 27 | 28 | | ■ | 29 | | | ■ | 30 | 31 | | ■ |
| ■ | | ■ | 32 | | ■ | 33 | 34 | | 35 | | 36 |
| 37 | | | | ■ | 38 | ■ | 39 | 40 | | ■ | |
| 41 | | ■ | 42 | | | 43 | ■ | | ■ | 44 | |
| | ■ | 45 | | ■ | 46 | | 47 | | 48 | ■ | |
| 49 | 50 | | ■ | 51 | | | | ■ | 52 | 53 | ■ |
| ■ | 54 | | | | ■ | | ■ | 55 | | | |

**बाएं से दाएं :**
1. व्यर्थ, फिजूल
5. देश की प्राकृतिक स्थिति
8. नखरा, घमंड
10. नशीलापन
12. स्वाद, शरबत
13. ठोस से द्रव बनाना
14. जल-कल की टोंटी
15. मुंबई स्थित एक अस्पताल
17. मयूर नामक पक्षी
18. स्थिर, स्थाई
20. बरतन तथा बरसात में है शब्द
21. डर से कांपना, कंपन करना
23. शर्म, लाज
24. धन-दौलत से परिपूर्ण
26. बालक, शिशु
27. नाखुश, अप्रसन्न
29. आत्मग्लानि
30. पावना, मांगना
32. पैर, ओहदा
33. रहिला नामक अनाज
35. गुरिया, सुमिरनी
37. जन का आधार, लोक का आधार
39. सद्गति देना, पार लगाना
41. मां के भाई
42. वाकया, घटना
44. अंश, हिस्सा
45. महीना, मास
46. चुनौती देना
49. वैधानिक विवाह विच्छेद
51. नाव के पीछे लगी तिकोनी लकड़ी
52. प्रस्थान, रवाना
54. व्यर्थ के चीजों की अधिकता
55. घी में पका खाद्य पदार्थ।

**ऊपर से नीचे :**
2. भारत के उत्तरी छोर पर स्थित एक विशाल पर्वत माला
3. स्मरण
4. सूत कातने का एक प्राचीन यंत्र
6. खाली पड़ी जमीन
7. महीना, माह
8. बड़ी नाली
9. महोदय, महाशय
11. तड़ाग, सरोवर
13. विष, हलाहल
14. इनकार करना, मना करना
16. दुल्हे को पहनाया जाने वाला हार
17. फुरसत, अवकाश
19. केवल, मात्र
21. सांस फूलने का एक रोग
22. घरों से गंदा पानी बहने की नाली
25. लोभ
28. त्यागपत्र, इस्तीफा
29. नशा, खाता
31. अभिलाषा, वांछा
32. फिक्र, चिंता
34. संबंध, रिश्ता
36. शिल्पी, शिल्पकार
37. जिम्मेदारी
38. न्यायालय, कचहरी
40. एक लचीला पदार्थ
43. खड्ग, तेग
45. चितकबरा
47. एक छोटी सवारी गाड़ी
48. केवट, मल्लाह
50. मुनाफा, फायदा
51. पंख, पराया
53. अधिकार, न्यायालय में पेश की अर्जी।

### वर्ग पहेली क्र. 301 हल

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| द | त्त | क | ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | दा | म | न |
| र्द | ■ | ल | बा | ल | ब | ■ | द | म | ■ | का | या |
| ना | ग | वा | र | ■ | र | ह | न | स | ह | न | ■ |
| क | म | र | ■ | भ | ■ | या | ■ | ला | ला | ■ | न |
| ■ | गी | ■ | का | य | दा | ■ | दे | ■ | ह | मे | शा |
| अ | न | जा | न | ■ | न | ग | र | पा | ल | ■ | खो |
| मा | ■ | न | न | द | ■ | ला | ■ | ता | ■ | सा | र |
| न | ल | का | ■ | वा | स्ता | ■ | को | ल | ता | र | ■ |
| त | ■ | र | ज | त | ■ | शा | म | ■ | र | स | द |
| ■ | पै | ■ | श्न | ■ | मौ | ■ | ल | द | ना | ■ | ली |
| प | गा | र | ■ | ज | न | ता | ■ | ला | ■ | भा | ल |
| ■ | म | त | ल | ब | ■ | प | ह | ल | वा | न | ■ |

### सूडोकु नवताल- 302

★★★☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

▶ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 33 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें। पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते। पहेली का केवल एक ही हल है।

### काकुरो - 302

▶ खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए। किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता।

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 16\ | 23\ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| \17 | | | 11\ | ■ | 10\ | 30\ | ■ | 23\ | 8\ |
| \18 | | | | \9 | | | \7 | | |
| ■ | \10 | | | 24\17 | | | 7\15 | | |
| ■ | ■ | 7\9 | | | \19 | | | | ■ |
| ■ | 4\13 | | | | 3\9 | | | 11\ | 4\ |
| \5 | | | 9\9 | | | 4\6 | | | |
| \6 | | | | 4\5 | | | 4\6 | | |
| ■ | ■ | \3 | | | \6 | | | | ■ |
| ■ | ■ | \9 | | | ■ | \4 | | | ■ |

### काकुरो - 301 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 16\ | 23\ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| \17 | 9 | 8 | 11\ | ■ | 3\ | 10\ | ■ | 6\ | 16\ |
| \21 | 7 | 9 | 5 | \4 | 1 | 3 | \8 | 1 | 7 |
| ■ | \7 | 6 | 1 | 7\6 | 2 | 4 | 24\11 | 2 | 9 |
| ■ | ■ | 6\4 | 3 | 1 | \14 | 2 | 9 | 3 | ■ |
| ■ | 3\7 | 1 | 2 | 4 | 4\8 | 1 | 7 | 30\ | 3\ |
| \5 | 2 | 3 | 24\3 | 2 | 1 | 15\19 | 8 | 9 | 2 |
| \12 | 1 | 2 | 9 | 10\10 | 3 | 7 | 16\7 | 6 | 1 |
| ■ | ■ | \8 | 7 | 1 | \24 | 8 | 9 | 7 | ■ |
| ■ | ■ | \17 | 8 | 9 | ■ | \15 | 7 | 8 | ■ |

### सूडोकु नवताल- 301 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |


## JOB चाहिए

ठाणें में बार रेस्टॉरंट के लिए वेटर, कुक, रोटीवाले चाहिए. संपर्क : 9867789369
MUM2023B.2102403612

BISLERI कंपनीको लड़के/ लड़कियाँ चाहिए पगार 17500 से 37000 रहना खाना फ्रि बोरीवली ( E ) 7666470446
MUM2023B.2102390067

पेस्ट कंट्रोल काम हेतू अनुभवी लडके तुरंत चाहिए : 9833800553
MUM2023B.2102402380

चाहिए सिक्योरिटी गार्ड वाडा, पालघर के लिए, रहने - खाने की, फ्री सुविधा, पगार 12000/ - 7977729903
MUM2023B.2102403162

प्रिंटिंग प्रेस में युवी मशिन ऑपरेटर्स और हेल्पर्स चाहिए। संपर्क : भांडुप : 9821087162
MUM2023B.2102400751

सिक्युरिटी गार्ड चाहिए, ड्युटी 8/12 घंटा, वेतन 12 से 18000, रहने की सुविधा. : 9967622216
MUM2023B.2102399376

Cool Fab Engg. चेंबुर के लिए AC मॅकेनीक, हेल्पर चाहिए. RIJU : 9821247725
MUM2023B.2102400908

मालाडमें पॅकिंग/ हेल्पर कामके लिए लड़के/ लड़कियाँ 9588747474/ 9769694799
MUM2023S.5502397676

Required Accountant Assistance, Salesman, Outdoor Boys For J. M. Industries, kalyan : 9082137677
MUM2023B.2102403655

लडके चाहिए मशीन चलाने की ट्रेनिंग के लिए। उम्र सीमा 25 साल के अंदर. (कालाचौकी) संपर्क : 9870618006, 9870618007 (कल्याण)
MUM2023B.2102403693

ड्राइवर चाहिए नजदिक एरिया, ग्रँटरोड, भायखळा, मुंबई सेंट्रल, (शाकाहारी व्यक्ती) तनखा रु. 18000. संपर्क : 9324256280
MUM2023B.2102401408

चाहिए M/F- एअरपोर्ट के लिए - फ्लाइट क्लिनिंग, सिक्युरिटी, ग्राउंड स्टाफ, ड्राईव्हर, बाउन्सर. पगार : 18K- 45K. 8149866088
MUM2023B.2102400926

घरकाम के लिए महिला, लडकिया, लडके, दम्पती, नर्स, हॉटेल स्टाफ, जापामेड, वेटर, हेल्पर, कूक रहना खाना फ्री : 8976034959/ 8976034958
MUM2023B.2102403617

क्लासिफाईड के लिए २ दिन पहले संपर्क करें

## यशोभूमि CLASSIFIED 8108110772

अंधेरीस्थित लॉजिस्टीक कंपनी को ऑपरेशन स्टाफ, बोलेरो पिकअप, टाटा एस टेम्पो हेतु ड्राईवर व डिलिवरी बॉय चाहिए. अंधेरी में रहनेवालोको प्राथमिकता, संपर्क करें : मॅक्स कुरीअर कार्गो, गाला नं. - 28, मखारीया इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स, पेपर बॉक्स के पास, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 93. फोन : 9892141188
MUM2023B.2102401529

प्रिंटिंग प्रेसमें हँडलबेर्ग ( sm 52 ) ऑफसेट मशीन के लिए अनुभवी प्रिंटर और बॉयलर, पंचिंग ऑपरेटर, लेमिनेशन ऑपरेटर और हेल्पर चाहिए। कल्याण - 9870618007/ लालबाग - 9870618006
MUM2023B.2102401395

सिक्युरिटी गार्ड कंपनीको फिल्ड ऑफिसर/अकाउंटंट चाहिए. अच्छा वेतन. संपर्क : 9820704000
MUM2023B.2102399369

रत्नागिरी में हॉटेल के लिए अनुभवी एवं सिखाऊ वेटर चाहिए. रहने - खाने की सुविधा. पगार 12 से 15 हजार. मो. - 9518713267
MUM2023B.2102403230

उबेर के लिये ड्रायव्हर चाहिये, कमाइए रु. 25000+ महिना, कॉल करो, एव्हरेस्ट फ्लीटः 9324914543
MUM2023B.2102366083

पेस्ट कंट्रोलमध्ये टेक्निशियन, बॅक ऑफिस, टेलीकॉलर पाहिजेत. : 9920356803
MUM2023B.2102403576

AGILE ENGINEERING SERVICES PVT. LTD. WANTED MOTOR/ ENGINE/ HYDRAULIC - MACHANIC , 3-5 YRS. EXPERIENCE : 9870402724/ 9892774099, AT SHILPHATA
MUM2023B.2102403643

फेब्रीकेटर, फीटर, फोरमेन, सुपरवायजर, मेशन, रीगर, स्ट्रक्चरल इंजीनीयर्स, हेल्पर, वेल्डर : 8828387048, 8459106365
MUM2023B.2102389170

हाउसकिपर चाहिए, साकीनाका अंधेरी ESI, PF,FOOD की सुविधा -8419927373
OT02023SA002403206

मिसल, वडा, शिरा ऐसे महाराष्ट्रीयन नाश्ते के पदार्थ बनाने में माहिर अनुभवी कूक/ असिस्टंट कुक तुरंत चाहिए. रहना, खाना मुफ्त. संपर्क : 7400402389
MUM2023B.2102403622

गोरेगाव पुर्व के लिए डिलिव्हरी बॉईज चाहिए. उम्र (19 - 40) ( PF+ इन्सेटिव्ह) संपर्क : 8169014720
MUM2023B.2102403592

ठाणे/ मुंबईकेलिए सिक्युरीटीगार्ड चाहिए डयुटी 12 घंटा पगार 13/16 हजार + PF+ ESIC 7666664504/ 9226842786
MUM2023S.5502397520

FLAG SECURITY को चाहिए सिक्युरिटी गार्डस 18000/ - सुपरवाईजर 22000/ - (ड्युटी 12 घंटा) अंधेरी वेस्ट के लिए, 307, माहिम इंडस्ट्रियल इस्टेट, खिलनानी हायस्कुल, महिम वेस्ट, फोन : 022 - 40115676/ 9987848434
MUM2023B.2102400874

सिक्युरिटी गार्ड चाहिए पगार 23000 कल्याण, ठाणे, दादर : 8652106010
MUM2023B.2102402357

जोगेश्वरी पुर्व के लिए हेल्पर्स चाहिए. ड्युटी 9 घंटे, उम्र(19 - 45). संपर्क : 8169014720
MUM2023B.2102403590

टर्नर (लेथ मशीन ऑपरेटर) चाहिए : गाला नं. 145, शांती इन्डस्ट्रियल इस्टेट, ताम्बेनगर, मुलुंड वेस्ट. 9082943502
MUM2023B.2102403551

संतोष इंडस्ट्रियल स्प्रिंग कंपनीमें काम के लिए हेल्पर और कारागीर चाहिए. शिक्षा की शर्त नही, खुद आकर मिलें. K-205 , आनसा इंडस्ट्रियल इस्टेट, साकिनाका - 72. संपर्क : 022 - 49746510
MUM2023B.2102402283

नामांकित माऊथ फ्रेशनर प्रोडक्ट मेन्युफॅक्चरींग कंपनी में तुरंत चाहिए मुंबई में सेल्समेन - बीनअनुभवी/ अनुभवी उम्र 50 तक, दुकान - दुकान जाकर ऑर्डर लाने का काम और सप्लाई इच्छुक व्यक्ति संपर्क (समय 11 से 6 बजे तक) करें. करनेश सर : 9867653343
MUM2023B.2102403570

चाहिए अनुभवी किचन सुपरवायझर, वेटर, क्लिनर्स, मोरीवाला ठाणे रेस्टॉरंट के लिए : 9892232200
MUM2023B.2102403554

**मिठाई कारीगर, काऊंटर सेल्समेन, हेल्पर, मोरीवाला चाहिए, रहना खाना फ्री, ओमस्वीट, मो. : 8356000262**
MUM2023B.2102398923

मिरारोडमें लाइसेंसधारक टू व्हीलर जानकार डिलिवरी बॉय चाहिए। 9702015015
MUM2023B.2102402294

विरार होटल के लिए मेनेजर 20000/ - , केप्टन 17000/ - , पगार से मोरीवाला क्लिनर चाहिए. रहने - खाने की सुविधा. 8308408757/ 8669184075/ 9326096840
MUM2023B.2102403180

हार्डवेयर स्टेशनरी काम के लिए सेल्सगर्ल, लेडीस चाहिए, दहिसर (ईस्ट): 8828296817
MUM2023B.2102401398

28 x 40 हेडेलबर्ग मशीन के लिए फिडरमॅन & बॉयलर चाहिए, लॅमिनेशन, पंचिंग मशीन के लिए ऑपरेटर चाहिए : 9029713374 (भाईंदर)
MUM2023B.2102399456

ब्लाऊझ की सिलाई के कारागीर चाहिए. गोराई, बोरीवली (15000/ - ) 9768217906
MUM2023B.2102401433

चाहिए जानकार ड्रायव्हर तिलकनगर, चेंबुर/ आसपास रहनेवालोंको दर्जा संपर्क : 9320009037 शाम 7 से 9
MUM2023B.2102401483

शादी - विवाह में काम करने के लिए लडके चाहिए, प्रतिदिन- 900 रु. : 7081236179
MUM2023B.2102402367

थानेमें हॉटेल के लिए अनुभवी किचन हेल्पर्स, वेटर्स व बर्तन मांझनेवाले चाहिए, रहना, खाना फ्री तुरंत संपर्क : 7400402389
MUM2023B.2102403634

वायरमन के हाथ के नीचे काम करने के लिए हेल्पर चाहिए. राज इलेक्ट्रिक : 9820629293
MUM2023B.2102398864

**पाटील ग्रुप कंपनीको वडाला/ परेल में पार्किंग अटेंडन्ट चाहिए, डयुटी 12 घंटा, पगार 14/16 हजार. संपर्क : पाटील ग्रुप, ऑफिस नं.-12, गुरुदत्त बिल्डिंग, चुनाभट्टी पोलिस स्टेशनके बाजूमें, चुनाभट्टी (पूर्व). 9821402387/ 9004400210**
MUM2023B.2102402268

अंधेरी कुरीयर के लिए डिलिवरी, पिकअप, कॉम्प्युटर स्टाफ चाहिए : 8879337077
MUM2023B.2102403565

बिल्डिंग वायरींग हेतू वायरमन, हेल्पर चाहिए। 8433701111/ 9322448100
MUM2023B.2102402392

## जगह

कल्याण पुर्व चाली में भरें सिर्फ 1,50,000/ - और पाइए रुमका कब्जा 1RK, 1BHK , 2BHK रुम उपलब्ध. संपर्क : 8928455003
MUM2023B.2102403166

## व्यवसाय

न्यु इयर ऑफर : बिजनेस ईन्वेस्टमेंट : डेली 1% प्रोफीट, रु. 11,000/ - पर डेली - 110/ - और 25,000/ - पर डेली 250/ - कमाए. संपर्क : 9167389973
MUM2023B.2102401623

## फिल्म

बॉलीवूड मे नये कलाकार फिल्मो, सिरियलो कास्टिंग को गाइडेन्सभी : 9224455971
MUM2023B.2102385874

## कर्ज

## पाठकों हेतु नियम सूचना

''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र में प्रकाशित होनेवाले विविध प्रकार के विज्ञापनों के मसौदा की जांच-पड़ताल करके ही पाठकों को इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करना चाहिए. विज्ञापन में अपने उत्पाद के संदर्भ में या सेवा के संबंध में विज्ञापनदाता, जो दावा करते हैं इसका ''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र कोई भी गारंटी नहीं लेता. विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्तता विज्ञापनदाता की ओर से नहीं हुई, तो इसके परिणाम के बारे में ''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र समूह के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक एवं मालिक **जवाबदार नहीं होंगे**, इसका कृपया पाठकों को ध्यान देना चाहिए.
AUR2023SA002380430

## ज्योतिष

मुफ्त सलाह कालीशक्तीके सम्राट वशीकरण स्पेशालीस्ट प्यार मे धोखा प्यार जोडना तोडना पतीपत्नी मतभेद प्रेमविवाह मुठकरणी 8655095105, 8655092655
MUM2023S.5502397669

सागर ज्योतिष : नोकरीधंदा, प्रेमविवाह, शत्रुनाश, गुप्तसमस्या, वशीकरण यंत्र, जन्मकुंडली : 9870126299 (नवी मुंबई)
MUM2023B.2102381502

## पाठकों को सूचना

### विशेष सूचना

विज्ञापन का बिल लेते समय विज्ञापन के फॉर्म पर दिये गये मूल शब्दों की पंक्ति अनुसार ही विज्ञापन का बिल लिया जाता है. इस संदर्भ में आगे ऐसा स्पष्ट किया जा रहा है कि प्रकाशन के लिए दिया गया मसौदा अंग्रेजी में होने पर विज्ञापन के फॉर्म में होनेवाली मूल अंग्रेजी पंक्ति की संख्या अनुसार ही बिल लिया जायेगा. इसके लिए भाषांतरित किये गये (मराठी या हिंदी) मसौदा की पंक्तियों के अनुसार नहीं लिये जायेंगे. विज्ञापन फॉर्म पर पंक्ति एवं प्रकाशित हुए विज्ञापन की पंक्ति में फर्क हो सकता है, इसका एजेंसी एवं विज्ञापनदाताओं को ध्यान देना चाहिए.
- प्रबंधक

AUR2023SA002380434

नियमित पढें यशोभूमि



## 'कल हो न हो' के 20 साल पूरे

फिल्म निर्माता करण जौहर ने मंगलवार को फिल्म 'कल हो न हो' के 20 साल पूरे होने पर एक भावनात्मक पोस्ट लिखकर बताया कि कैसे उनके पिता यश जौहर ने अपनी अंतिम फिल्म का निर्माण किया था। करण ने फिल्म की कहानी और पटकथा लिखी थी जिसमें अभिनेता शाहरुख खान के साथ प्रीति जिंटा, सैफ अली खान और जया बच्चन जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में थे। करण ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, 'अगर इतने वर्षों बाद में देखता हूं तो यह फिल्म न सिर्फ मेरे लिए, बल्कि हम सभी के लिए भावनाओं से जुड़ा एक शानदार सफर रही है। एक कहानी में इतने उम्दा कलाकारों को एक साथ लेकर आना वाकई दिल की धड़कने बढ़ाने वाला है। 'कल हो न हो' के सभी कलाकारों और कैमरे के पीछे के हर एक शख्स ने पूरी मजबूती से काम किया और लोगों के दिलों पर राज किया।'

दैनिक यशोभूमि
मुंबई
बुधवार, 29 नवंबर 2023

# सुष्मिता सेन की बड़ी बेटी रेने की फोटो वायरल



1994 भारत के लिए एक यादगार साल रहा। मिस यूनिवर्स कंपटीशन में हमारे देश ने पहली दफा कामयाबी का झंडा गाड़ा। सुष्मिता सेन भारत की पहली मिस यूनिवर्स बनीं और अपना नाम सुनहरे अक्षरों में लिख दिया। विश्व सुंदरी बनने के बाद सुष्मिता ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा। साल 1996 में विक्रम भट्ट की फिल्म 'दस्तक' के साथ सुष्मिता ने बॉलीवुड में दस्तक दी और फिर पीछे मुड़ कर नहीं देखा। सुष्मिता सेन ने मिस यूनिवर्स बनने के बाद रेने और अलीशा नाम की दो बेटियों को गोद लिया। सुष्मिता की बड़ी बेटी रेने उनकी ही तरह स्टाइलिश और ग्लैमरस हो गई हैं। गौरतलब है कि सुष्मिता अपनी दोनों बेटियों से बहुत प्यार करती हैं और उनके साथ आए दिन अपनी तस्वीरें साझा करती हैं। वहीं एक्ट्रेस की बड़ी बेटी रेने सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव हैं। इंस्टाग्राम पर रेने को एक बड़ी संख्या में लोग फॉलो करते हैं। रेने ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की थी, जिसमें वे काफी ग्लैमरस दिख रही थीं। इस फोटो में उनके साथ सुष्मिता सेन भी थीं। फोटो में रेने ने रफल साड़ी पहनी थी और गले में एक हेवी नेकलेस के साथ लुक को कंप्लीट किया था। रेने को साड़ी में देख जहां लोग हैरान थे तो वहीं लोगों को उनका मेकओवर पसंद आ रहा था। एक यूजर ने फोटो पर कमेंट करते हुए लिखा था, 'रेने का मेकओवर अच्छा है। बिना चश्मा और इस लुक में उन्हें पहचानना मुश्किल है'। बता दें, सुष्मिता सेन की बेटी रेने अपनी मां की तरह टैलेंटेड हैं। अगर आपको नहीं पता तो बता दें कि वे शॉर्ट फिल्म 'सुट्टाबाजी' से अभिनय के क्षेत्र में कदम रख चुकी हैं। 13 मिनट की इस फिल्म में रेने ने साबित कर दिया है कि वे एक बेहतरीन एक्ट्रेस भी हैं। आने वाले दिनों में रेने सेन कई और प्रोजेक्ट्स में नजर आने वाली हैं।

# हर कोने में सैम मानेकशा की कहानी पहुंचाना चाहता हूं: विक्की कौशल



अभिनेता विक्की कौशल को उम्मीद है कि फिल्म 'सैम बहादुर' में उनका निभाया पूर्व सेना प्रमुख सैम मानेकशा का किरदार लोगों को रास आएगा और उनकी फिल्म विरासत का हिस्सा बन जाएगा। फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है जिन्होंने कौशल के साथ 'राजी' भी बनाई थी। यह कौशल के अभिनय वाली दूसरी जीवनी आधारित फिल्म है। इससे पहले वह सुजीत सरकार की 'सरदार उधम' में शीर्ष भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, 'हम हर घर, गांव, कस्बे, शहर और दुनिया के हर कोने तक पहुंचना चाहते हैं। हम सब इसके लिए तरसते हैं। लेकिन हम इसलिए काम करते हैं कि लोग इसे देखें, उन्हें ये पसंद आए और वे इसकी खुशी मनाएं। यह सबसे बड़ी प्रशंसा है।' कौशल ने कहा कि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कमाई बड़ी बात है, लेकिन काम से लोगों का दिल जीतकर अदाकार का आत्मविश्वास बढ़ जाता है। 'सैम बहादुर' में मानेकशा की पत्नी सिल्लू का किरदार सान्या मल्होत्रा और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार फातिमा सना शेख ने निभाया है।

मेघना गुलजार अपनी अगली फिल्म सैम बहादुर लेकर आ रही हैं। सैम बहादुर में विक्की कौशल लीड रोल में हैं। इन दिनों फिल्म से जुड़ी पूरी टीम सैम बहादुर के प्रमोशन में लगी है। इससे पहले मेघना गुलजार की फिल्म छपाक

# मन्नारा चोपड़ा की गेम प्लानिंग देख भड़के लोग



टीवी के कॉन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस 17 में इन दिनों खूब हंगामा मचा हुआ है । इस शो में कभी पति-पत्नी आपस में लड़ते नजर आते हैं, तो कभी कोई दो कंटेस्टेंट आपस में लड़ते हुए नियमों को तोड़ देते हैं। वहीं अब एक्ट्रेस मन्नारा चोपड़ा और अंकिता लोखंडे एक बार फिर लड़ती नजर आईं। लेकिन इस लड़ाई के पीछे एक पूरी प्लानिंग बताई जा रही है। शो में अब तक भोली भाली सी नजर आईं मन्नारा पर लोग प्लानिंग करने का आरोप लगा रहे हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए मन्नारा और अभिषेक कुमार के एक वीडियो के बाद लोगों का कहना है कि अब मन्नारा का सच एक्सपोज हो चुका है। वायरल हो रहे इस वीडियो में मन्नारा चोपड़ा और अभिषेक सोफे पर बैठ कर प्लानिंग करते दिखते हैं। 'मन्नारा, अभिषेक से पूछती हैं कि उसका पुराना टोन वापस लाना है तो क्या करना होगा। इस पर अभिषेक कहते हैं कि उनको पोक करोगी न या फिर ऑर्डर दोगी तो वह..' . कुछ देर बाद ही मन्नारा, अंकिता पर चिल्लाती नजर आती है, इस पर अंकिता फूट-फूट कर रोती हुई भी दिखती हैं। वीडियो के वायरल होने के बाद लोगों का कहना है कि भले ही मन्नारा खुद को मासूम दिखाती हैं, लेकिन उनका गेम एक्सपोज हो चुका है। लोग आरोप लगा रहे हैं कि अब तक बिग बॉस ने उनका ये साइड जान बूझ कर छिपा कर रखा। अंकिता ही नहीं मन्नारा, अपने दोस्त मुन्नवर फारुकी के साथ भी धोखेबाजी करती दिख चुकी हैं। मन्नारा, मुनव्वर को अपना दोस्त कहती हैं और फिर उन्हीं कि चुगली भी करती हैं। ऐसे में सलमान खान भी मन्नारा को कह चुके हैं, कि वह मुनव्वर को लेकर वो जो दूसरों को बोलती हैं, अच्छा नहीं लगता, क्योंकि दिख रहा है कि मुनव्वर उनका सपोर्ट करते हैं।

# कैटरीना कैफ का वायरल टॉवल फाइट सीन



12 नवंबर को दिवाली के मौके पर रिलीज हुई टाइगर 3 दुनिया भर में 400 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर जबरदस्त ब्लॉकबस्टर रही है। सलमान खान के हीरोइज्म के अलावा इस स्पाई थ्रिलर में कैटरीना कैफ भी जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस करती दिखीं। उनका एक एक्शन सीन इस फिल्म के चर्चित सीन्स में से एक रहा। ये सीन था कैटरीना कैफ का टॉवल फाइट सीन। वायरल सीन में कैटरीना यानी आईएसआई एजेंट जोया हॉलीवुड एक्ट्रेस मिशेल ली से फाइट करती में तौलिया लपेटे नजर आ दिख रही हैं। दोनों तुर्की हमाम रही हैं। अब एक्ट्रेस के पति और एक्टर विक्की कौशल ने आखिरकार 'टॉवल फाइट सीन' के बारे में बात की है। एक्सप्रेस अड्डा पर बात करते हुए विक्की ने खुलासा किया कि फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान सीन देखने के दौरान उन्होंने कैटरीना से क्या कहा था। विक्की ने कहा, तो मैं फिल्म की स्क्रीनिंग के लिए गया था और हम फिल्म देख रहे थे। जाहिर है जब सीक्वेंस आया, सीक्वेंस के बीच में मैं उनकी तरफ झुका और कहा, 'मैं आपसे बहस नहीं करना चाहता अब से।

# मेघना गुलजार ने 'छपाक' फ्लॉप होने का ठीकरा दीपिका पादुकोण के सिर फोड़ा



रिलीज हुई थी। जो बॉक्स ऑफिस पर कामयाबी हासिल नहीं कर पाई थी। फिल्म में दीपिका पादुकोण लीड रोल में नजर आई थीं। अब एक इंटरव्यू के दौरान मेघना गुलजार ने छपाक के फ्लॉप होने का ठीकरा दीपिका पादुकोण के सिर पर फोड़ दिया है। उन्होंने माना है कि दीपिका पादुकोण के जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी यानी जेएनयू जाने का फिल्म पर असर पड़ा था। बता दें कि जनवरी 2020 में जेएनयू में कुछ लोगों ने उपद्रव मचाया था और छात्रों पर हमला किया था। इस सबके बीच दीपिका पादुकोण जेएनयू में प्रदर्शन कर रहे छात्रों से मिलने गई थीं। जिसके बाद सोशल मीडिया पर फिल्म छपाक के बायकॉट की बातें होने लगी और कई तरह के विवाद पैदान होने लगे। इसी सबको लेकर फिल्म की डायरेक्टर मेघना गुलजार ने कहा है कि इस पूरे घटनाक्रम ने एसिड अटैक सरवाइवर्स की कहानी को पटरी से उतार दिया और प्रकरण कुछ और ही हो गया। मेघना से जब इसे लेकर सवाल पूछा गया कि इस घटनाक्रम का फिल्म पर कोई असर हुआ था तो उन्होंने कहा, 'हां, इसने फिल्म को नुकसान पहुंचाया था क्योंकि फिल्म को लेकर जो बातचीत हो रही थी वह एसिड अटैक्स को लेकर थी, लेकिन वह बातचीत कहीं और ही चली गई। तो इस तरह इससे फिल्म को नुकसान पहुंचा है। इसमें कोई दो राय नहीं।'इस तरह मेघना गुलजार ने साफ शब्दों में कह दिया है कि दीपिका पादुकोण के जेएनयू जाने की वजह से ही फिल्म की परफॉर्मेंस पर असर पड़ा।

# पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'मैं अटल हूं' जनवरी 2024 में होगी रिलीज



अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने मंगलवार को घोषणा की है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित उनकी आगामी फिल्म 'मैं अटल हूं' 19 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित अभिनेता त्रिपाठी ने 'सोशल मीडिया मंच' इंस्टाग्राम पर यह घोषणा करते हुए फिल्म के एक नए पोस्टर का भी अनावरण किया। त्रिपाठी ने लिखा, ''दिलदार, फौलादी, एक बहुमुखी कवि, नए भारत का स्वप्नद्दष्टा दूरदर्शी व्यक्ति। श्री अटल बिहारी वाजपेयी की कहानी 'मैं अटल हूं' 19 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।₹ फिल्म निर्माता रवि जाधव ने इस फिल्म का निर्देशन किया है जो 'नटरंग' और 'बालगंधर्व' जैसी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इसकी पटकथा उत्कर्ष नैथानी ने लिखी है। 'मैं अटल हूं' फिल्म का निर्माण विनोद भानुशाली, संदीप सिंह और कमलेश भानुशाली ने किया है। वहीं, भावेश भानुशाली और सैम खान फिल्म के सह-निर्माता हैं।

## सरोकार

# मार्गशीर्ष मास क्या करें क्या नहीं

**हिंदू पंचांग का हर महीना अपने आप में खास होता है लेकिन भगवान प्रिय को प्रिय मास मार्गशीर्ष बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है जो कि श्री हरि के स्वरूप भगवान कृष्ण को समर्पित महीना होता है इस पूरे माह में भक्त भगवान कृष्ण की पूजा आराधना में लीन रहते हैं और व्रत आदि भी रखते हैं। पंचांग के अनुसार मार्गशीर्ष मास नौवां महीना होता है। जो कि कार्तिक मास के बाद आता है।**

मान्यता है कि इस महीने में भगवान कृष्ण की विशेष पूजा करने से जातक को जीवन के सभी सुख प्राप्त होते हैं और कष्टों में कमी आती है इस साल मार्गशीर्ष मास का आरंभ 28 नवंबर दिन मंगलवार से हो गया है जो कि 26 दिसंबर को समाप्त हो जाएगा। इस पवित्र मास को लेकर कई सारे नियम बताए गए हैं जिनका पालन करना जरूरी होता है तो आज हम आपको अपने इस लेख द्वारा मार्गशीर्ष मास में क्या करें क्या नहीं इसके बारे में बता रहे हैं।

### मार्गशीर्ष मास में क्या करें क्या नहीं-

आपको बता दें कि इस महीने में शंख पूजन का विशेष महत्व होता है। इसके अलावा मार्गशीर्ष मास में तीर्थ स्थानों की यात्रा करना, पवित्र नदियों में स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है साथ ही रोग, शोक और दोष दूर हो जाते हैं। इसके अलावा इस पावन महीने में महिलाएं सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि कर पूजा पाठ करें ऐसा करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

मार्गशीर्ष मास में रोजाना कृं कृष्णाय नमः मंत्र का जाप करने से संतान प्राप्ति, भौतिक सुख और सौभाग्य की प्राप्ति होती है इसके अलावा ऊँ नमो भगवते गोविन्दाय, ऊँ नमो भगवते नन्दपुत्राय या ऊँ कृष्णाय गोविन्दाय नमो नमः मंत्र के जाप से भगवान कृष्ण का आशीर्वाद मिलता है। इस महीने में रोजाना शाम को घर में कपूर जलाएं और तुलसी के पास दीपक भी जलाएं। ऐसा करने से इच्छा पूर्ति का आशीर्वाद मिलता है। लेकिन भूलकर भी इस महीने में मांस मदिरा का सेवन नहीं करना चाहिए वाद विवाद और क्लेश से दूर रहना चाहिए साथ ही अपशब्दों का प्रयोग भी करने से बचना चाहिए।



## सर्दियों में बार-बार नाखून टूटने से होती है तकलीफ

# तो इस तरह करें उनकी केयर

**सर्दी के मौसम में अक्सर कई लोगों के नाखून टूट जाते हैं। इस मौसम में नाखून खुरदरे हो जाते हैं। उनके आसपास की त्वचा भी फटने लगती है। कई बार नाखूनों के बीच दरारें भी दिखने लगती हैं। नाखून और उसके आसपास की त्वचा के सूखने के कारण क्यूटिकल्स छिल जाते हैं, जिससे दर्द होता है। कई बार रूखी त्वचा से खून भी निकलने लगता है। ऐसे में नाखून संबंधी इन समस्याओं से बचने के लिए यह जानना जरूरी है कि सर्दियों में नाखून क्यों टूटते हैं और आप इस समस्या से कैसे बच सकते हैं। तो आइए जानें...**

### सर्दियों में नाखून अक्सर क्यों टूटते हैं?

- शुष्क त्वचा के कारण
- नेल पेंट का अत्यधिक उपयोग
- ठंडी हवा से हाथों को न बचाने के कारण
- गर्म पानी के अत्यधिक उपयोग के कारण
- हाथ की सफाई का ध्यान न रखना



### नाखून टूटने से कैसे रोकें?

**सबसे पहले मसाज करें**

अगर आप सर्दियों में अपने नाखूनों को टूटने से बचाना चाहते हैं तो उन्हें गर्म पानी से बचाएं। हालांकि, सर्दियों में अक्सर सभी लोग नहाने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल करते हैं, ऐसे में उन्हें गर्म पानी से बचाना मुश्किल होता है। नहाने से पहले अपने नाखूनों की तेल से मालिश करें। मालिश के लिए बादाम या नारियल तेल का प्रयोग करें। इससे नाखून जल्दी टूटने से बचेंगे और मजबूत भी होंगे।

**ठंड के दिनों में दस्ताने पहनें**

इन दिनों में अगर आप अपने नाखूनों को ठंडी हवा के संपर्क से बचाना चाहते हैं तो सर्दियों में बाहर निकलने से पहले दस्ताने जरूर पहनें। कोशिश करें कि आपके हाथ सीधे हवा के संपर्क में न आएं। जितना अधिक आप अपने हाथों को ठंडी हवा के सीधे संपर्क से बचाएंगे, उतना ही कम नुकसान होगा।

**स्वस्थ भोजन**

नाखूनों को स्वस्थ रखने के लिए अच्छा आहार भी जरूरी है। महिलाएं सिर्फ अपने नाखूनों का ख्याल तो रखती हैं लेकिन उचित आहार नहीं लेतीं। जिससे वे टूटने लगते हैं. ऐसे में इन्हें टूटने से बचाने के लिए अपने आहार में कैल्शियम, विटामिन और प्रोटीन से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करें। पर्याप्त पानी का सेवन करने से आपके नाखून भी स्वस्थ रहेंगे।



**हैंड क्रीम अवश्य लगाएं**

सर्दियों में हैंड क्रीम का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। सर्दियों में महिलाएं चेहरे पर क्रीम तो लगा लेती हैं लेकिन अपने हाथों की देखभाल करना भूल जाती हैं जिससे वे जल्दी टूटने लगते हैं। रोज रात को हाथ धोने के बाद हैंड क्रीम लगाएं। आप चाहें तो पेट्रोलियम जेली का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा आप ठंड के दिनों में क्यूटिकल ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**समय-समय पर अपने नाखूनों को साफ करें**

यदि आपके नाखून बार-बार टूटते हैं तो समय-समय पर उन्हें साफ करते रहें। अपने नाखूनों को अच्छा बनाए रखने के लिए उन्हें फाइल करना महत्वपूर्ण है। यदि आप ऐसा नहीं करते हैं, तो यह खुरदरा हो जाता है। आपको यह ध्यान रखना होगा कि नहाने के तुरंत बाद नाखूनों पर पन्नी न लगाएं, इससे वे टूट जाएंगे। सर्दियों में नाखूनों को साफ रखना भी जरूरी है। दिन में कई बार अपने हाथ धोने में संकोच न करें।

## सर्दियों में फट गए हैं होठ?

# ऑयल मसाज से मिलेगा आराम

**सर्दियों में वातावरण में नमी के कारण होठों का फटना आम बात है। लेकिन फटे होंठ जहां चेहरे की खूबसूरती बिगाड़ते हैं, वहीं दर्द का कारण भी बनते हैं, इसलिए सर्दियों में होंठों की देखभाल करना बहुत जरूरी है।**

सौंदर्य विशेषज्ञों का मानना है कि क्रीम, बाम या लिपस्टिक के साथ-साथ तेल मालिश भी काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। साथ ही आहार में कुछ बदलाव करके होंठों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। शरीर में विटामिन-ए, सी और बी-2 की कमी से कभी-कभी होंठ फटने और खून बहने की समस्या हो जाती है।



**बादाम और नारियल का तेल**

होठों को फटने से बचाने के लिए आप रोजाना बादाम या नारियल के तेल से अपने होठों की मालिश कर सकते हैं। नारियल का तेल होठों की चमक बढ़ाता है और कालापन भी दूर करता है। नारियल का तेल पौष्टिक और मॉइस्चराइजिंग गुणों से भरपूर माना जाता है। यह त्वचा को मुलायम और कोमल बनाता है। इसे होठों पर लगाने से सूरज की पराबैं गनी किरणों से होने वाले नुकसान से बचाव होता है और त्वचा क्रीम की तुलना में बेहतर सुरक्षा मिलती है।

**अपने खान-पान की आदतें बदलें**

बाहरी सौंदर्य प्रसाधनों की अपेक्षा अपने खान-पान पर अधिक ध्यान दें। आपको खट्टे फल, पका पपीता, टमाटर, हरी पत्तेदार सब्जियां, गाजर, जई और दूध से बने उत्पाद शामिल करने चाहिए। हालाँकि, अगर आपको कोई स्वास्थ्य समस्या है तो डॉक्टर से सलाह लेने के बाद ही अपने आहार में बदलाव करें।

**चेहरे पर साबुन न लगाएं**

अपने होठों पर साबुन या पाउडर का प्रयोग करने से बचें। चेहरे को साफ करने के लिए मुलायम कपड़े का इस्तेमाल करें। होठों की त्वचा पतली और संवेदनशील होती है इसलिए इसे रगड़कर साफ नहीं करना चाहिए।

# सर्दी में रोजाना एक संतरा खाने से शरीर को मिलते हैं ये गजब के फायदे, एक सप्ताह आजमा कर देखिए

**सर्दियों में दिन छोटे होते हैं और ठंडी हवाओं के बीच खान-पान का विशेष ध्यान रखना जरूरी होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों और डॉक्टरों के अनुसार सर्दियों में मौसमी फल जरूर खाने चाहिए। अगर आप सर्दियों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचना चाहते हैं और अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत रखना चाहते हैं तो आपको रोजाना एक संतरा खाना चाहिए। आज हम आपको रोजाना संतरा खाने से होने वाले अद्भुत फायदों के बारे में बताएंगे। 'इंडियन एक्सप्रेस' में छपी खबर के मुताबिक, 'सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल' के 'कंसल्टेंट जनरल फिजिशियन' डॉ। संजय कुमार ने बताया कि सर्दियों में रोजाना संतरा खाने से शरीर को कई फायदे होते हैं।**

### संतरे में विटामिन सी प्रचुर मात्रा में होता है

संतरे में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है जो शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। क्योंकि इसमें सभी प्रकार के पोषक तत्व मौजूद होते हैं। यह इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाने का काम करता है। यह सर्दी और फ्लू से बचाने में भी मदद करता है। इसमें फ्लेवोनोइड और कैरोटीनॉयड सहित विभिन्न एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। शरीर में मुक्त कणों को बेअसर करने में मदद करता है। ऑक्सीडेटिव तनाव से सुरक्षा प्रदान करता है। इसकी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर प्रोफाइल सेलुलर स्वास्थ्य में योगदान देती है और पुरानी बीमारियों को रोकने में दीर्घकालिक लाभ हो सकता है। 'उजाला सिग्नस ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स' की आहार विशेषज्ञ एकता सिंहवाल के अनुसार, सर्दियों में आपके शरीर को पूरे दिन हाइड्रेटेड रखने के लिए रोजाना संतरे खाने चाहिए। क्योंकि इसमें पानी की मात्रा अधिक होती है, जो शरीर में तरल पदार्थ के इष्टतम स्तर को बनाए रखने में मदद करता है।

सिंघवाल ने कहा, उनकी फाइबर सामग्री रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में भी मदद करती है। यह उन्हें मधुमेह रोगियों के लिए फायदेमंद बनाता है।

### क्या सर्दी के मौसम में ज्यादा संतरे खाने से कोई नुकसान होता है?

डॉ. कुमार के अनुसार, संतरे आमतौर पर स्वास्थ्यवर्धक होते हैं, लेकिन बहुत अधिक सेवन से फाइबर की मात्रा के कारण पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त, कुछ चिकित्सीय स्थितियों जैसे कि साइट्रस एलर्जी या किडनी की समस्याओं वाले व्यक्तियों को इसका सेवन सीमित करना चाहिए।



### किन लोगों को संतरा नहीं खाना चाहिए?

किडनी और लीवर की बीमारी वाले लोगों को संतरा नहीं खाना चाहिए। क्योंकि संतरे में पोटैशियम की मात्रा बहुत अधिक होती है। साइट्रस एलर्जी वाले लोगों को हर दिन संतरे खाने चाहिए। हमेशा किसी स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर से परामर्श लें।

## दुर्घटनाग्रस्त की मदद करने वालों को मिलेगा 10 हजार रुपए

पूर्णिया (एजेंसी), जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों औ र मृतकों के आंकड़ों का विश्लेषण, निर्धारित दिवस को हेलमेट एवं सीट बेल्ट विशेष जांच अभियान, हाईवे पेट्रोलिंग, ब्लैक स्पॉट और उसके परिमार्जन की स्थिति, प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रम, सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु एवं उससे संबंधित मुआवजा की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सड़क वाहन दुर्घटना हिट एण्ड रन से संबंधित कुल 45 आवेदन प्राप्त हुए हैं। 40 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान कर जीआईसी से भुगतान हेतु प्रेषित किया गया है। जीआईसी द्वारा अभी तक छह पीड़ित लाभुकों को भुगतान किया जा चुका है। पांच दावेदारों द्वारा आवश्यक कागजात नहीं देने के फल स्वरुप लंबित है। उन्होंने बताया कि उच्च पथ के कुल 27 दुर्घटना स्थलों को चिन्हित किया गया है जहां पर दो और दो से अधिक दुर्घटनाएं हुई हैं। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी एवं नियंत्रण को लेकर संबंधित पदाधिकारी को कई निर्देश दिया गया।

# गोलियों से भूना, लाश को लगाई आग और नदी में फेंका, हवलदार के बेटे की हत्या



**आरा (एजेंसी),** जिले के नवादा थाना क्षेत्र में हवलदार के बेटे की निर्मम हत्या को अंजाम दिया गया। जिसकी लाश घटना के चौथे दिन नदी से बरामद हुई। आरोपियों ने हवलदार के पुत्र ओमकेश सिंह के सिर, सीने और जबड़े में गोली मारी, फिर शव को आग लगा दी। और नदी में फेंक दिया था। गोताखोरों की मदद से पुलिस ने सोमवार की सुबह नगर थाना क्षेत्र के दलपतपुर मौजा स्थित कुड़वां नदी से शव बरामद किया। शव प्लास्टिक के बोरे में बंद था और ईंट से दबाया गया था। उसके चेहरा सहित पूरे शरीर पर जले के निशान थे। गोली मारने का भी जख्म मिला है। गोली मारकर हत्या करने के बाद पहचान छिपाने के लिए जलाने की बात कही जा रही है। 18 वर्षीय स्नातक का छात्र ओमकेश सिंह मूल रूप से बक्सर जिले के कृष्णब्रह्म थाना क्षेत्र के अरक गांव निवासी नागेंद्र सिंह का पुत्र था। ओमकेश सिंह पिछले करीब 14 साल से परिवार के साथ आरा के नवादा थाना क्षेत्र के उमानगर मोहल्ले में किराए के मकान में रहता था। वह शुक्रवार की दोपहर दोस्तों के साथ निकला था। इसके बाद से ही गायब था। दोस्तों पर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। इसे लेकर उसकी बहन की ओर से दोस्तों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी है। हालांकि हत्या का कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। परिजनों की ओर से किसी से विवाद होने से इनकार किया गया है। इधर, पुलिस की शुरुआती जांच में दोस्तों की आपसी विवाद में हत्या की बात सामने आ रही है। फिलहाल उसके एक दोस्त को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। बहरहाल, पुलिस शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की तफ्तीश व आरोपित दोस्तों की गिरफ्तारी में जुटी है।

## सार्जेंट ने बैरक में की आत्महत्या

**भागलपुर (एजेंसी),** पुलिस लाइन में एमटी सार्जेंट (वाहन कोषांग प्रभारी) अभिषेक कुमार ने पुलिस बैरक में ही आत्महत्या कर ली। मंगलवार को दिन में करीब 11.30 बजे महिला थाना के ऊपर बने बैरक के कमरे में उनका शव फंदे से लटका मिला। अभिषेक मूल रूप से गया जिले के रहने वाले थे। वे 2019 बैच के सार्जेंट कैडर के पदाधिकारी थे। घटना की सूचना मिलने पर डीआईजी विवेकानंद, एसएसपी आनंद कुमार, एसपी सिटी अमित रंजन सहित काफी संख्या में पदाधिकारी और पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। डीआईजी ने बताया कि सुबह सवा दस बजे डीएसपी पुलिसलाइन से अभिषेक की बात हुई थी।

# अनियंत्रित ऑटो ने खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मारी, 3 की मौत, 8 जख्मी

**मुजफ्फरपुर (भाषा),** जिले के, फकुली पुलिस चौकी क्षेत्र में मंगलवार को सुबह एक अनियंत्रित ऑटोरिक्शा के सड़क किनारे खड़े एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार देने से, ऑटोरिक्शा पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य व्यक्ति घायल हो गए। फकुली पुलिस चौकी के सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) अनीस कुमार ने बताया कि मृतकों में दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सड़क के किनारे खड़े ट्रक को अनियंतित्र ऑटोरिक्शा ने पीछे से टक्कर मारी। उनके अनुसार, इस हादसे में घायल हुए सभी आठ लोगों



को इलाज के लिए और तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। एएसआई ने बताया कि ऑटोरिक्शा पर सवार ये सभी लोग कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सोनपुर से गंगा स्नान कर अपने जिला सीतामढ़ी लौट रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### हादसे के बाद ट्रक में लगी आग, चालक फरार

**सासाराम (एजेंसी),** शहर के नासरीगंज रोड स्थित डेहरी-बिक्रमगंज मुख्य पथ पर सलेमपुर पुल के समीप सड़क दुर्घटना के बाद ट्रक में आग लग गयी। जिस कारण कुछ समय के लिए अफरा तफरी मच गई। घनी आबादी वाले शहर में भगदड़ मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे।

### जेल में बंद माओवादी की इलाज के दौरान मौत

**मेदिनीनगर (भाषा),** पलामू केंद्रीय कारागार में सजा काट रहे एक माओवादी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 'तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति समिति' (टीएसपीसी) का स्वयंभू कमांडर किसलय सिंह पिछले दो वर्षों से पलामू केंद्रीय कारागार में सजा काट रहा था। टीपीएसपीसी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी)) से टूट कर बना एक संगठन है।

### गिरफ्तार व्यक्ति को भेजा गया जेल

**हाजीपुर (एजेंसी),** दिवा गश्ती के क्रम में एएसआई निशांत आरा ने थाना क्षेत्र के बैकुठपुर गांव से एक बाइक सवार को देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति राजापाकर थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव निवासी रमेश राय का पुत्र प्रमोद कुमार बताया गया है। जप्त देशी शराब 40 लीटर था। अपाचे बाइक के साथ देशी शराब को जप्त कर थाने पर लाया गया और उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर सोमवार को जेल भेज दिया गया है।

### बाइक के साथ चोर गिरफ्तार

**सीतामढ़ी (एजेंसी),** नगर थाने की पुलिस ने एक बाइक चोर को उसके फर्नीचर की दुकान से बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चोर बथनाहा थाना क्षेत्र के टंडसपुर जोका गांव निवासी रामप्रवेश राय के पुत्र राम संजोग कुमार बताया गया है। नगर थाना में परि पुअनि वर्षा कुमारी ने बताया कि चोर के पास से पैशन प्रो बाइक बरामद की गई है। वहीं बाइक का नंबर चेंज कर के चोर ने बदलकर नया नंबर प्लेट लगा दिया है, लेकिन गाड़ी का चेचिस नंबर के मिलान करने से चेचिस नंबर मिल रहा था।उसे उठाकर थाने लाया गया।

### एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**मुजफ्फरपुर (एजेंसी),** मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर रेलखंड के दुबहा स्टेशन पर मंगलवार को एक्सप्रेस ट्रेन के चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान मिश्रौलियां पंचायत के मालपुर चकहजरत गांव के विनोद राम (35) के रूप में हुई। पंचायत के पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि सीताराम राय ने बताया कि वह मजदूरी करता था और हर दिन काम की तलाश में शहर जाता था। सुबह शहर जाने के क्रम में एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

## औरंगाबाद सल्फास कांड में दूसरी मौत, 4 सहेलियों ने खाया था जहर

**औरंगाबाद (एजेंसी),** जिले के कुटुंबा प्रखंड के अंबा थाना क्षेत्र के संडा गांव में सल्फास खाने वाली चार युवतियों में से दो की मौत हो चुकी है। रविवार को मनोज चौधरी की 20 वर्षीया पुत्री लकी कुमारी की मौत हुई थी वहीं सोमवार को जुगेश शर्मा की 19 वर्षीया पुत्री नंदनी कुमारी ने भी दम तोड़ दिया। दो अन्य युवतियों विनय शर्मा की पुत्री 20 वर्षीया पूनम कुमारी और मनोज चौधरी की पुत्री रिया कुमारी का इलाज चल रहा है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। बताया गया कि चारों लड़कियों सहेली हैं। रविवार को मनोज चौधरी के घर में छत पर बैठी हुई थीं। और खाना खा रही थीं। इसी बीच कुछ विवाद हुआ और आवेश में आकर चारों ने बारी-बारी से सल्फास खा लिया। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार कर मगध मेडिकल कॉलेज, गया में भर्ती कराया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि स्थानीय थाना ने घटना की जांच की है।

## भीषण आग लगने से बच्ची की मौत, 4 झुलसे

**हजारीबाग (एजेंसी),** जिले के मालवीय मार्ग स्थित गायत्री टेंट हाउस में आग लगने से एक बच्ची की मौत



हो गई, जबकि चार लोग झुलस गए, जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना में लाखों का सामान राख हो गया। आग लगने की वजह का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि हजारीबाग के मालवीय मार्ग स्थित गायत्री टेंट हाउस में सोमवार रात भीषण आग लग गई। आग पहले टेंट हाउस के ग्राउंड फ्लोर पर लगी। इसके बाद धीरे-धीरे ऊपरी तल पर भी पहुंच गई। तीसरे तल पर करीब दस लोग घरों में फंस गये। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और रेस्क्यू कर पांच लोगों को बाहर निकाला, जिन्हें तुरंत प्राथमिक इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कालेज अस्पताल भेज दिया गया। इस दौरान बच्ची की मौत हो गई और चार लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने बताया कि आग बाजार क्षेत्र में एक निजी आवास में लगी और यह तेजी से आसपास की इमारतों में फैल गयी।

## आरपीएफ जवानों ने बचाई चलती ट्रेन से महिलाओं की जान

**गया (एजेंसी),** गया रेलवे जंक्शन पर जीआरपी और आरपीएफ के जवानों की सूझबूझ से दो महिलाओं की जान बच गई। चलती ट्रेन से उतरते वक्त दो महिलाएं रेलवे ट्रैक में फंस सकती थी, लेकिन प्लेटफॉर्म पर मौजूद जवानों ने महिलाओं को बचा लिया।

घटना उस वक्त की है। जब सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर-7 पर आ रही थी। इसी दौरान ट्रेन से उतरने की हड़बड़ी में दो महिलाएं प्लेटफार्म पर गिरते ही रेल ट्रैक की ओर खींचती चली जा रही थी। तभी वहां ड्यूटी पर तैनात जीआरपी और आरपीएफ के जवानों ने दोनों महिलाओं को अपनी ओर खींच कर लिया। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। इस तरह दोनों महिलाएं प्लेटफार्म से रेल ट्रैक के अंदर जाने से बच गई। पीड़ित महिलाओं से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम शारदा देवी उम्र 55 वर्ष तथा कुसुम देवी उम्र 58 वर्ष बताई। दोनों नवादा की रहने वाली हैं। और बनारस से गंगा स्नान करके लौट रही थीं। दोनों को नवादा जाना था और गलती से गलत ट्रेन में चढ़ गई थी।

# लालू जिंदाबाद सुनते ही भड़के पप्पू यादव



**कार्यक्रम से निकले**

**मधेपुरा (एजेंसी),** जिले में आयोजित अखिल भारतीय यादव महासभा के शताब्दी समारोह में उस वक्त हंगामा हो गया। जब कार्यक्रम के दौरान मंच पर जाप प्रमुख पप्पू यादव भाषण दे रहे थे। इसी दौरान एक शख्स लालू यादव जिंदाबाद के नारे लगाने लगा। जिसके बाद गुस्साए पप्पू यादव माइक थमाकर बीच कार्यक्रम से ही वापस लौट गए। दरअसल वो इस बात से नाराज थे कि उनको बोलने नहीं दिया जा रहा था। और लोग उनकी बात सुन नहीं पा रहे थे। इस दौरान मारपीट की नौबत आ गई। पूर्व सांसद पप्पू यादव सभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान मंच के सामने बैठे एक युवा नेता उठ कर एक लालू यादव जिंदाबाद के नारे लगाने लगा। कई बार मंच से उसे नारेबाजी बंद करने का इशारा किया गया, लेकिन उत्साहित नेता नारेबाजी करने से बाज नहीं आए। इससे नाराज होकर पूर्व सांसद पप्पू यादव ने भाषण को बीच में रोक कर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महासभा के पदाधिकारी को माइक थमा दी। इसके बाद मंच से उतर गए। हालांकि मंच पर मौजूद लोगों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं रुके। पूर्व सांसद पप्पू यादव के मंच से उतरते ही पूर्व सांसद के समर्थक आक्रोशित हो गए। समर्थकों ने नारेबाजी करने वाले उत्साहित नेता की जमकर धुनाई कर दी। काफी मशक्कत के बाद आक्रोशित समर्थकों को शांत कराया गया। इसके बाद कार्यक्रम फिर से शुरू हुआ। इस दौरान कुछ देर के लिए कार्यक्रम बाधित रहा। दूसरी ओर बीएन मंडल स्टेडियम में आयोजित शताब्दी समारोह में आए अधिकांश लोग कार्यक्रम का वीडियो बनाने में जुटे रहे।

## बस से उतरने के बाद युवक की मौत

**भभुआ (एजेंसी),** नगर थाना क्षेत्र के बबुरा पेट्रोल पंप के पास बस से उतरने के बाद एक युवक की मौत हो गई। मृतक 20 वर्षीय राहुल कुमार रोहतास जिले के सासाराम शहर के सराय रोड निवासी विनोद चौधरी का पुत्र था। सूचना पर पहुंचे नगर थाना के पुलिस अफसर एसएन राम ने घटना स्थल पर जांच-पड़ताल करते हुए वहां मौजूद लोगों से मामले में पूछताछ की। पुलिस अफसर ने बताया कि राहुल भभुआ से बस में सवार होकर सासाराम अपने घर जा रहा था। यहां किस काम से आया था, कोई बतानेवाला नहीं है।

## बिजली कटने का डर दिखाकर 15 लाख की ठगी

**पटना (एजेंसी),** राजधानी पटना में प्रीपेड बिजली का मीटर लगने से लोगों को सहूलियत हुई है। तो वहीं, साइबर ठग इसके बहाने लोगों को लगातार ठगी का शिकार बना रहे हैं। शातिरों ने रिचार्ज नहीं करवाने पर बिजली काटने का डर दिखाकर राजा बाजार निवासी दो लोगों से 11.74 लाख की ठगी कर ली। बदमाशों ने अलग-अलग बहाने से कुल सात लोगों के करीब साढ़े 15 लाख रुपए खातों से उड़ा लिए। पीड़ितों ने ठगी की शिकायत साइबर थाने में की है। सभी मामले में 25 नवंबर को मुकदमा दर्ज किया गया है। मोहम्मद सादुल्लाह परिवार के साथ शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के राजा बाजार इलाके में रहते हैं। बीते 21 नवंबर को एक अंजान नंबर से उनके पास फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को बिजली कर्मी बता कहा कि उनके खाते में पैसा खत्म हो गया है। रिचार्ज नहीं करवाने पर बिजली काट दी जाएगी। बिजली कटने का फोन आते ही सादुल्लाह सकते में आ गए। इसी बीच शातिर ने फोन पर एनी डेस्क एप डाउन लोड करा उनसे पांच रुपये भेजने का कहा।

## टेंपो व स्कूटी सवार में टक्कर, 4 घायल

**छपरा (एजेंसी),** मांझी बलिया मुख्य मार्ग एनएच-31 पर बैरिया थाना क्षेत्र के मठ योगेंद्र गिरि के पास टेंपो से टकराकर मांझी के डुमरी गांव निवासी स्कूटी सवार पति-पत्नी और दो मासूम बच्चे घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया जहां उनका प्राथमिक उपचार हुआ। बच्चे की स्थिति खराब देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। हालांकि मौके पर पहुंचे परिजन चारों घायलों को बेहतर उपचार के लिए छपरा सदर अस्पताल लेकर चले गए।

## तीन माह से गायब युवती बरामद

**नवादा (एजेंसी),** थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग गांव से पुलिस ने एक शादीशुदा युवक के साथ एक युवती को हिरासत में लिया। युवती नवादा शहर के एक मोहल्ले की रहने वाली है, जबकि युवक प्रभात कुमार गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र के पचरुखी गांव निवासी राजेश पासवान पुत्र बताया गया है। युवती की मां ने बताया कि छह सितंबर से उनकी 19 वर्षीया बेटी लापता थी। जिसके कारण पूरा परिवार परेशान था। इसी बीच जानकारी मिली कि उनकी बेटी फरकाबुजुर्ग गांव में प्रभात के साथ है। जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी।

# सरकारी स्कूलों में छुट्टियों को लेकर जारी हुए कैलेंडर पर मचा सियासी घमासान

**पटना (एजेंसी),** बिहार के सरकारी स्कूलों में छुट्टियों को लेकर जारी हुए कैलेंडर पर सियासी घमासान मच गया है। जारी हुए हॉलीडे कैलेंडर में छुट्टियों में काफी बदलाव हुए हैं। जिसमें रक्षाबंधन की छुट्टी को खत्म कर दिया गया है। वहीं दिवाली पर एक और छठ पर तीन छुट्टी रहेंगी, जबकि ईद और बकरीद पर तीन-तीन दिन छुट्टी रहेगी। वहीं तीज और जिउतिया की छुट्टी खत्म भी खत्म कर दी गई है। जिसको लेकर अब बीजेपी नीतीश सरकार पर हमलावर है। बिहार बीजेपी के प्रवक्ता निखिल आनंद ने बिहार सरकार ने धार्मिक आधार पर सर्कुलर जारी किया है। हिंदू छात्रों को कम और मुस्लिम छात्रों को ज्यादा छुट्टियां दी गई है। और इसे धार्मिक प्रदूषण करार दिया है। निखिल आनंद ने अपने ट्वीट कर लिखा कि शर्म की बात है कि बिहार सरकार का शिक्षा विभाग युवा मासूम छात्रों के दिमाग को धार्मिक आधार पर प्रदूषित कर रही है। आप सोचें जब एक छात्र को लगेगा है कि आप मुस्लिम हैं तो ज्यादा छुट्टियां होंगी और अगर आप हिंदू हैं तो कम छुट्टियां होंगी। यही नहीं निखिल आनंद ने कहा कि बिहार सरकार ने धार्मिक आधार पर सर्कुलर जारी किया है। सर्कुलर 2393 हिंदुओं और सामान्य स्कूलों पर लागू किया जाएगा, जबकि सर्कुलर 2394 मुस्लिमों और उर्दू स्कूलों पर लागू किया जाएगा। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव बिहार को पाकिस्तान बनाना चाहते हैं और तालिबानी कानून लागू करना चाहते हैं। इससे पहले केंद्रीय मंत्री और बीजेपी सांसद गिरिराज सिंह ने भी नीतीश सरकार को घेरा था। और कहा नीतीश कुमार और लालू यादव को आने वाले समय में मोहम्मद लालू यादव और मोहम्मद नीतीश कुमार के रूप में जाना जाएगा।

## मारपीट के मामले में एक गिरफ्तार

**गिरिडीह (एजेंसी),** बगोदर थाना क्षेत्र के अलगडीहा में 22 नवंबर को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना के एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल भेजे गए अभियुक्त का नाम नाथू मंडल है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी उसके गांव से की है। बता दें कि जमीन विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था, जिसमें दूसरे पक्ष के महिला सहित 6 लोग घायल हो गए थे। घायलों का प्राथमिक इलाज बगोदर सीएचसी में किए जाने के बाद दो लोगों को धनबाद रेफर कर दिया गया था।

## मजिस्ट्रेट ने संभाली जया किशोरी के कार्यक्रम की विधि-व्यवस्था



**भागलपुर (एजेंसी),** श्री गुरुदेव सेवा समिति के तत्वावधान में श्री गोशाला में आज से शुरू 28 नवंबर से होने वाले सात दिनी आयोजन को लेकर छह मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। कार्यक्रम में भारी भीड़ होने की वजह से विधि-व्यवस्था का संधारण आवश्यक है। एसडीओ ने कथा स्थल के मुख्य द्वार, कथा स्थल के पास और कथा स्थल के पास भ्रमणशील रहने के लिए मजिस्ट्रेट की तैनाती 4 दिसंबर तक की है।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, 2 की मौत

**रामगढ़ (एजेंसी),** मांडू थाना क्षेत्र के एनएच- 33 अंतर्गत रिलायंस पेट्रोल पंप के पास मंगलवार सुबह कार ने दो बाइक सवार को टक्कर मार दी। घटना में दोनों बाइक सवार की मौत हो गई। मौके पर पुलिस पहुंच गई है कार और बाइक को जब्त कर ली है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि दोनों युवक 20 माइल के रहने वाले थे।

## चीन में फैली रहस्यमयी बीमारी से रांची के अस्पतालों में तैयारियां तेज

**रांची (एजेंसी),** चीन में फैल रही रहस्यमयी बीमारी को देखते हुए केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने सभी राज्यों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इस बीमारी के भी कोरोना की तरह फैलने की आशंका है। इन सभी संभावनाओं को देखते हुए रांची में स्वास्थ्य विभाग तैयारियों में जुट गया है। रांची जिले के ब्लाक स्तर के अस्पतालों को भी दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि यदि मरीज सामान्य स्थिति में रहे तो उसे सीएचसी और पीएचसी में ही सुविधा दी जा सके। रांची के सिविल सर्जन डा. प्रभात कुमार ने मंगलवार को बताया कि हायर सेंटर के रूप में रिम्स और सदर अस्पताल को रखा जाएगा। यदि मरीजों की संख्या बढ़ेगी तो अन्य जगहों पर भी इंतजाम किए जाएंगे। सिविल सर्जन ने बताया कि कोरोना के दौरान लगाए गए आक्सीजन प्लांट और लिक्विड मेडिकल आक्सीजन प्लांट का भी उपयोग किया जाएगा। पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन सिलेंडर भी रखे जाएंगे।

## पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार किया

**सिवान (एजेंसी),** थाना क्षेत्र के खिरौली गांव में उसे समय अपरा तफरी मच गई जब पुलिस को हथियार के साथ संदिग्ध युवक को महिला और उसकी बेटी के साथ घर में छेड़खानी की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष रामबालक यादव ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि खिरौली गांव निवासी महिला के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार युवक की पहचान दरौली थाना क्षेत्र के खोर गांव निवासी मनीष यादव के रूप में हुई है।

## पुलिस वाहन ने तीन बाइक सवारों को कुचला, मौत

**नालंदा (एजेंसी),** जिले में पुलिस वाहन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा हिलसा अनुमंडल का है। यहां एकंगरसराय थाने की पुलिस जीप ने एक बाइक को टक्कर मार दी। बाइक पर सवार तीन लोगों को कुचलने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसा मंगलवार को हुआ। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने पुलिस जीप में तोड़फोड़ करके आग लगा दी। जानकारी के मुताबिक नालंदा जिले के एकंगरसराय में मंगलवार को पुलिस जीप की टक्कर से तीन लोगों की मौत होने के बाद भारी बवाल मच गया। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों की मौत मौके पर ही हो गई। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने आक्रोश में पुलिस की गाड़ी पर पत्थर बरसाना शुरू कर दिए। इससे गाड़ी के शीशे टूट गए। इसके बाद भीड़ ने जीप को आग के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही हिलसा डीएसपी सुमित कुमार मौके पर पहुंचे। स्थिति को काबू में करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## मेरी राजनीतिक हत्या की कोशिश की गई :चिराग पासवान



**पटना (एजेंसी),** लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि उनकी राजनीतिक हत्या की कोशिश की गई और इस साजिश में राज्य की बड़ी शक्तियों के साथ उनके अपने ही लोग लगे थे। उनकी पार्टी और परिवार को तोड़ने की साजिश की गई। उनके साथ गद्दारी भी की गई। पार्टी के 24 में स्थापना दिवस समारोह में बापू सभागार में समारोह का आयोजन किया गया। चिराग पासवान ने कहा कि बिहार को भूमाफिया, बालू माफिया और शराब माफिया मिलकर चला रहे हैं और इन माफियाओं को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। जदयू के भीम संसद पर हमला बोलते हुए चिराग ने कहा कि 19 वर्षों से जदयू यहां शासन में है, लेकिन उसे कभी दलितों की याद नहीं आई। आज इस मुद्दे पर वह सिर्फ राजनीति कर रहा है। समारोह में पारस गुट की सांसद वीणा देवी भी शामिल हुई।

## गांधी मैदान से टनल की खुदाई इसी सप्ताह होगी शुरू

**पटना (एजेंसी),** गांधी मैदान से पटना जंक्शन मेट्रो स्टेशन के बीच टनल की खुदाई का कार्य इस सप्ताह शुरू हो जाएगा। खुदाई के लिए बीते 19 अक्टूबर को शाफ्ट में टीबीएम नंबर तीन उतारा गया था। गांधी मैदान स्थित अशोक कन्वेंशन सेंटर के समीप बने शाफ्ट में जमीन से लगभग 52 फीट नीचे खुदाई प्रारंभ होगी। इसके पूर्व निर्माण स्थल के समीप कास्टिंग यार्ड से सेगमेंट और रिंग को लाकर रखा गया है ताकि खुदाई प्रारंभ करने के बाद टनल बनाने में इसका उपयोग किया जा सके। इस टीबीएम से गांधी मैदान और आकाशवाणी स्टेशन होते हुए पटना जंक्शन तक 1.45 किलोमीटर टनल (सुरंग) की खुदाई होनी है। इस दौरान टीबीएम को गांधी मैदान से लगभग 966 मीटर खुदाई करने के बाद आकाशवाणी के समीप बाहर निकाला जाएगा।

## दुकान से 13 हजार की चोरी

**धनबाद (एजेंसी),** सिन्दरी थाना क्षेत्र में इन दिनों अपराधी बंद आवास एवं दुकान को निशाना बना रहे हैं। बढ़ते चोरी के वारदात से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल कायम है। रात को चोरों ने शहरपुरा बाजार के व्यस्ततम क्षेत्र नेहरु मैदान के सामने स्थित दवा दुकान गंगा मेडिकल स्टोर्स के छत का एस्बेस्टस सीट तोड़कर दुकान के गल्ले में रखे 13 हजार रुपए चुरा ले गए। डिटोल की चार बोतल भी चोरी कर चलते बने। दुकान के संचालक रणधीर सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह दुकान खोलने पर चोरी का पता चला। चोरी की सूचना सिंदरी पुलिस को दी गई। पुलिस ने निरीक्षण किया। सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखा। परंतु चोरों के चेहरे पर कपड़े थे। थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि चोरों का सुराग लगाया जा रहा है। वे शीघ्र गिरफ्तार होंगे।

यशोभूमि CLASSIFIED
8108110772

JOB चाहिए

ड्रायव्हर चाहिये
कुलाबा / कफ परेड परिसर के आसपास में रहनेवाले मर्सिडीज / BMW चलानेवाले, 20 वर्ष का अनुभव आवश्यक।
संपर्क: पमेला
022-22820202
MUM2023B.2102403197

व्यवसाय
कारोबार करने का सुनहरा अवसर
आप स्वादिष्ट पंजाबी समोसा बनाकर बेचने का व्यवसाय/ कारोबार करना चाहते हो या कोई और (फूड) खाने पीने के आइटम का कारोबार/व्यवसाय जिसका भी आपको अनुभव हो और जिसमे अच्छा मुनाफा हो तो हम से संपर्क करें। जगह और इन्वेस्टमेंट हमारा होगा। आपको केवल होलसेल में पहले भी यह सब काम करने का अच्छा अनुभव होना ज़रूरी है। या और कोई दुसरा और मुनाफेदार व्यवसाय/कारोबार जिसे करने का भी आपको अच्छा अनुभव हो और जिसमें अच्छा मुनाफा हो ऐसे व्यवसाय/ कारोबार का भी आप सुझाव दे सकते हैं।
Mob.: 7738 387 786 / 9702 879
MUM2023B.2102403557

